




# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार


## धनबाद में पीएम मोदी की हुंकार, कहा- सिंदरी कारखाने को शुरू कर पूरी की गारंटी

# जिसने आपका पैसा लूटा, उसे लौटाना होगा

शुभम संदेश टीम। धनबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बरवाअड्डा हवाई अड्डा पर विजय संकल्प महारैली को संबोधित करते हुए कहा कि 2018 में शिलान्यास कर उन्होंने धनबाद की जनता को यह गारंटी दी थी कि सिंदरी खाद कारखाना को पुनः चालू करूंगा, उस गारंटी को आज पूरा कर दिया है. मोदी की गांरटी पर पूरा देश भरोसा करता है. मोदी ने कहा कि सभी ने सोच लिया था कि सिंदरी खाद कारखाना फिर से शुरू नहीं होगा, लेकिन यह मोदी है, जिसने कारखाने को दुबारा शुरू करा दिया. इससे धनबाद के हजारों युवकों को रोजगार के अवसर मिलेंगे. इस खाद कारखाने से पूर्वी भारत के किसानों को बहुत लाभ मिलेगा. पीएम मोदी ने कहा कि पूरे देश में नारा लग रहा है कि अब की बार 400 पार. यह नारा इसलिए लग रहा है क्योंकि पूरे देश को यह पता है कि जो देश के लिए गारंटी की बात कह रहा है, वह बात पूरी हो रही है. क्योंकि मोदी की गारंटी पूरी हो रही है इसीलिए पूरे देश में नारा लगा रहा है कि अबकी बार 400 पार. आप लोगों का स्नेह देखकर के मुझे आप जो तप कर रहे हैं, वह मेरे लिए काम करने की प्रेरणा है और मैं इसे बेकार नहीं जाने दूंगा.

### झारखंड कई गारंटियों का गवाह : पीएम मोदी

पीएम ने कहा कि झारखंड कई गारंटियों का गवाह है, जो पिछले वर्षों में पूरी हुई है, देवघर एयरपोर्ट का शिलान्यास मैंने 2018 में किया, 2022 में लोकार्पण का भी मौका आपने दिया. 2018 में मैंने पहले एम्स के आधारशिला रखी और 2022 में लोकार्पण आपके सेवक मोदी ने किया. झारखंड देश के उन राज्यों में है, जहां रेलवे का पूरा बिजलीकरण हो चुका है. तीन वंदे भारत मिल चुकी है. कुछ दिन पहले ही अमृत भारत योजना के तहत झारखंड के 27 रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर काम शुरू हुआ है.

### धीरज और हेमंत पर साधा निशाना

पीएम मोदी ने कहा कि यहां रंगदारी बढ़ती जा रही. यहां जेएमएम-कांग्रेस नेताओं का एक ही काम रह गया है तिजोरियां भरने का. इन लोगों ने जनता को लूटकर तिजोरी भरने का काम किया है. कैसे से यहां से नोटों की गड्डियां निकल रहीं, पहली बार टीवी पर देखा क्या झारखंड कमाल कर रहा है, पहली बार मैंने नोटों के ढेर देखे. मैं आपको बताना चाहता हूं कि यह आपका पैसा है. आदिवासियों का पैसा है, जिसे लूट लिया गया है. जो आपके खून पसीने की कमाई को लूट लिए हैं,उन्हें जेल जाना पड़ेगा. उन्हें आपका पैसा लौटाना होगा, यह मोदी की गारंटी है. कांग्रेस और झामुमो ने आदिवासियों को सिर्फ वोट बैंक ही समझा है. यहां इतने जनजातीय परिवार हैं, इतने प्रतिभाशाली लोग हैं, ये लोग उन्हें कभी आगे नहीं बढ़ाएंगे. क्योंकि ये परिवारवादी हैं. अपने परिवार की ही सोचते हैं. मोदी जो भी कर रहा है वह आपके भविष्य के लिए कर रहा है आपके बच्चों के भविष्य के लिए कर रहा है.

## सिंदरी में 35,700 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

# पीएम बोले- सिंदरी में मोदी की गांरटी पूरी हुई

संवाददाता। धनबाद



पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को झारखंड दौरे पर थे. यहां सिंदरी में पीएम मोदी ने 35,700 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. मोदी ने कहा कि आज यहां सिंदरी उर्वरक कारखाने का लोकार्पण किया गया है. मैंने संकल्प लिया था कि सिंदरी के इस खास कारखाने को जरूर शुरू करवाऊंगा. ये मोदी की गारंटी थी और आज ये गारंटी पूरी हुई है. मोदी ने कहा कि पिछले 10 सालों में हमने जनजातीय समाज, गरीबों, युवाओं और महिलाओं को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर झारखंड के लिए काम किया है. हमें 2047 से पहले अपने देश को विकसित बनाना है. आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था में से एक है. कल ही अर्थव्यवस्था के जो आंकड़े आए हैं, वो बहुत ही उत्साह भरने वाले हैं. कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनबाद में रोड शो किया.

### पीएम ने राष्ट्र को समर्पित किया हर्ल, स्वदेशी यूरिया उत्पादन बढ़ेगा

पीएम ने सिंदरी स्थित 8900 करोड़ की लागत से विकसित हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड कारखाना (हर्ल) भी राष्ट्र को समर्पित किया. इससे यूरिया क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी. इससे प्रति वर्ष 12.7 एलएमटी स्वदेशी यूरिया उत्पादन बढ़ेगा. जिससे लाभ देश के किसानों को होगा. पीएम मोदी ने 17,600 करोड़ रुपए से अधिक की कई रेल परियोजनाओं को भी हरी झंडी दिखाई. रेल परियोजनाओं में सोन नगर-अंडाल को जोड़ने वाली तीसरी और चौथी लाइन, टोरी-शिवपुर पहली और दूसरी तथा बिराटोली-शिवपुर तीसरी रेलवे लाइन (टोरी-शिवपुर परियोजना का हिस्सा), मोहनपुर-हंसडीहा नयी रेल लाइन, धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन शामिल हैं. इन परियोजनाओं से राज्य में रेल सेवाओं का विस्तार होगा और क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास होगा. प्रधानमंत्री ने तीन ट्रेन को भी हरी झंडी दिखायी. इनमें देवघर-डिब्रुगढ़ ट्रेन सेवा, टाटानगर और बदामपहाड़ के बीच मेमू ट्रेन सेवा (दैनिक) और शिवपुर स्टेशन से ज्यादा डिब्बों वाली मालगाड़ी का परिचालन शुरू करना शामिल हैं.

### मोदी ने 7500 करोड़ की बिजली परियोजनाओं का उद्घाटन किया

इसके अलावा प्रधानमंत्री ने झारखंड में उत्तरी कर्णपुरा सुपर थर्मल पावर परियोजना (एसटीपीपी), चतरा की यूनिट-1 (660 मेगावाट) सहित महत्वपूर्ण बिजली परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित किया. 7500 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित इस परियोजना से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में सुधार होगा. इसके अलावा 'पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान' के अनुसार, मोदी रामगढ़ जिले में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सहायक कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के उत्तरी उरीमारी कोल हैंडलिंग संयंत्र का उद्घाटन किया.

## सिंदरी कारखाना शुरू कराने के लिए सीएम ने जताया आभार

# हर्ल में स्थानीय को रोजगार की गारंटी दें मोदी : चंपाई

संवाददाता। धनबाद

हर्ल कारखाने के उद्घाटन में पहुंचे सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि पीएम ने जो सिंदरी कारखाने को लेकर कहा कि उन्होंने अपनी गारंटी पूरी की, इसके लिए उन्हें आभार. लेकिन अब लोकल लोगों को कारखाने से रोजगार मिले, इसकी भी गारंटी पीएम को देनी होगी. सीएम ने कहा कि सिंदरी में यूरिया का उत्पादन होने से राज्य के किसानों को फायदा होगा. इस दौरान चंपाई ने अपने संबोधन में मजदूरों और किसानों से अपील करते हुए कहा कि वह शिक्षा को बढ़ावा दें ताकि झारखंड का विकास हो सके. सीएम ने कहा कि आज यहां के लिए बड़ा दिन है. पीएम का सिदो-कान्हू, बिरसा की धरती पर स्वागत है. उन्होंने हर्ल कारखाने का उपहार हमें दिया है. प्लांट के उद्घाटन से विकास को नई गति मिलेगी. इस उद्घाटन से धनबाद ही नहीं पूरे राज्य के किसानों को अच्छे मौके मिलेंगे. यहां जो यूरिया पैदा होगी, उसका किसानों से संबंध है. यूरिया प्लांट से लोगों को रोजगार मिलेगा और किसानों को सहायता भी मिलेगी. चूंकि यह क्षेत्र कोयलांचल का है, और यहां छोटे-बड़े किसान भी हैं, यहां की अलग भौगोलिक स्थिति है. किसानों को हर संसाधन आराम से मिलेगा तो वह ज्यादा आराम से बेहतर जिंदगी जी सकते हैं.

### रोजगार के नए अवसर मिलेंगे

झारखंड में खनिज संपदा भरी हुई है, लेकिन खेत खलिहान भी बहुत ज्यादा है. हर तरह से झारखंड को संवारना है. झारखंड आदिवासी बहुल है. झारखंड के लिए जरूरी है कि सिंचाई की व्यवस्था भी बेहतर हो, ताकि इस यूरिया का उपयोग सही ढंग से किया जा सके. चंपाई ने कहा कि झारखंड में पीएम का आगमन हुआ है, तो बहुत बात हम को बताएंगे. सिंदरी प्लांट शुरू होने से हमें बहुत खुशी है. किसान अपने पैर पर खड़े हो सकें, वो ज्यादा कमा सकें. प्रदेश में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे. इससे इलाके में समृद्धि आएगी और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी. उद्घाटन समारोह से पूर्व सीएम को सिंदरी के शाहरपुरा स्थित फुटबॉल ग्राउंड में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. डीजीपी अजय कुमार सिंह , एडीजी संजय आंनद लाटकर, डीआईजी सुरेंद्र झा,डीसी वरुण रंजन, जेएमएम नेता मन्नू आलम, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह,महानाग उपाध्यक्ष रामू मंडल,संगठन सचिव सिंदरी नगर शुभांकर मंडल आदिन ने उनका स्वागत किया.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,000 |
| चांदी (किलो) | 75,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### माधवी मिश्रा बनीं धनबाद की डीसी



**रांची।** 2015 बैच की आईएएस माधवी मिश्रा को धनबाद का डीसी बनाया गया है, जबकि धनबाद डीसी के पद पर पदस्थापित 2015 बैच के आईएएस वरुण रंजन को झारखंड औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम के निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है. इससे संबंधित अधिसूचना शुक्रवार की रात सरकार ने जारी कर दी है.

# बेंगलुरु के कैफे में धमाका, 9 घायल

## सीएम सिद्धारमैया बोले- आईईडी से किया गया ब्लास्ट

एजेंसी। बेंगलुरु

बेंगलूरु के राजाजीनगर स्थित रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार को विस्फोट हुआ है, जिसमें नौ लोग घायल हुए हैं. कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में आईईडी ब्लास्ट हुआ है. यह सिलिंडर ब्लास्ट नहीं था. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रामेश्वरम कैफे में किसी ने एक बैग रखा था.

कैफे में ब्लास्ट की घटना के बाद व्हाइटफील्ड के फायर स्टेशन ने कहा कि हमें फोन आया कि रामेश्वरम कैफे में सिलिंडर विस्फोट हुआ है. हम मौके पर पहुंचे और हालात पर काबू पाने की कोशिश की. डॉग स्क्वॉड के साथ-साथ फॉरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम भी विस्फोट स्थल पर पहुंची और मौके से सबूत इकट्ठा किए. वहीं, रेस्तरां के एक सुरक्षा गार्ड ने बताया, मैं कैफे के बाहर खड़ा था. रेस्तरां में कई ग्राहक मौजूद थे. अचानक जोरदार आवाज सुनाई दी और आग लग गई, जिससे होटल के अंदर मौजूद कई ग्राहक घायल हो गए.

### अचानक हुआ विस्फोट


रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार की दोपहर सबकुछ सामान्य चल रहा था. लोगों की भीड़ लगी थी. लोग अपने खाने का लुत्फ उठा रहे थे, कैफे का



स्टाफ कस्टमर्स को सर्व करने में लगा था. काउंटर पर लोग ऑर्डर दे रहे थे, पेमेंट कर रहे थे. तभी एक जोरदारा धमाका हुआ और शांत माहौल दहशत से भर गया. कैफे में चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई. इस विस्फोट का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. कैफे के अंदर एक बैग में विस्फोटक रखा गया था. सीएम सिद्धारमैया ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति कैफे के अंदर बैग रखते हुए दिख रहा है.

## जगमगा रहा जामनगर : अनंत-राधिका की प्री-वेडिंग में पहुंचे सितारे

# पॉपस्टार रिहाना, धौनी-साक्षी, शाहरुख, इवांका ट्रंप, मार्क जुकरबर्ग जैसे सितारे जामनगर पहुंचे







- हर फील्ड के दिग्गज पहुंचे जामनगर के विवाह मंडप में, वर-वधू को देंगे आशीर्वाद
- देश के साथ विदेश से भी दर्जनों मेहमान, शादी समारोह की अद्भुत मेजबानी से सभी मेहमान गदगद

भाषा। जामनगर

अरबपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट के 'प्री वेडिंग' समारोह में शामिल होने के लिए मेटा के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग सहित भारत और विदेश से विभिन्न क्षेत्रों की दिग्गज हस्तियां गुजरात के जामनगर शहर में पहुंचनी शुरू हो गई हैं. तीन दिवसीय भव्य 'प्री-वेडिंग' कार्यक्रम में पहुंच रहीं इन हस्तियों में मशहूर बॉलीवुड कलाकर, क्रिकेटर, खेल व कारोबार जगत के दिग्गज व राष्ट्राध्यक्ष भी शामिल हैं. अनंत अंबानी जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मुकेश अंबानी के छोटे बेटे हैं, वहीं राधिका मर्चेंट एनकोर हेल्थकेयर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) वीरेन मर्चेंट की छोटी बेटी हैं. अनंत अंबानी कुछ अन्य समूह कंपनियों के अलावा आरआईएल और जियो प्लेटफॉर्म लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक के रूप में कार्य करते हैं.

**अलग से बस गया है नया नगर :** शुक्रवार को शुरू हुआ भव्य 'प्री वेडिंग' समारोह जामनगर शहर के पास आरआईएल की पेट्रोलियम रिफाइनरी के नजदीक स्थित एक आवासीय टाउनशिप में आयोजित किया जा रहा है. अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट ने जनवरी 2023 में सगाई की थी. मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि हालांकि कई शीर्ष हस्तियां और कारोबारी दिग्गज पहले ही जामनगर पहुंच चुके हैं, लेकिन कुछ के आने वाले दिनों में यहां आने की उम्मीद है. इस कार्यक्रम के लिए पहले ही पहुंच चुके लोगों में जुकरबर्ग, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका, क्रिकेटर महेंद्र सिंह धौनी, बैडमिंटन चैंपियन साइना नेहवाल, क्रिकेटर राशिद खान और सूर्यकुमार यादव, पूर्व क्रिकेटर जहीर खान और बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, सलमान खान और रणबीर कपूर शामिल हैं. सूत्रों ने कहा कि पॉपस्टार रिहाना भी जामनगर पहुंच गई हैं और शुक्रवार की रात को उनकी रंगारंग प्रस्तुति भी हुई. लेजर शो भी हुआ.




### धनबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने किया पलटवार

# भाजपा का मतलब 'भरपूर जीयो पूंजीपतियों': सुप्रियो भट्टाचार्य

विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झामुमो और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन पर जमकर निशाना साधा. इसके बाद झामुमो ने भी पीएम और भाजपा पर पलटवार किया है. झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पीएम ने धनबाद की धरती पर खड़े होकर भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कहीं. पीएम मोदी का धनबाद में केवल आगमन ही नहीं हुआ, वरन राजनीतिक प्रवचन भी हुआ. हम सब जानते हैं कि भाजपा का मतलब भरपूर जीयो पूंजीपतियों" है.



#### हिमंता, अजीत पवार, प्रफुल्ल पटेल के बारे में भी कुछ कहते प्रधानमंत्री जी

भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार की बात करते हैं. क्या आप ये कहना भूल गए कि हिमंता बिश्वा शर्मा, अजीत पवार, प्रफुल्ल पटेल, नारायण राणे, बीएस वेदुरप्पा, शुभेन्दु अधिकारी जैसे आपके द्वारा घोषित भ्रष्टाचारी आज आपके पहने हुए टोपी में कैसे दिख रहे थे ? प्रधानमंत्री, आप आदिवासियों की बात करते हैं. कानून व्यवस्था की बात करते हैं. लेकिन मणिपुर के मुद्दे पर कुछ नहीं बोलते. सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मणिपुर क्या किसी अन्य देश का हिस्सा है ? कटुआ आपके लिए गर्व का विषय है क्या ? आपने जिसे बेटी कहा उसकी आबरू पर आपके वीर सांसद ने हाथ लगाया. आप उस हाथ को बड़ा मजबूत समझते हैं क्या ? प्रधानमंत्रीजी आप जिस जगह पर खड़े होकर बात कर रहे थे, वो झारखंड की मिट्टी है, और झारखंड आपके जैसे महाजनी सोच के खिलाफ कई बार खडा हुआ है और उन्हें परास्त किया है, क्योंकि हम सब जानते हैं कि जुल्मी कब तक जुल्म करेगा, सत्ता के गलियारों से. अब जरा-जर्रा गुजर रहा है, परिवर्तन के नारों से.प्रधानमंत्री जी आपने छल-प्रपंच के द्वारा जिस आवाज को जेल में बंद रखा है. उसकी आवाज खुले आसमान में गूंज रही है. आपके कान में एक ही आवाज आती होगी...मैं हेमंत हूं, झारखंड झुकेगा नहीं.

#### खुद वैवाहिक जीवन की गारंटी नहीं निभाने वाले पीएम परिवार को क्या समझेंगे

भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री जी अपने वैवाहिक जीवन की गारंटी ही नहीं निभाई, तो आपको परिवार को क्या समझ होगी ? देश में सबसे अधिक राजस्व देने वाला रेलमंडल चक्रधरपुर है. लेकिन यात्री सुविधा ना के बराबर है.

#### आपको 15 साल कोसने वाले को ही नेता बनाना पड़ा, ऐसी क्या मजबूरी थी

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आप इतनी बड़ी पार्टी के नेता हैं. फिर जिस शख्स ने 15 सालों तक आपको कोसा, राजनीतिक अभद्रता दिखायी, आज उसी को आपको अपना नेता बनाना पड़ा. सुप्रियो ने नाम लिए बिना बाबूलाल मरांडी पर भी निशाना साधा.

#### मधु को चाट कर आप चुनाव जीतने का देख रहे सपना, आप पर वोट का कोड़ा बरसेगा

सुप्रियो ने कहा, प्रधानमंत्री जी आप जितनी भी गारंटी में हों. एक गारंटी झारखंड से भी ले लें कि आगामी लोकसभा में जिस मधु को चाट कर आप चुनाव जीतने का सपना देख रहे हैं, वो काम नहीं आएगा. जनता अपने वोट का कोड़ा आप पर बरसाएगी.

### बिहार की राजबीर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने 11.96 करोड़ का ठेका लिया

# फर्जी कागजात पर पुल बनाने का ठेका लिया, घटिया काम कराया

अमित सिंह। रांची

झारखंड में फैबरीकेटेड दस्तावेज, यानी फर्जी कागजात पर करोड़ों का टेंडर लेने का खेल चल रहा है. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में फर्जी दस्तावेज के आधार पर काम लेने वाली कंपनियों की जांच चल ही रही है, तब तक पथ निर्माण विभाग के दुमका प्रमंडल में 11.96 करोड़ का टेंडर, फर्जी दस्तावेज के सहारे बिहार की राजबीर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने हासिल कर लिया. वह भी प्राक्कलित राशि से 8.76 प्रतिशत ज्यादा पर काम लिया. पुल का निर्माण भी गुणवत्तापूर्ण तरीके से नहीं किया. पथ निर्माण विभाग की जांच में यह बातें सामने आई हैं. जबतक जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होती, तबतक पुल का बनाने की पूरी राशि लेकर कंपनी चली गई. कंपनी ने काम लेने के लिए कागजी कार्रवाई में हेराफेरी की, उसके बाद पुल के निर्माण में गुणवत्ता का भी ख्याल नहीं रखा. इस संबंध में पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है. मामला दुमका का है. पथ प्रमंडल दुमका से इस संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है. कंपनी काम करके अगर चली भी गई होगी, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

#### सीएम के आदेश पर हुई थी जांच

पूर्व विधायक लुईस मरांडी और संवेदकों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिकायत की थी.
शिकायत में बताया गया था कि बनते ही पुल जर्जर हो गया. इसके टेंडर में भी अनियमितता बरती गई है. नियमों को दरकिनार कर पुल का ठेका चहेती कंपनी को दे दिया गया. पुल बनते के साथ जर्जर हो गया. नये पुल की मरम्मत कराई गई. इसके बाद करोड़ों की लागत से बने पुल को डैमेज बता कर बंद कर दिया गया. टेंडर और पुल निर्माण गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच कराने का आग्रह हेमंत सोरेन से किया गया था, जिसके बाद हेमंत सोरेन ने जांच का आदेश दिया था. तब पथ निर्माण विभाग ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी बना कर पूरे मामले की जांच कराई. जांच में कई अनियमितताएं सामने आई हैं.

#### अनुभव प्रमाण पत्र को बताया फैब्रिकेटेड

जांच टीम ने बताया है कि राजबीर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने निविदा प्राप्त किया. संवेदक द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण पत्र काम हासिल करने के उद्देश्य से फैब्रिकेट करने जैसा प्रतीत होता है, जिसकी सत्यता तकनीकी बिड के समय छुपाई गई. इस संबंध में दुमका प्रमंडल से स्पष्टीकरण मांगा गया था, मगर प्रमंडल ने जवाब समर्पित नहीं किया. दूसरी तरफ पुल के निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की गई, जिस वजह से पुल बनने के कुछ ही माह बाद पुन: जर्जर हो गया. पुल निर्माण घटिया स्तर का किया गया था.

#### 8.7% ज्यादा पर फाइनल हुआ था काम

दुमका -भागलपुर सड़क पर दुमका से 12 किमी की दूरी पर भुरभुरी नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण हुआ है. राजबीर कंस्ट्रक्शन कंपनी ने करीब 12 करोड़ रुपए में भुरभुरी पुल का ठेका लिया था. पथ निर्माण विभाग दुमका कार्य प्रमंडल के तहत पुल का टेंडर किया गया था. टेंडर में राजबीर कंस्ट्रक्शन और त्रिवेणी इंजीकांस प्राइवेट लिमिटेड ने भाग लिया था. इसमें राजबीर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को ठेका मिला. 30 माह में पुल का निमार्ण कार्य पूरा करना था.

#### डालटनगंज प्रमंडल से जारी प्रमाण पत्र पर सवाल?

संवेदकों ने सीएम को सौंपे शिकायत पत्र में बताया था कि राजबीर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निविदा में अपलोड किए गए कागजातों का अध्ययन किया गया, तब यह पता चला कि इस एजेंसी ने डिपार्टमेंट को गुमराह कर फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर काम हासिल किया है. बीड डॉक्यूमेंट में (एसबीडी दुमका-1368) क्रम संख्या 2 के अनुसार पांच साल का अनुभव प्रमाण मांगा गया था. इसमें वर्ष 2016-17 से 2020-21 तक के सभी वर्ष का आईटीबी समर्पित करना था. मगर संवेदक ने वर्ष 2015-16 का अनुभव प्रमाण पत्र दिया है. वहीं वर्क डन क्यूटीवाई की प्रति संवेदक से मांगी गई थी, मगर राजबीर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने निर्माण विभाग दुमका में सिमिलर वर्क डन क्वांटिटी से संबंधित प्रमाण पत्र जमा किया था. प्रमाण पत्र वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 का था. जो पथ निर्माण विभाग डालटनगंज से हुआ था.

# छवि रंजन को फिलहाल सुप्रीम कोर्ट से बेल नहीं

संवाददाता ।रांची/दिल्ली

लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की डिफॉल्ट बेल पर सुप्रीम कोर्ट में अब चार सप्ताह बाद सुनवाई होगी. सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की कोर्ट में ईडी की ओर से उपस्थित एएसजीआई ने छवि रंजन की याचिका पर काउंटर एफिडेविट दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया. जिसे स्वीकार करते हुए शीर्ष अदालत ने प्रार्थी को भी जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया. छवि रंजन की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल और अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने बहस की.

**ईडी कोर्ट और हाईकोर्ट पहले ही डिफॉल्ट बेल देने से कर चुका है इनकार :** बता दें कि छवि रंजन ने जिस केस में डिफॉल्ट बेल के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, वह चेशायर होम रोड स्थित भूखंड की खरीद-बिक्री में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है. रांची ईडी की स्पेशल कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट ने छवि रंजन को पहले ही डिफॉल्ट बेल देने से इनकार कर चुका है. इस संबंध में ईडी ने ईसीआईआर 1/2022 दर्ज किया है. छवि रंजन फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं.



#### छवि रंजन की बेल पर हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

रांची। चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री करने के आरोपी निलंबित आईएएस छवि रंजन की बेल पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. छवि रंजन के अधिवक्ता के मुताबिक शुक्रवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने ईडी के अधिवक्ता से मौखिक रूप से पूछा कि आरोपी मनी लाउंड्रिंग में कैसे संलिप्त है?. छवि रंजन की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अभिषेक चौधरी ने बहस की. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई.

# घोटालों की सरकार से झारखंड की जनता को चाहिए मुक्ति : प्रतुल

रांची। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान का जमकर समर्थन किया है, जिसमें उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा का अर्थ 'जमकर खाओ' बताया था. भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जनता तो ऐसे भी झामुमो को 'झारखंड मुद्रा मोचन' पार्टी के रूप में जानती है. प्रतुल शाह देव ने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत के कार्यकाल में 70000 करोड़ का घपला, घोटाला हुआ था. देश के इतिहास में पहली बार एक मुख्यमंत्री 40 घंटे तक फरार था और चंपाई सरकार भी खुद को हेमंत पार्ट-2 सरकार बताती रही है. इससे मुक्ति चाहिए.


#### फार्म-4

(नियम 8, समाचार पत्र पंजीकरण (केन्द्रीय) नियम 1956 के अंतर्गत)

हिन्दी दैनिक
शुभम संदेश
एक सत्य-पथी अखबार

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन स्थल | रांची |
| 2. | प्रकाशन अवधि | दैनिक |
| 3. | मुद्रक का नाम | सुरजीत सिंह |
| | क्या भारत का नागरिक है | हां |
| | पता | लगातार इंफोटेनमेंट, प्राइवेट लिमिटेड, 304-305, समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड रांची-834001, झारखंड |
| 4. | प्रकाशक का नाम | सुरजीत सिंह |
| | क्या भारत का नागरिक है | हां |
| | पता | लगातार इंफोटेनमेंट, प्राइवेट लिमिटेड, 304-305, समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड रांची-834001, झारखंड |
| 5. | संपादक का नाम | संजय सिंह |
| | क्या भारत का नागरिक है | हां |
| | पता | लगातार इंफोटेनमेंट, प्राइवेट लिमिटेड, 304-305, समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड रांची-834001, झारखंड |

6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हो
समाचार पत्र के स्वामी : लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड, 304-305, समृद्धि स्क्वायर किशोरगंज चौक, हरमू रोड रांची-834001, झारखंड

1. सुरजीत सिंह, फ्लैट नंबर - 8डी, हेरिटेज प्रीमियम अपार्टमेंट, सुरेन्द्र नाथ सेंटनेरी स्कूल के सामने, हजारीबाग रोड, पो. बरियातु, जिला- रांची - 834009, झारखंड
2. अनिल कुमार अग्रवाल, इंडियन ऑयल के पास, रातनजी रोड, पुराना बाजार, धनबाद-826001, झारखंड

मैं सुरजीत सिंह एतद द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।

हस्ताक्षर
(सुरजीत सिंह)
(प्रकाशक के हस्ताक्षर)

दिनांक 29.02.2024


### अवैध खनन केस

# भगवान भगत की डिस्चार्ज पिटीशन भी हुई खारिज

संवाददाता ।रांची

#### खास बातें

- प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट कोर्ट का फैसला
- गुरुवार को बहस पूरी हुई थी फैसला सुरक्षित रखा था

साहिबगंज जिले में करोड़ों रुपए का अवैध खनन करने और उन पैसों की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी भगवान भगत को रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट से बड़ा झटका लगा है. अदालत ने उसकी ओर से दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी है. गुरुवार को अदालत ने ईडी और भगवान भगत की ओर से बहस पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा था. ईडी की अब तक की जांच में यह तथ्य सामने आया है कि पंकज मिश्रा सीधी तौर पर अवैध खनन के कारोबार को संचालित कर रहा था. अवैध खनन के पत्थर की ढुलाई में उसे कृष्णा कुमार साहा, भगवान भगत, टिंकल भगत, विष्णु कुमार यादव व अन्य सहयोग करते थे. पंकज मिश्रा और इन अभियुक्तों के बीच लाखों रुपए का लेनदेन भी हुआ है. बता दें कि ईडी ने 6 जुलाई को कृष्णा साहा को और 7 जुलाई को टिंकल भगत और भगवान भगत को गिरफ्तार किया था. इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में हैं. इसी केस के अन्य आरोपी टिंकल भगत की डिस्चार्ज अर्जी भी खारिज हो चुकी है.

#### आईपीएस राकेश रंजन ने जैप 1 कमांडेंट का पदभार किया ग्रहण



रांची। आईपीएस राकेश रंजन ने आज शुक्रवार को जैप 1 के कमांडेंट के पद का पदभार ग्रहण किया. बीती 27 फरवरी को सरकार ने 23 आईपीएस का तबादला किया था. जिसमें चतरा एसपी के पद पर पदस्थापित राकेश रंजन को जैप 1 कमांडेंट बनाया गया. इनके कार्यकाल में भाकपा माओवादी, टीपीसी उग्रवादी और नशे के कारोबार के खिलाफ एक के बाद एक कई बड़ी कार्रवाई की है.

### 5 पुलिसकर्मियों का हत्यारोपी नक्सली गिरफ्तार

# रांची पुलिस के समक्ष इनामी टीपीसी उग्रवादी ने किया सरेंडर

संवाददाता। रांची

रांची पुलिस को दोहरी सफलता हाथ लगी है. एक तरफ रांची एसएसपी चंदन सिन्हा के समक्ष शुक्रवार को एक लाख के इनामी टीपीसी उग्रवादी संतोष गंझू ने सरेंडर कर दिया. रांची पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते पांच पुलिसकर्मियों की हत्या में शामिल 50 हजार रु. के इनामी नक्सली एनम हस्सा पूर्ति को गिरफ्तार किया है. एसएसपी ने अपने कार्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी. टीपीसी उग्रवादी संतोष गंझू की झारखंड पुलिस को लंबे समय से तलाश थी. संतोष के खिलाफ ओरमांझी थाना में दो मामले दर्ज हैं. संतोष ने रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के समक्ष सरेंडर किया.




#### पुलिसकर्मियों की हत्या में शामिल था एनम हस्सा पूर्ति

एनम हस्सा पूर्ति प एनआईए ने 50 हजार का इनाम घोषित किया था. वह भाकपा माओवादी संगठन का सक्रिय सदस्य था, जो पांच पुलिस कर्मियों की शहादत में शामिल था. गिरफ्तार नक्सली ने तिरुलडीह खरसावां थाना क्षेत्र की गस्ती पार्टी पर घात लगाकर हमला किया था. जिसमें पांच पुलिसकर्मियों की शहादत हुई थी. इस नक्सली को तमाड़ थाना क्षेत्र के राडगांव और रंगामाटी इलाके से गिरफ्तार किया गया है. एनम हस्सा तमाड़ क्षेत्र का रहने वाला है. चार साल पहले इसे एनआईए ने गिरफ्तार किया था. बाद में बेल पर छूट कर वापस इसी दस्ते में शामिल हो गया था.

### बिरसा कृषि विवि | चार मार्च तक चलनेवाले मेले में 150 स्टॉल होंगे

# आज से तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला

संवाददाता। रांची

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में 2 से 4 मार्च तक एग्रोटेक किसान मेले का आयोजन किया जाएगा. मेले में 150 स्टॉल लगाए जाएंगे. हर स्टॉल में किसान अपनी-अपनी उपज को दिखाएंगे. मेले में मडुवा पर भी फोकस किया जाएगा. मेले में आधुनिक कृषि और कृषि से रोजगार को प्राथमिकता दी जाएगी. मेले के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. वहीं मेले के समापन में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल होंगे. इस बात की जानकारी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. सुनील चंद्र दुबे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी.



#### रोबोटिक मशीन के बारे में दी जानकारी

डॉ. सुनील चंद्र दुबे ने कहा कि झारखंड खाद्य उद्योग में आत्मनिर्भर है. अब भारत में भी इतनी उपज होती है कि उपजाऊ फसलों को अपनी जरूरत पूरी करने के बाद बेची भी जाती है. उन्होंने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के रोबोटिक मशीन का जिक्र करते हुए बताया कि इसमें सेंसर लगा हुआ है. मशीन उस भूमि पर चलती है, जहां फसल बोई गयी हो. यह बताता है कि कहां पर किस चीज की कमी है और उसे कैसे ठीक किया जा सकता है. किस जमीन में नमी है और कहां की जमीन सूख गयी है. मशीन यह भी बताती है कि फसल में कौन-सी खाद की कमी है. डॉ. सुनील चंद्र दुबे ने बताया कि मार्च महीने में 4 करोड़ की लागत से ड्रोन खरीदा जाएगा. इसके लिए फंड भी स्वीकृत हो चुका है.


CLASSIFIED















राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | शनिवार 02 मार्च 2024 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 07 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~8~~ ● वर्ष : 1, अंक : 314 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




● पीएम की झलक पाने ग्रामीण इलाकों से पहुंची भारी भीड़ ● अहले सुबह से ही लोगों के पहुंचने का सिलसिला हो गया था शुरू

# धनबाद में भीड़ के हस्ताक्षर से मोदी को मिली सत्ता की गारंटी!

**रिजवान शम्स । धनबाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम धनबाद में फिर एक बार सत्ता की ओर बढ़ते कदमों की सशक्त गवाही देकर चला गया. हजारों नहीं लाखों की भीड़ ने इस बात पर हस्ताक्षर कर दिया कि वे करिश्माई प्रधानमंत्री के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं. पीएम की एक झलक के लिए दर्जनों दिक्कतों को भी आसानी से झेल सकते हैं. कई किलोमीटर पैदल चलकर ग्रामीण व शहरी बाशिंदे पीएम को देखने और सुनने के लिए बड़े चाव से पहुंचे थे. राजनैतिक बैकग्राउंड के लोगों की बात ही छोड़ दीजिए, पीएम को सुनने व देखने वालों में काफी तादाद गैर राजनैतिक चेहरों की भी थी. खासकर महिलाएं काफी संख्या में यहां पहुंचीं थीं. ऐसा नजारा शायद ही दिखता है कि कोई राजनेता को देखने व सुनने के लिए इतनी बड़ी भीड़ पूरे जज्बे से पहुंचती हो. ऐसा आजादी के बाद कुछ दशकों तक होता रहा था, लेकिन बाद में नेताओं को भीड़ जमा करने के लिए दूसरे तरह की मेहनत करनी पड़ती थी. यहां भी ऐसा नहीं है कि भाजपा के लोगों ने पीएम की सभा को ज्यादा से ज्यादा लोग देखे और सुनें.. पर मेहनत नहीं की होगी, बावजूद इसके नरेंद्र मोदी के प्रति लोगों का झुकाव का नजारा कुछ और ही इशारा दे रहा है. अहले सुबह से बरवाअड्डा में लोगों का आना शुरू हो गया. जो कार्यक्रम के खत्म होने तक जारी रहा. वैसे भी पीएम के दौरे के बाद सीटें बढ़ने की गारंटी मिल ही जाती है.

**34 द्वारों से सभा स्थल में था प्रवेश :** कार्यक्रम स्थल में होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए उसी स्तर की तैयारियां भी की गईं थीं. कई एम्बुलेंस , पानी टैंकर, मोबाइल शौचालय समेत अन्य सुविधाओं कार्यक्रम स्थल के बाहर तैनात रहीं. वहीं सभास्थल में प्रवेश के लिए कुल् 34 द्वार बनाए गए थे. इनमें 10 प्रवेश द्वार सिर्फ महिलाओं के लिए था. शेष से पुरुष मोदी को सुनने के लिए प्रवेश पा रहे थे. प्रवेश द्वार पर लोगों को कतार में खड़े होकर अंदर प्रवेश करना पड़ रहा था. महिलाओं के सिर्फ आठ प्रवेश द्वार होने के कारण महिलाओं की कतार थोड़ी अधिक लंबी भी देखी गई.



### सुरक्षा के कड़े इंतजाम, छतों पर जवानों की तैनाती

पीएम के दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे. सभा स्थल से लेकर आसपास के मकानों में भी पुलिस बलों की तैनाती थी. तीन दर्जन से अधिक मकान चिन्हित कर इनमें पुलिस को लगाया गया था. वहीं मंच के करीब एसपीजी की टीम मुस्तैद दिखी. जबकि मेमको मोड़ चौक से ही वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा था. मेमको मोड़ और कियान चौक के बाद से वाहनों को अंदर आने नहीं दिया जा रहा था. दो पहिया वाहन भी इसी इलाके में रोक लिए जा रहे थे. दोनों स्थानों पर जिला पुलिस के जवान और पदाधिकारियों को तैनात किया गया था. मेमको मोड़ से लेकर चनचनी कालोनी रोड के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी थी.

### पोस्टर वार का था नजारा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धनबाद दौरे को लेकर यहां पोस्टर वॉर का भी नजारा देखने को मिला. छोटे से लेकर बड़े नेताओं का प्रधानमंत्री के साथ लगा पोस्टर यहां की फिजा में भाजपा की पकड़ को साबित कर रहा था. झंडे, बैनर और पोस्टर तो सभास्थल के एक वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला दिए गए थे. जबकि शहर के प्रमुख चौक–चौराहों पर भी प्रधानमंत्री के बड़े–बड़े पोस्टर लगाए गए थे. मेमको मोड़ से लेकर किसान चौक तो पूरा इलाके पीएम के बड़े–बड़े पोस्टरों से अटा पड़ा था.

### ... और श्रद्धा-सम्मान में उठा दिए थे दोनों हाथ

मोदी सभास्थल पर पहुंच चुके थे और मंच से मोदी जिंदाबाद, अबकी बार 400 के पार, आदि नारों की जुगलबंदी माहौल बना रही थी. मंच संचालक ने पीएम के अभिवादन को लेकर दोनों हाथ उठाकर जयकारा लगाने की अपील की. दूसरी तरफ एक बुजर्ग महिला जो विलंब के कारण मुख्यगेट से तेजी से आगे बढ़ रही थी. जैसे ही उसके कानों में यह आवाज गूंजी कि दोनों हाथ उठाकर मोदी जिंदाबाद कहें, उसने दोनों हाथ उठा लिए और मोदी के जयकारा लगाने लगी. ये देख अन्य लोग भी दोनों हाथ उठाकर मोदी जिंदाबाद के नारे लगाने लगे. यह दृश्य वास्तव में बता रहा है कि पीएम मोदी के प्रति आम लोगों में भी क्या श्रद्धा व सम्मान है.

### काले रंग के कपड़ों का लगा अंबार



काले रंग के सामानों को लेकर सभा स्थल तक जाने पर रोक लगी थी. दो स्थानों पर चेकिंग हो रही थी, बरवाअड्डा परिसर में अंदर जाने के बने प्रवेश द्वार पर सख्त चेकिंग की जा रही थी. यहां से पानी के बोतल, बैग, लेडिस पर्स या किसी भी तरह का सामान अंदर ले जाने नहीं दिया जा रहा था. इसके बाद सभा स्थल पर बने प्रवेश द्वार पर फिर चेकिंग हो रही थी. यहां भी इन चीजों को अंदर जाने नहीं दिया जा रहा था. काले रंग की जैकेट, टी शर्ट, दुपट्टा, शॉल आदि भी यहीं खुलवा लिए गए. काले रंग के इन कपड़ों का तो अंबार लग गया था. तंबाकू, खैनी, गुटखा आदि की भी जांच की जा रही थी.

**निशाने पर मंत्री बन्ना :** अकेला ने की स्वास्थ्यकर्मियों का मानदेय बढ़ाने व स्थायीकरण की मांग

# कांग्रेस विधायकों ने सदन में अपनी ही सरकार को घेरा

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड के कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा में अपनी ही सरकार को घेरा. विधायकों के निशाने पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता थे. विधायक उमाशंकर अकेला ने सदन में राज्य में अनुबंध पर 10 साल से बहाल 2000 एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन, सहिया दीदी और पोषण सखी के कम मानदेय और स्थायीकरण का मुद्दा उठाया. इसपर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि इन कर्मचारियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के एक कार्यक्रम के तहत नियुक्त किया गया था. वाकई इन स्वास्थ्य कर्मियों का पारिश्रमिक कम है. राज्य सरकार सहिया दीदियों को गोल्डन, सिल्वर और ब्राउंज केटेगरी में बांटकर बढ़ा हुआ मानदेय दे रही है. वे इस मुद्दे को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के सामने भी उठाते रहे हैं. राज्य अगर केंद्र सरकार पहल नहीं करती है, तो राज्य सरकार खुद सभी कर्मियों को मानदेय बढ़ाकर देगी.

**तीन महीने में जांच करवाने का आश्वासन :** विधायक लोबिन हेंब्रम ने सदन में पाकुड़ जिला के हिरणपुर अंचल के एक आदिवासी खतियानी रैयत की जमीन दूसरे के नाम किये जाने का मामला उठाया. कहा कि डीसी ने गड़बड़ी की है.

डीड में जो प्लॉट दर्शाया गया है वह जमाबंदी में है ही नहीं. इसपर विभाग की ओर मिले जवाब से विधायक ना नाराजगी जताई और कहा कि सदन को गुमराह किया जा रहा है. इसकी जांच कराई जाए. इसपर मंत्री रामेश्वर उरांव ने 3 महीने में जांच करवाने का आश्वासन दिया.



### एक महीने में होगी बीमा कंपनी के चयन की प्रक्रिया पूरीः स्वास्थ्य मंत्री

विधायक समीर कुमार मोहंती ने राज्य कर्मियों और सेवानिवृत कर्मियों को और उनके आश्रितों को 5 लाख रुपये प्रतिवर्ष स्वास्थ्य बीमा देने का मामला उठाया. सरकार की ओर से मिले जवाब पर नाराजगी जताते हुए कहा कि हर बार वे सवाल उठाते हैं और प्रक्रियाधीन या विचाराधीन बोल कर टाल दिया जाता है. ये ठीक नहीं है. सरकार बताए कितने दिन में प्रक्रिया पूरी हो जाएगी. इसपर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि बीमा कंपनी के चयन की प्रक्रिया चल रही है. बड़ी योजना है इसलिए दे लग रही है. उन्होंने आश्वासन दिया कि एक महीने में चयन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी.

### राजेश कच्छप ने खिजरी में बदहाल स्वास्थ्य सुविधा का मामला उठाया

विधायक राजेश कच्छप ने खिजरी विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक और उप–स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों, नर्सों और दवाओं की कमी का मामला उठाया. स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता राज्य में चिकित्सकों की कमी को स्वीकार किया और कहा कि यह एक राष्ट्रव्यापी मुद्दा है. बन्ना गुप्ता ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्रों को जिला अस्पताल और स्थानीय व्यवस्था के जरिए दवा उपलब्ध कराया जा रहा है. खिजरी विधानसभा क्षेत्र में 14 डॉक्टर और 25 एएनएम स्वास्थ्य सेवा मुहैया करा रहे हैं.

11 बैंकों से 91.80 करोड़ निकाल कर बैंक ऑफ महाराष्ट्र में जमा कर दिये, सालाना 4.50 करोड़ नुकसान

### मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा- जांच कराकर दोषियों पर करेंगे कार्रवाई

माले विधायक बिनोद कुमार सिंह ने सदन में आदिवासी सहकारी विकास निगम के विभिन्न बैंकों में जमा पैसों को निकाल कर बैंक ऑफ महाराष्ट्र में जमा करने का मामला उठाया. विधायक ने कहा कि विभिन्न बैंकों की 11 शाखाओं में निगम के 91.80 करोड़ रुपये के फिक्स्ड डिपॉजिट रखे गये थे. सितंबर 2022 में यह राशि निकाल कर रांची स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र के ब्रांच के बचत खाता में जमा कर दिया गया. इस फिक्स्ड डिपॉजिट से सालाना 7 फीसदी यानी करीब 6.60 करोड़ रुपये मिलते थे, जबकि अभी सिर्फ 3 प्रतिशत के दर से ब्याज मिल रहा है. इससे प्रति वर्ष 4.50 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है. इसपर मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं के लिए राशि बैंक से ट्रांसफर की गई है. बिनोद सिंह ने सरकार से पूछा कि सरकार ने जो राशि बैंक ऑफ महाराष्ट्र में रखी है वह तो खर्च ही नहीं हो रही है. अकाउंट में अभी भी राशि पड़ी हुई है. तो फिर राशि को दूसरे बैंक में ट्रांसफर कर राजस्व को नुकसान क्यों पहुंचाया गया. इसपर दीपक बिरुआ ने आश्वासन दिया कि वे मामले की जांच करवा लेते हैं, गड़बड़ी पाई गई तो दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी.

बिरहोर बच्ची की मौत के मामले में कंपनी ने पल्ला झाड़ा, कहा-

# परियोजना क्षेत्र से बाहर का मामला, प्रशासन मौन

**संवाददाता। रांची/हज़ारीबाग़**

केरेडारी की चट्टी बरियातू पंचायत के पगार गांव के किरण बिरहोर (10) की मौत के मामले में कंपनी ने सीधे अपना पल्ला झाड़ लिया है. ज्ञात हो कि बिरहोर की बच्ची की मौत 28 फरवरी को हुई थी. इसके पिता बीरु बिरहोर और सोहराय बिरहोर ने कहा कि किरण माइंस से उड़ रही धूल गर्दा से बीमार हो गई. इलाज़ के लिए केरेडारी स्वास्थ केंद्र ले गए जहां उचित इलाज की व्यवस्था न होने से वापस लौट गए, फिर किरण की मौत हो गई. कंपनी ने यहां 25 अप्रैल, 2022 को खनन शुरू किया. साथ बॉक्स-कट की खुदाई भी होने लगी, जिससे जुलाई 2022 से कोयला उत्पादन शुरू किया गया था



1 मार्च को छपी थी खबर

**मजदूर कांग्रेस ने मृत बच्ची का पोस्टमार्टम कराने की मांग की :** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला ने कहा है कि एक ओर जहां झारखंड सरकार आदिवासी और बिरहोर के हित में बहुत सारी कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं और उन्हें संरक्षित करने का काम कर रही है. वहीं दूसरी ओर एनटीपीसी के माइंस का जो रवैया है, जिसके कारण आदिवासी और बिरहोर धीरे-धीरे काल के गाल में समाते जा रहे हैं.

अगर एनटीपीसी के द्वारा बिरहोर परिवार को उचित मुआवजा और भविष्य में ऐसा ना हो, इसकी ठोस कदम अगर नहीं उठाया गया तो जल्द ही इसके खिलाफ राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस एक बड़ा आंदोलन करेगी.

एनटीपीसी के जो एमडीओ हैं, रितिक माइंस जिसमें किसी भी तरह का प्रदूषण से संबंधित ना तो कोई नियम का अनुपालन होता है, ना ही माइंस कानून के आधार पर सुरक्षा नियमों का पालन नही होता है.उन्होंने शुभम संदेश में छपी खबरों को भी मुख्यमंत्री को ट्वीट कर दी जानकारी दी है.

### मामले में चट्टी बरियातू कोल परियोजना के एचआर हेड मृत्युंजय से कंपनी का पक्ष लिया

1. **एनटीपीसी के चट्टी–** बरियातू कोल परियोजना के खनन स्थल के नजदीक आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के परिवारों को बिना सुरक्षित बसाए खनन कैसे चालू कर दिया गया?

**एनटीपीसी का उत्तर :** चट्टी बरियातू कोल परियोजना के उत्तरी सीमा के बाहर 34 आदिम जनजाति परिवार निवास करते हैं. यह क्षेत्र धुमरी कोल ब्लॉक के तहत आता है, जिसे एनटीपीसी का कोई सीधा संबंध नहीं है. इसके बावजूद एनटीपीसी चट्टी बरियातू प्रबंधन जिला प्रशासन एवं स्थानीय ग्रामीण प्रतिनिधियों से परामर्श के बाद एनटीपीसी की आर एंड आर कॉलोनी बड़कागांव मे बसाने की कारवाई की. लेकिन आदिम जनजातियों ने मांग की उन्हें वर्तमान स्थल के आसपास बसाया जाय. इसके बाद कंपनी ने जिला प्रशासन व अंचल अधिकारी केरेडारी और वन विभाग के अधिकारी केरेडारी से वैसी वन भूमि जहां की ज़्यादा पेड़ पौधे नहीं हैं, को चिन्हित किया गया बसाने के लिए, जिसे उक्त परिवारों ने भी स्वीकार किया. इसके उपरांत इन परिवारों को वन अधिकार पट्टा दिलाने के लिए प्रबंधन द्वारा कार्रवाई शुरू की गयी. परंतु रेंजर बड़कागांव द्वारा यह प्रस्थाव अस्वीकार कर दिया गया. इसके हाद उनको पुन : वन अधिकार पट्टा के लिए रेंजर बड़कागांव को प्रस्ताव भेजा है.

**सवाल 2.** चट्टी बरियातू परियोजना अंतर्गत आपके एमडीओ ने छोटकी नदी में ओबी डंप कर दिया गया,नदी के प्रवाह को बंद कर दिया गया. इस पर आप क्या कहेंगे?

**उत्तर :–** सरकार द्वारा प्रदान की गई मंजूरी और स्वीकृति के अनुसार परियोजना में खनन का कार्य किया जा रहा है, यह कथन कि चट्टी बरियातू परियोजना अंतर्गत आपके एमडीओ ने छोटकी नदी में ओबी डंप कर दिया गया, नदी के प्रवाह को बंद कर दिया गया यह सरासर गलत है.

**सवाल 3.** एनटीपीसी के चट्टी–बरियातू कोल परियोजना अंतर्गत विस्थापितों को बिना पुर्नवास के घनी आबादी के बीच खनन और ट्रांसपोर्टेशन कैसे चलाया जा रहा है ?

**उत्तर :–** चट्टी कंपनी विस्थापितों का पुनर्वास भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार द्वारा स्वीकृत पुनर्वास एवं पुन :स्थापना निति के अंतर्गत काम कर रही है. ट्रांसपोर्टेशन भी कोयला मंत्रालय भारत सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा तय मानको के तहत किया जा रहा है.

**सवाल 4.** क्या कंपनी के एमडीओ नियम–शर्तों का पालन किए बगैर काम कर रहा , उन्हें यह कैसे करने दिया जा रहा है ?

**उत्तर :–** एमडीओ द्वारा नियम–शर्तों का पालन करते हुए ही खनन का कार्य किया जा रहा.

### शुभम संदेश ने एनटीपीसी प्रबंधन से 4 सवाल पूछे जिनमें से एक का भी स्पष्ट जवाब नहीं मिला

बता दें कि शुभम संदेश ने एनटीपीसी से पहला सवाल यह पूछा था कि उसकी चट्टी- बरियातू कोल परियोजना के खनन स्थल के नजदीक आदिम जनजाति बिरहोर प्रजाति के परिवारों को बिना सुरक्षित बसाए खनन कैसे चालू कर दिया गया ? इसके जवाब में एनटीपीसी ने खनन चालू करने के बाद क्या-क्या उपाय किए जा रहे हैं, उसका विवरण बताया है. जबकि भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार उसे सारी प्रक्रिया खनन के पहले कर लेनी थी.

दूसरा सवाल यह था कि चट्टी बरियातू परियोजना अंतर्गत छोटकी नदी में ओबी डंप कर दिया गया, नदी के प्रवाह को बंद कर दिया गया. इसके जवाब में एनटीपीसी ने राज्य सरकार और भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार खनन किए जाने की बात कही. लेकिन भारत सरकार और राज्य सरकार ने नदियों-जलस्रोतों के बारे में क्या निर्देश था, उसका विवरण नहीं बताया और छोटकी नदी के प्रवाह को बंद करने और ओबी डंप किए जाने से स्पष्ट इनकार कर दिया, जबकि शुभम संदेश ने छोटकी नदी में ओबी डंप गिराए जाने का खबर फोटो सहित प्रकाशित किया था और शुभम संदेश के पास इस बात के पुख्ता प्रमाण हैं कि एमडीओ द्वारा नदी में ओबी डंप किया गया और आज भी अपने खबर पर कायम है. तीसरा सवाल यह था कि एनटीपीसी के चट्टी-बरियातू कोल परियोजना अंतर्गत विस्थापितों को बिना पुनर्वास के घनी आबादी के बीच खनन और ट्रांसपोर्टेशन कैसे चलाया जा रहा है? इसके जवाब में भी इसमें भारत सरकार और राज्य सरकार के निर्देशों के आलोक में किया जाना बताया, लेकिन क्या गाइडलाइन था यह नहीं बताया.

चौथा और महत्वपूर्ण सवाल यह था कि कंपनी को नियम-शर्तों का पालन किए बगैर काम कैसे करने दिया जा रहा है ?

कंपनी नियम-शर्तों को पूरा किए बगैर यह क्यों कहा जाता है कि कंपनी उसे पूरा कर रही है..? नियम-शर्तों को पूरा किए वगैर काम क्यों होने दिया जा रहा है ? इसका भी जवाब उसके द्वारा स्पष्ट नहीम दिया गया...

**सूरत-ए-हाल** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा की कई योजनाएं आज तक धरातल पर नहीं उतर पायीं

# दो बार हुआ एयरपोर्ट का शिलान्यास, देवघर में उड़ रहा जहाज, यहां का पता नहीं

**प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग**

चुनाव के समय बड़ी-बड़ी घोषणाएं की जाती हैं. कही राम जन्मभूमि मंदिर की तर्ज पर मंदिर बनाने की घोषणा, तो कहीं हजारीबाग के लोगों को जहाज से उड़ने के वादे किये जाते हैं. लेकिन हकीकत में कुछ होता नजर नहीं आता. 2024 का लोकसभा चुनाव आते ही फिर से जिले में चुनावी घोषणाएं शुरू हो गई हैं. कहीं करोड़ों की योजना देने की बात कही जा रही है, तो कहीं जिले को सुंदर बनाने की बात कही जा रही है, जबकि सच्चाई यह है कि यह केवल 5 साल से बनायी गयी मनगढ़ंत कहानी है. दरअसल यहां चुनाव आते ही नेताओं की दौड़ शुरू हो गई है और ग्रामीणों से लेकर शहर



वासियों को केवल बड़े-बड़े सपने दिखाए जा रहे हैं. जबकि सच्चाई यह है कि हजारीबाग जिले में पिछली दो बार से हवाई अड्डे का सपना दिखाया गया और शिलान्यास भी कर दिया गया, लेकिन यहां न तो हवाई अड्डा बना और न ही हजारीबाग जिले के लोग जहाज से उड़ सके. हजारीबाग में बनने वाला एयरपोर्ट अब देवघर में तैयार हो चुका है. हजारीबाग के लोगों को बरगलाया जाता रहा. उनसे कहा गया कि हजारीबाग के लोग एयरपोर्ट के लिए जमीन नहीं दे रहे हैं.

यहां तक कि 2019 के चुनाव से पहले हजारीबाग सांसद ने यहां के लोगों के लिए राम जन्मभूमि की तर्ज पर मंदिर बनाने की बात कही थी. इसके लिए कई जगह सांसद ने खुद जमीन का चिन्हित भी की, लेकिन मंदिर नहीं बना और फिर 2024 का चुनाव आ गया. यहां तक की सांसद जयंत सिन्हा ने घोषणा की थी कि हजारीबाग को नॉलेज सिटी बनाया जाएगा, लेकिन 10 वर्षों में भी नॉलेज सिटी नहीं बना पाए. सांसद जयंत सिन्हा ने कहा था कि हजारीबाग को सिलिकॉन सिटी बनाएंगे जो आज तक धरातल पर नहीं उतरा. इस संबंध में विपक्ष कांग्रेस के कार्यकर्ता सुजीत नाग वाला ने भी सांसद पर गंभीर आरोप लगाए हैं. सुजीत नाग वाला ने बताया कि हजारीबाग सांसद सीधे-साधे क्षेत्र वासियों को धोखा दे रहे हैं. वह चुनाव आते ही कभी रेल की बात करते हैं तो कभी मेडिकल कॉलेज की बात करते हैं जबकि रेल से भी यहां के लोगों को विशेष लाभ नहीं है. मेडिकल कॉलेज में हजारीबाग क्षेत्रवासी को कितना लाभ मिल रहा है यह जिले के लोग ही बता पाएंगे.

### 4 साल पहले पड़ी नींव, अब भी बड़कागांव में धर्मशाला बनने का लोग कर रहे इंतजार

बड़कागांव स्थित नापोखुर्द के ग्रामीण 4 वर्षों से धर्मशाला बनने का इंतजार कर रहे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि यहां अगर धर्मशाला बन जाती, तो कई तरह के समारोह होते. गांव के बेटे–बेटियों को शादी, ग्रामीणों की बैठक समेत कई तरह के कार्यक्रमों में यह उपयोग में आता, लेकिन नहीं बना. बता दें कि सांसद जयंत सिन्हा ने 3 अक्तूबर 2019 को इस योजना का शिलान्यास किया था. 15 लाख की लागत से धर्मशाला बनाया जाना था, लेकिन शिलान्यास के बाद उसमें एक ईंट तक नहीं जोड़ी गई. ग्रामीण नाराज हैं, क्योंकि शिलान्यास के बाद आज तक एक ईंट भी नहीं जोड़ी जा सकी है .ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों पर वादाखिलाफी का भी आरोप लगाया. मामले पर बड़कागांव के भाजपा मंडल अध्यक्ष बेचन साव ने कहा कि इस योजना के बारे में किसी को जानकारी नहीं थी. अचानक रांची से पार्टी के प्रचार में आए अशोक कुमार साहू ने नापोखुर्द में 15 लाख की लागत से धर्मशाला बनाने की बात कह सांसद के हाथों शिलान्यास कराया था. उसमें शौचालय, स्नानागार, हॉल समेत सभी सुविधाएं मौजूद रहने की बात कही गई थी. लेकिन, योजना शिलान्यास तक ही सीमित रह गई.

पीडीएस डीलरों से रुपये मांगते वीडियो वायरल हुआ था

# डीएसओ ने आरोपी नजीर को निलंबित करने की अनुशंसा की

**शुभम संदेश खबर का असर**

**सुकेश कुमार। चाईबासा**

खूंटपानी प्रखंड के नाजिर संतोष रजक के विरुद्ध जिला पूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) सुनीला खालको ने कार्रवाई करते हुए निलंबित करने की अनुशंसा की. दैनिक अखबार शुभम संदेश और लगातार न्यूज में खबर प्रकाशित होने के पश्चात डीएसओ ने संतोष रजक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए निलंबित करने की अनुशंसा की अधिसूचना जारी की. 29 फरवरी 2024 को लगातार न्यूज में 'खूंटपानी प्रखंड के नाजिर का पीडीएस से रुपये मांगने का वीडियो वायरल' शीर्षक से एक खबर प्रकाशित हुई थी. इसके पश्चात पदाधिकारी ने यह कार्रवाई की. नाजिर ने डीलरों से स्टॉक/वितरण पंजी में हस्ताक्षर के नाम पर एक एक-एक हजार रुपये की मांग करते हुए वीडियो वायरल हो रही है.

वहीं, नाजिर किसी मैडम का आदेश बता कर रुपये की वसूली कर रहे थे. साथ ही सदर सीओ का संदर्भ देकर ये कहते हुए वीडियो में देखा जा सकता है कि दूसरे जगह इससे अधिक पैसे लेने की बात कह रहे हैं.

### 60 करोड़ रुपये की लागत से बना है गढ़वा के कल्याणपुर में अत्याधुनिक सुविधायुक्त चार मंजिला समाहरणालय भवन

# सीएम चंपाई सोरेन कल गढ़वा में पांच बड़ी योजनाओं का करेंगे उद्घाटन

संवाददाता। गढ़वा

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन तीन मार्च को गढ़वा में 93 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पांच बड़ी योजनाओं का उद्घाटन करेंगे. इनमें नया समाहरणालय भवन, बिरसा मुंडा हेलीपैड, पार्क, बस स्टैंड, टाउन हॉल एवं फुटबॉल स्टेडियम शामिल है. उद्घाटन समारोह की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है. इन पांच योजनाओं के निर्माण से गढ़वा की तस्वीर पूरी तरह से बदल गई है. बता दें कि गढ़वा के कल्याणपुर में नया समाहरणालय भवन का निर्माण 60 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है. अत्याधुनिक सुविधायुक्त चार मंजिला इस समाहरणालय भवन में सेंट्रल विंग के अलावा लेफ्ट विंग, राइट विंग एवं अपर का निर्माण किया गया है. इसमें कुल 15 प्रवेश द्वार, पांच सीढ़ियां एवं चार लिफ्ट लगा है. जबकि दिव्यांगजनों के लिए मेन पोर्टिको के समीप आरामदेह रैंप का भी निर्माण किया गया है. समाहरणालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई है. सभी तल्ले में महिला, पुरुष एवं दिव्यांगजनों के लिए प्रसाधन की अलग-अलग बेहतर व्यवस्था है. इसमें ग्राउंड फ्लोर में 42484, फर्स्ट फ्लोर में 39465, सेकेंड फ्लोर में 33392 तथा थर्ड फ्लोर में 27400 स्क्वायर फीट कारपेट एरिया है. इसमें कॉन्फ्रेंस हॉल, नियंत्रण कक्ष, वेटिंग एरिया की भी व्यवस्था है. लगभग 9 एकड़ भूमि में निर्मित इस समाहरणालय परिसर में आम जनों के लिए दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग तथा पदाधिकारी एवं कर्मियों के लिए प्रत्येक भवन के बगल में अलग से पार्किंग बनाई गई है. दो पुलिस बैरक, कैंटीन, अंडरग्राउंड वाटर टैंक, पंप रूम, 500 केवीए का ट्रांसफर्मर, 200 केवीए का जनरेटर, फायर फाइटिंग, डाटा नेटवर्किंग, सर्विलांस सिस्टम तथा पावरफुल तड़ित चालक लगाया गया है. यह तड़ित चालक आधा किलोमीटर क्षेत्र तक काम करेगा. साथ ही लैंडस्कैपिंग, हॉर्टिकल्चर वर्क, एप्रोच रोड, फूल, पौधे के साथ सुंदर एवं भव्य भवन का निर्माण किया गया है, फूल, पौधे की सिंचाई के लिए ड्रिप इरीगेशन एवं पॉप अप पद्धति की व्यवस्था की गई है.

#### सारी सुविधाओं से लैस है बस स्टैंड

गढ़वा जिला मुख्यालय स्थित सोनपुरवा में नवनिर्मित अंतरराज्यीय बस स्टैंड का निर्माण चार करोड़ रुपए की लागत से किया गया है. यह बस स्टैंड अत्याधुनिक, सर्वसुविधा संपन्न है. इसमें यात्रियों के लिए सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है. बस स्टैंड में एक प्रवेश एवं एक निकास द्वार है. इसमें मुख्य भवन सहित सात टिकट काउंटर, एक इंक्वारी कार्यालय का निर्माण किया गया है. इस परिसर में 48 दुकान का भी निर्माण किया गया है. इनमें 10 दुकान मुख्य भवन में स्थित है. महिला एवं पुरुष के लिए बेहतर शौचालय का निर्माण किया गया है. इसमें एक साथ 20 बसों की पार्किंग की सुविधा है. दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग की अलग व्यवस्था है.



#### छह एकड़ में बना है बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क

जिला मुख्यालय के कल्याणपुर में नवनिर्मित समाहरणालय भवन के ठीक सामने बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क का निर्माण किया गया है. लगभग छह एकड़ एरिया में 15 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस पार्क में हेलीपैड के साथ–साथ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की सात फीट ऊंची आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई है. इस पार्क में बेहतरीन फूल, पौधे, घास, टहलने, बैठने, बच्चों को खेलने, कार्यक्रम करने, शौचालय आदि की बेहतरीन सुविधा उपलब्ध हैं.

#### 7 करोड़ की लागत से बना है स्टेडियम

जिला मुख्यालय स्थित सदर हॉस्पिटल के सामने कन्या मध्य विद्यालय के मैदान में सात करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक सर्व सुविधा संपन्न फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण किया गया है. इस फुटबॉल स्टेडियम में दो गैलरी भवन, एक पवेलियन भवन दो तल्ला का निर्माण किया गया है. गैलरी एक और गैलरी दो में आठ कमरा (प्लेयर्स रूम), दो महिला प्रसाधन, दो पुरुष प्रसाधन तथा दो बाथरूम का निर्माण किया गया है. पवेलियन भवन में जिम, कार्यालय, डाइनिंग हॉल, दो प्लेयर्स लॉकर रूम, एक मल्टीपरपज हॉल के साथ–साथ पवेलियन स्पेस बनाया गया है. इसमें डिप बोर, अंडरग्राउंड वॉटर टैंक एवं ऑटो एरिगेशन पंप हाउस की व्यवस्था की गई है.

#### पूरी तरह अत्याधुनिक है टाउन हॉल

गढ़वा जिला मख्यालय में चिनियां मोड़ के समीप स्थित गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में नीलांबर पीतांबर बहुउद्देशीय सांस्कृतिक भवन (टाउन हॉल) का निर्माण सात करोड़ रुपए की लागत से किया गया है. यह टाउन हॉल पूरी तरह से अत्याधुनिक एवं सर्व सुविधासंपन्न है. टाउन हॉल की लंबाई 24.95 मीटर तथा चौड़ाई 22 मीटर है. यह पूरी तरह से वातानुकूलित हॉल है. इसके ग्राउंड फ्लोर में कैफेटेरिया, प्रबंधक कक्ष, कार्यालय कक्ष, किचेन रूम, प्री फंक्शन एरिया, मल्टीपरपज हॉल, मेल ग्रीन रूम, फीमेल ग्रीन रूम के साथ–साथ महिला, पुरुष एवं दिव्यांग जनों के लिए अलग–अलग प्रसाधन उपलब्ध है. जबकि फर्स्ट फ्लोर में कॉन्फ्रेंस हॉल, लाइब्रेरी, जिम्नेशियम रूम, चेंजिंग रूम का निर्माण किया गया है.

---

## ब्रीफ खबरें

#### कबड्डी प्रतियोगिता के लिए पलामू पुरुष टीम रवाना

**मेदिनीनगर।** 17 वी सीनियर राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता मैं शामिल होने के लिए पलामू की पुरूष टीम कल शाम रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस से जामताड़ा रवाना हुई. टीम में संगम कुमार सिंह, प्रभात कुमार, चिराग सिंह, रिशु कुमार देव, रितिक अग्रवाल ,जयकुमार पासवान, छोटू कुमार, मोहित कुमार, रोशन कुमार, अमित कुमार पाल, सचिन पाल व मोहम्मद सैफ अंसारी शामिल हैं. साथ में कोच सुनील कुमार व मैनेजर सोनू पाल भी गए हैं. प्रतियोगिता 1 से 3 मार्च तक जामताड़ा में होगी.

#### समाज के लोगों को गुमराह कर रहे हैं : विनोद सोनी

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्य अधिवक्ता बिनोद कुमार सोनी ने 3 मार्च को स्थानीय कोयल रीवर व्यू होटल शाहपुर, में स्वर्णकार समाज के जिला कार्यकारिणी गठन को लेकर आयोजित बैठक को फर्जी बताया है. उन्होंने जारी प्रेस बयान में कहा है कि बैठक में पलामू जिला कार्यकारिणी का चुनाव निर्धारित है, लेकिन पलामू जिले के 21 प्रखंड के समाज के लोगों को इसकी जानकारी विधिवत से नहीं दी गई है.

#### लोस चुनाव को लेकर सजग रहने के निर्देश

**पलामू।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कलेक्ट्रेट के ब्लॉक सी के सभाकक्ष और पुराना डीआरडीए भवन में शुक्रवार को एफएसटी (उड़न दस्ता टीम), एसएसटी (स्टैटिक सर्विलांस टीम) और डीएलबीसी का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मौके पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, छत्तरपुर एसडीएम हीरा कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी और सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने ट्रेनिंग दी. इस दौरान एफएसटी टीम को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सजग रहने के भी दिशा-निर्देश दिए गए.

#### सड़क दुर्घटना में दंपती घायल, पति रिम्स रेफर

**चंदवा (लातेहार)।** थाना क्षेत्र के चंदवा-चांपी-लोहरदगा मुख्य पथ पर स्थित डेढ़टंगवा घाटी में शुक्रवार को बाइक सवार दंपती सड़क दुर्घटना में घायल हो गये. दुघर्टना में बाइक चला रहे युवक राजेश उरांव व उसकी पत्नी सीता देवी घायल हो गई है. वहां से गुजर रहे समाजसेवी मो मोज़म्मिल ने अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया. दुर्घटना में राजेश उरांव का एक पैर फ्रैक्चर कर गया है. प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया.

---

### साल 1974-75 में सिंचाई विभाग ने कराया था सड़क का निर्माण

# आखिर! कब बनेगी बरवाडीह-मंडल सड़क



विधायक ने सरकार से की सड़क बनाने की मांग
पिछले 48 सालों में सड़क की मरम्मत नहीं हुई

पैदल चलने लायक भी नहीं

संवाददाता। बरवाडीह, लातेहार

आखिरकार बरवाडीह-मंडल पथ का निर्माण कब होगा, यह एक सवाल लोगों के मन में आज भी है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यह एक चुनावी मुद्दा बन कर रह गया है. पिछले 48 सालों में इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई. आज यह पथ वाहन तो क्या पैदल चलने लायक भी नहीं हैं. हालांकि, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने विधानसभा सत्र में शून्यकाल के दौरान इस सड़क का निर्माण कराने की मांग सरकार से की है. बता दें कि इस सड़क से बढ़नियां, सैदूप, मोरवाई, ततहा, मंडल समेत कई गांवों के ग्रामीण आना–जाना करते हैं. जब मंडल डैम जल विद्युत परियोजना का निर्माण शुरू होना था तो साल 1974–75 में सिंचाई विभाग के द्वारा इस सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था. उसके बाद से आज तक इस सड़क की मरम्मत तक नही हुई.

#### गड्ढों के कारण आए दिन होती रहती हैं दुर्घटनाएं

सड़क पर बने गड्ढों ने ग्रामीणों की तकलीफें बढ़ा दी हैं. आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं. बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है. सड़क तालाब का रूप धारण कर लेती है. जन प्रतिनिधियों ने इस ओर कोई ठोस पहल नहीं किया. हां, कभी कभार प्रेस बयान जारी कर अपने दायित्वों से इतिश्री जरूर कर लेते हैं. ग्रामीणों को आज तक राजनेताओं से सिर्फ कोरा आवश्वासन ही मिला है. मोरवाई पंचायत के ग्रामीणों ने सड़क नहीं बनने पर आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में वोट नहीं देने का निर्णय पहले ही ले चुके हैं.

#### 25 किलोमीटर लंबी यह सड़क पूरी तरह से जर्जर

इस सड़क की लंबाई लगभग 25 किलोमीटर है. जो पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है. यह सड़क छत्तीसगढ़ को जोड़ती है. विधायक रामचंद्र सिंह ने विधानसभा में बताया कि सड़क निर्माण को लेकर पथ निर्माण विभाग के द्वारा डीपीआर तैयार किया जा चुका है. तकनीकी स्वीकृति भी मिल चुकी है. लेकिन अभी तक प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिलले के कारण सड़क निर्माण कार्य अधर में लटका है. आज स्थिति ऐसी है कि बरवाडीह-मंडल मार्ग की 25 किलोमीटर की दूरी तय करने में दो घंटा से भी अधिक समय लगता है.

#### उग्रवादियों ने मशीनों में लगा दी थी आग

ऐसा नहीं है कि सड़क को बनाने की दिशा में पहल नहीं किया गया. साल 2006-07 में इस सड़क की चौड़ीकरण के लिए निविदा निकाली गयी थी. तत्कालीन मंत्री कमलेश सिंह एवं विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा शिलान्यास भी किया गया. कार्य भी प्रारंभ हुआ था. लेकिन लेवी की मांग को लेकर उग्रवादियों ने निर्माण कार्य में लगी जेसीबी मशीन को आग के हवाले कर दिया. काम करवा रहे दो मुंशी का अगवा भी कर लिया गया था. हालांकि उग्रवादियों ने बाद में मुंशी को छोड़ दिया था.

---

#### एक ही प्रखंड में जमे सात पंचायत सचिव स्थानांतरित

**मेदिनीनगर।** जिला पंचायत स्थापना समिति की बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में वैसे पंचायत सचिव जो विगत तीन वर्ष या उससे अधिक एक ही प्रखण्ड में पदस्थापित हैं तथा पारस्परिक स्थानांतरण हेतु प्राप्त अभ्यावेदन पर विचारोपरांत सात पंचायत सचिवों का स्थानांतरण किया गया है. उपायुक्त, पलामू (पंचायत शाखा) से जारी आदेशानुसार महेंद्र राम को चैनपुर से नीलांबर-पीतांबरपुर, विनय कुमार शर्मा को नीलांबर-पीतांबरपुर से पाटन, अजय कुमार सिंह को सदर मेदिनीनगर से पंडवा, विनोद कुमार रवि को हरिहरगंज से नौडीहा बाजार, अजय कुमार तिवारी को ऊंटारी रोड से विश्रामपुर, सूर्यदेव विश्वकर्मा को सतबरवा से छत्तरपुर तथा अखिलेश्वर महतो को छत्तरपुर से सतबरवा स्थानांतरित किया गया है.

#### गांधीपुर शिवरात्रि मेला स्थल की हुई साफ सफाई

**मेदिनीनगर।** शिव मंदिर मेला समिति के तत्वावधान में बबलू पांडेय के नेतृत्व में चैनपुर प्रखंड अंतर्गत गांधीपुर शिवघाट स्थित मेला स्थल की साफ सफाई कराई गई. जेसीबी मशीन लगाकर पूरे मेला स्थल की साफ सफाई का कार्य किया गया है. सदस्यों ने कहा कि इस वर्ष 8 मार्च को आयोजित महाशिवरात्रि मेला ऐतिहासिक होगा. मौके पर भोजपुरी गायिका दीपिका ओझा व गायक धनंजय शर्मा द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी. आयोजन को लेकर मेला समिति का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें मुख्य संरक्षक मंगल सिंह, सुनील सिंह, रामलाल चौरसिया व प्रदीप दुबे, योगेंद्र सिंह को अध्यक्ष, श्यामलाल चौरसिया व संजय पासवान को उपाध्यक्ष, पं. विकास दुबे व मनोज सिंह को महामंत्री, राहुल चौरसिया को कोषाध्यक्ष, दिवाकर दुबे अधिवक्ता, संजीव सिंह व कृष्णा चौरसिया को स्वागताध्यक्ष, अशोक द्विवेदी एवं पंकज दूबे मंच उद्घोषक, संदीप चौरसिया को मीडिया प्रभारी बनाया गया है.

---

## न्यूज अपडेट

#### कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू



**चंदवा, लातेहार।** शहर के सरोज नगर में पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास नव निर्मित सिद्धी विनायक संकट मोचन मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय कार्यक्रम शुक्रवार को शुरू हुआ. शुक्रवार को मंदिर परिसर से एक कलश यात्रा निकाली गयी. कलश यात्रा शहर के मुख्य पथ होते हुए देवनद पहुंची. यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों में जल भरा गया. इसके बाद कलश यात्रा पुन. मंदिर परिसर पहुंची. यहां कलश व वेदी की स्थापना कर पूजा अर्चना शुरू की गयी. कलश यात्रा में काफी संख्या में महिला व कुंवारी कन्या शामिल हुईं. शनिवार को प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण तथा रविवार को प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारे का आयोजन किया जायेगा. आयोजन को सफल बनाने में मोहनीश, विष्णु व नीतिश आदि सक्रिय हैं.

#### खनन प्रबंधक अंजनी सिंह को दी गयी विदाई



**बालूमाथ, लातेहार।** मगध परियोजना कार्यालय में प्रबंधक (खनन) अंजनी कुमार सिंह के कोयला मंत्रालाय में स्थानांतरण होने के बाद विदायी समारोह आयोजित कर उन्हें विदायी दी गयी. अंजनी कुमार सिंह पिछले छह माह से मगध परियोजना में परियोजना के खान प्रभारी का पद संभाल रहे थे. मौके पर परियोजना पदाधिकारी एस सत्यनारायण ने कहा कि अंजनी कुमार सिंह का कार्यकाल मगध परियोजना में संतोषजनक रहा है. उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. परिवहन अधिकारी संजय कुमार बेहेरा ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा की और उन्हें एक मृदुभाषिता व मिलनसार व्यक्तित्व बताया. प्रेषण अधिकारी दया शंकर ओझा समेत कर्मियों ने सिंह के काम के प्रति इच्छाशक्ति, निष्ठा और उनके अनुभवों को शेयर किया.

#### पलामू झामुमो इकाई का रांची में प्रदर्शन



**पलामू।** रांची स्थित बापू वाटिका पर पलामू झारखंड मुक्ति मोर्चा इकाई के नेता और कार्यकर्ताओं ने उपवार रखा. झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उपवास रखा. पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर हेमंत सोरेन को अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तार किया. इसके खिलाफ उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. मौके पर पलामू झामुमो के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि झामुमो के सभी कार्यकर्ता और झारखंड की जनता भाजपा के कुकृत्य से तंग आ चुके हैं. भाजपा केंद्रीय एजेंसियों को तोता बना कर रखी है. ये लोग हेमंत सोरेन से डर चुके हैं. जब झारखंड में पहली बार किसी सरकार ने विकास करने का कार्य शुरू किया तो भाजपा झामुमो की सरकार की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गई और अपने पॉकेट एजेंसियों के साथ मिल कर षड्यंत्र किया.

#### 'क्यों है कोयल काली?' का लोकार्पण 9 को

**मेदिनीनगर।** साहित्यिक संस्था हिन्दी साहित्य भारती झारखंड की तरंग गोष्ठी प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अरुण सज्जन की अध्यक्षता एवं प्रांतीय महामंत्री राकेश कुमार के संचालन में सम्पन्न हुई. गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि संस्था के केंद्रीय मंत्री डॉ कमल कुमार बोस उपस्थित थे. डॉ अरुण सज्जन ने कहा कि नई दिल्ली स्थित हंसराज कॉलेज में आयोजित संस्था के तृतीय राष्ट्रीय अधिवेशन में झारखण्ड के महामंत्री राकेश कुमार की सद्यः प्रकाशित पुस्तक 'क्यों है कोयल काली?' का लोकार्पण 9 मार्च को होगा. गोष्ठी में सर्वसम्मति से श्रीरामचरित स्मारिका हेतु रचना भेजने की अंतिम तिथि 15 मार्च निर्धारित की गई. वहीं, संस्था की उपाध्यक्ष डॉ संगीतानाथ के अमेरिका यात्रा के लिए सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं दी. गोष्ठी के अंत में पलामू जिला उपाध्यक्ष अनुपमा तिवारी के पतिदेव के असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई.

---

# चार साल से कार्यालय की चक्कर काट रही बसमतिया

संवाददाता। बरवाडीह

आदिम जनजाति परिवार की बसमतिया देवी चार साल से दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कार्यालयों के चक्कर काट रही है. लेकिन अब तक उसका दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बन पाया है. प्रमाण पत्र नहीं बनने की वजह से बसमतिया देवी को सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है. इतनी ही नहीं वह ट्राईसाइकिल या बैसाखी जैसे छोटे लाभ से भी वंचित है. प्रमाण पत्र नहीं रहने के कारण उसे किसी प्रकार के पेंशन योजना का भी लाभ नहीं मिल पा रहा है. बता दें कि प्रखंड के मंगरा पंचायत के हेंदेहास गांव निवासी बसमतिया देवी का चार साल पहले एक सड़क दुर्घटना में एक पैर कट गया था.

#### जिला परिषद सदस्य ने कृत्रिम पैर लगवाने का दिया आश्वासन



बसमतिया देवी ने जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर से मुलाकात कर अपनी समस्या को बताया. संतोषी शेखर ने कहा कि आदिम जनजाति परिवार की महिला का पैर पूरी तरह कट जाने के बाद भी इसका प्रमाण पत्र अब तक नहीं बन पाना दुखद है. उन्होंने कहा कि प्रखंड प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से बात कर बसमतिया देवी का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाया जायेगा, ताकि उसे सभी सरकारी लाभ मिल सके. उन्होंने संस्थाओं के माध्यम से कृत्रिम पैर भी लगवाने का आश्वासन दिया.

---

### अधिकारियों के ऑफिस में चक्कर लगा कर थक चुके हैं रैयत

# बड़े 'रोड़े' हैं हाइवे सड़क निर्माण में

संवाददाता। मेदिनीनगर

जिले के सदर प्रखंड के सरजा गांव में फोरलेन सड़क के लिए अधिग्रहण की गई जमीन का मुआवजा नहीं मिलने पर रैयत काफी दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं. इस हाइवे रोड को बनाने में रैयत सरकार और अधिकारियों के लिए रोड़े बने हुए हैं. इसी कड़ी में शुक्रवार को सीओ अमरदीप सिंह के नेतृत्व में एनएच पदाधिकारी सुबोध शर्मा पुलिस-प्रशासन के साथ सरजा गांव पहुंचे और सड़क बनाने के लिए काम शुरू किया, जिसका रैयतों ने जोरदार विरोध किया और काम रुकवा दिया. रैयतों के एक साथ घटनास्थल पर प्रदर्शन करते देख अधिकारी वहां से निकल गए. बता दें कि नेशनल हाइवे-75 पलामू के सतबरवा के भोगु से पलामू के शंखा तक फोरलेन का कार्य हो रहा है. यह फोर लेन भारत माला प्रोजेक्ट का हिस्सा है.

#### हर बार झूठे ही आश्वासन मिले हैं



रैयतों का कहना है कि जमीन अधिग्रहण के कारण बड़ी संख्या में रैयत प्रभावित हो रहे हैं, खेती योग्य जमीन चली गई है, लेकिन उन्हें अबतक मुआवजा नहीं मिला. उन्होंने यह भी कहा कि यदि हमारी सारी समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो हमलोग आंदोलन को और आगे बढ़ाएंगे. हमलोगों को अधिकारियों द्वारा हर बार झूठे ही आश्वासन मिले हैं. हम सभी रैयत अधिकारियों के ऑफिस में चक्कर लगा कर अब थक चुके हैं. रैयतों ने कहा कि अब अत्याचार नहीं सहेंगे अपने हक के लिए हम तब तक आंदोलन करेंगे जब तक हमलोगों को अपनी जमीन का उचित मुआवजा नहीं मिल जाता.

---

**समस्या** पदाधिकारियों की गैर मौजूदगी से समस्याओं का हल निकालना हो रहा मुश्किल


# गारू में बीडीओ-सीओ की पदस्थापना करे सरकार : जीरा

उमेश यादव। गारू, लातेहार

जिला परिषद सदस्या जीरा देवी ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से गारू में पूर्णकालिक प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) और अंचलाधिकारी (सीओ) की पदस्थापना करने की मांग की है. बता दें कि शुभम संदेश ने अपने 28 फरवरी के अंक में गारू में बीडीओ और सीओ का पद रिक्त और विकास कार्य प्रभावित शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी. जिला परिषद सदस्य ने इस खबर पर बातचीत करते हुए सरकार से गारू में पूर्णकालिक बीडीओ और सीओ की पदस्थापना करने की मांग की.

उन्होंने कहा कि गारू प्रखंड क्षेत्र अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र रह चुका है. यहां के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विकास योजनाओं के निरंतर चलते रहने की आवश्यकता है. गारू प्रखंड कई दशकों से नक्सलियों का दंश झेल चुका है.

#### महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने में हो रही कठिनाई



जीरा देवी ने कहा कि इस प्रखंड में लंबे समय से पूर्णकालिक बीडीओ और सीओ की पदस्थापना नहीं हुई है. वर्तमान में ये दोनों पद प्रभार में चल रहा है. जीरा देवी ने कहा कि इस प्रखंड में अधिकारियों के नहीं रहने के कारण केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं और उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के लिए आवंटित विशेष आर्थिक पैकेज को धरातल पर उतारने में कठिनाई हो रही है. जिप सदस्य ने कहा कि वह आदिवासी बहुल क्षेत्र का वह प्रतिनिधित्व करती है. आये दिन कर्मचारियों की मनमानी के शिकार ग्रामीण अपनी समस्या लेकर उनके पास आते हैं. बीडीओ व सीओ की गैर मौजूदगी में उनका हल निकलना मुश्किल हो रहा है. ऐसे में राज्य सरकार को उनके हित में आदिम जनजाति बहुल क्षेत्र में पूर्णकालिक अधिकारियों की पदस्थापना करनी चाहिए.

---

# आंगनबाड़ी केंद्र बंद, कैसे संवरेगा बच्चों का भविष्य

संवाददाता। बरवाडीह/लातेहार

बरवाडीह प्रखंड के चुंगरू गांव के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-एक में हमेशा ताला लटका रहता हैं. इस कारण बच्चों को पोषाहार भी नहीं मिल पा रहा है. पढ़ाई पर तो ध्यान है ही नहीं. दो वर्षो से अधिक समय से स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी शिकायत प्रखंड के संबधित विभाग के पदाधिकारियों से कर रहे हैं लेकिन आज तक लापरवाह आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका पर किसी प्रकार की कोई कारवाई नहीं हुई.

**हमेशा ताला लटका रहता है:** पंचायत के मुखिया बलदेव परहिया ने बताया कि कई वर्षो से आंगनबाड़ी केंद्र के बंद रहने की शिकायत मिल रही हैं. हमने भी महीनों में कई बार इस केंद्र का निरीक्षण किया है. लेकिन हमेशा ताला लटका मिलता हैं. महीना में एक दो दिन ही सेविका यहां आती है. उन्होंने कई बार नियमित केंद्र खोलने की बात सेविका को कही है, लेकिन वह नजरअंदाज करती आ रही हैं. ग्रामीणों की शिकायत पर गुरुवार को सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद चुंगरू पहुंचे और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया. ग्रामीणों ने बताया कि केंद्र कभी खुलता ही नहीं है.



सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि केंद्र में नौनिहालों की पढ़ाई के साथ प्रतिदिन पोषाहार खिलाना होता है. केंद्र बंद रहने नौनिहाल पोषाहार से वंचित रह जा रहे हैं. उन्होंने मामले की शिकायत सांसद सुनील सिंह और उपायुक्त गरिमा सिंह से करने की बात कही हैं.

▼ ब्रीफ खबरें

### विस में गूंजा कोवाली-डुमरिया सड़क का मुद्दा

**डुमरिया।** कोवाली डुमरिया भाया भागाबांधी सड़क निर्माण कार्य में हो रही देरी के मामले को विधायक संजीव सरदार ने बजट सत्र के छठे दिन शुक्रवार को विधानसभा में उठाया. सड़क निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने की मांग की. प्रश्न काल के दौरान विधायक ने कहा कि पोटका और डुमरिया की जीवनरेखा मानी जाने वाली कोवाली डुमरिया भाया भागाबांधी सड़क निर्माण कार्य पांच वर्षों में पूरा नहीं किया गया है. बरसात में सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन जाते हैं. इस सड़क में गड्ढे होने के कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं.

### नए थाना प्रभारी का किया गया स्वागत

**डुमरिया।** डुमरिया थाना में पदस्थापित थाना प्रभारी सुगना मुंडा का स्वागत माझी पारगाना माहाल अष्टकोशी डुमरिया के द्वारा शुक्रवार को किया गया. जिसमें क्षेत्र के बारे में विचार विमर्श साथ आपसी संबंध बनाए रखने पर भी चर्चा की गई. मौके पर परगना बाबा लखन मार्डी, माझी बाबा लक्ष्मण हांसदा, जयपाल सिंह मुर्मू, दिकू बेसरा, उपेन सोरेन, अर्जुन मुर्मू, दिलीप हांसदा, शंकर सोरेन, जोसेन मुर्मू, गालू मुर्मू आदि उपस्थित थे.

### सीओ ने बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त किया

**गुड़ाबांदा।** गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला सच्चिदानंद महतो ने बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया है. स्वर्णरेखा नदी रेडुआ घाट से अवैध रूप से बालू परिवहन किया जा रहा था. बालियापोषी के पास अनुमंडल पदाधिकारी ने इन वाहनों को जब्त किया. विदित हो कि स्वर्णरेखा नदी से ट्रेक्टर के माध्यम से बालू का अवैध कारोबार किया जा रहा है. इन घाटों की नीलामी नही होने के कारण सरकार को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो रहा है. वंही बालू की कमी से आवास और अन्य विकास योजनाएं प्रभावित हो रही है. अवैध बालू कारोबारी ऊंची कीमत पर बालू बेच रहे हैं.

### लालबाबू सरदार ने दिया पद से इस्तीफा

**आदित्यपुर।** कांग्रेस की सिंहभूम सांसद रही गीता कोड़ा के पार्टी छोड़ भाजपा का दामन थामने से आहत सांसद प्रतिनिधि लालबाबू सरदार ने पद से इस्तीफा देते हुए कहा है कि वे कांग्रेस पार्टी के सिपाही थे और आगे भी रहेंगे. उन्होंने कहा कि गीता कोड़ा ने उन्हें श्रम नियोजन विभाग की जिम्मेवारी सौंपी थी, जिसमें उन्होंने कई मजदूरों की समस्याओं को निबटारा किया, लेकिन अब सांसद हो नहीं रही तो इस पद पर बने रहने का कोई औचित्य नहीं रह जाता है. उन्होंने कहा कि आगे पार्टी और संगठन की जो भी जिम्मेदारी मिलेगी उसका वे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे.

### स्कूल से किताब चोरी करते युवक गिरफ्तार, गया जेल

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर स्थित एस एन हाई स्कूल से किताब चोरी करते बंतानगर के एक युवक को चोरी के किताब के साथ गिरफ्तार कर आरआईटी पुलिस ने जेल भेजा है. थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को थाना कांड संख्या-21/24, दिनांक-29/02/24 को भादवि की धारा-379/411/34 के तहत कांड के प्राथमिक अभियुक्त रामकृष्ण सिंह मुंडा, उम्र-32, पिता -गुरु पदो सिंह मुंडा, पता- बंतानगर, थाना- आरआईटी जिला- सरायकेला-खरसावां को चोरी किये गए किताब के साथ गिरफ़्तार कर जेल भेजा गया है.

कॉलेज ऑडिटोरियम में शाम-ए-गजल सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

# करीम सिटी कॉलेज में सजी सुरों की महफिल, बांधा समां

**आनंद मिश्रा। जमशेदपुर**



जमशेदपुर के साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था स्पार्क (सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर) के 20 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को कॉलेज ऑडिटोरियम में शाम-ए-गजल सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील अर्बन सर्विसेस के प्रमुख जीरेन टोपनो, विशिष्ट अतिथि टाटा स्टील सस्पोर्ट्स डिवीजन के हेड डॉ हसन इमाम मालिक और कॉलेज के सचिव व पूर्व प्राचार्य डॉ मोहम्मद जकरिया शामिल हुए. अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने स्वागत भाषण किया. इस क्रम में उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन पर स्पार्क तथा स्पार्क के को-ऑर्डिनेटर डॉ यहिया इब्राहिम को बधाई दी. साथ ही कहा कि स्पार्क हमारे कॉलेज का एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो पिछले 20 सालों से अपने छात्र-छात्राओं के अंदर छुपी कलात्मक प्रतिभाओं को उभार कर उन्हें कलाकार बना रहा है. विशिष्ट अतिथि डॉ मलिक तथा मुख्य अतिथि ने भी सभा को संबोधित किया और स्पार्क की गतिविधियों की प्रशंसा की.

#### तीन विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

समारोह में कॉलेज और शहर का नाम रोशन करने वाले तीन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. इनमें एमकॉम की समन ईरम और एमए मनोविज्ञान की छात्रा सना परवीन और बीएससी फिजिक्स के छात्र ऋतिक ठाकुर शामिल हैं. एमकॉम की समन ईरम पीजी की ओवरऑल टॉपर रही हैं और एमए की छात्रा सना परवीन मनोविज्ञान विषय में टॉपर रही हैं. वहीं, बीएससी फिजिक्स ऑनर्स के छात्र ऋतिक ठाकुर यूजी में ओवरऑल टॉपर रहे हैं.

#### पेश की गईं मनमोहक गजलें

शाम-ए-गजल के नाम से सजी महफिल में सबसे पहले शहर के गजल गायक अजय राय ने गौहर अजीज की लिखी गजल गाकर समां बांध दिया. उनके बाद धृतिमान मंडल, सुजाता भाद्रा, इंद्रनील पाल एवं आंचल सिंह, सौरव चौधरी तथा आयुष मित्रा ने बारी-बारी से मनमोहक गजलें पेश कीं. कार्यक्रम के समापन पर डॉ मोहम्मद जकरिया तथा कॉलेज के संगीत शिक्षक पंकज झा ने भी अपनी प्रस्तुति दी. कार्यक्रम में तबले पर प्रदीप स्वैन, कीबोर्ड पर अरुण थापा, रिदम पर दीपक साहू, बांसुरी के साथ अशोक दास ने संगत की.

कोड़ा दंपती भाजपा से आए और भाजपा में गए, इसमें आश्चर्य नहीं

# परिपक्व राजनेता बनने की ओर अग्रसर विधायक सोनाराम

**शैलेश सिंह। किरीबुरु**



कांग्रेस पार्टी झारखंड की एक मात्र सांसद गीता कोड़ा के भाजपा में शामिल होने के बाद झारखंड में अपना डैमेज कंट्रोल करने में युद्ध स्तर पर लगी है. इसी के मद्देनजर केंद्रीय पर्यवेक्षक का दौरा एवं प्रदेश से लेकर जिला स्तर पर कांग्रेस संगठन की अलग-अलग बैठक आयोजित की गई. पश्चिम सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी की आपात बैठक चाईबासा में हुई, जिसमें जिले के एकमात्र कांग्रेस विधायक सोनाराम सिंकु, पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता एक साथ पार्टी को मजबूत बनाने, कोड़ा दंपती के भाजपा में जाने से कांग्रेस पार्टी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने की बात कही गई. बैठक में कहा गया कि कोड़ा दंपत्ती भाजपा से आए और भाजपा में चले गए, इसमें आश्चर्य करने जैसी कोई बात नहीं है. चाईबासा बैठक में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता एक जुट में दिखे. साथ ही जिला के एक मात्र विधायक सोनाराम सिंकु की बात से सहमत दिखे. सोनाराम सिंकु के बारे में अब तक यहीं कहा जाता रहा है कि वह कोड़ा दंपती के रहमो करम से विधायक बने तथा वह उनके करीबी हैं. लेकिन, चाईबासा में आयोजित बैठक में विधायक सोनाराम सिंकु का जो तेवर व रुख जिसने भी देखा, वह यहीं कह रहा था कि सिंकु कोड़ा दंपती से अलग अब कांग्रेस से ही अलग राजनीति प्रारंभ कर परिपक्व राजनेता बनने की ओर अग्रसर होंगे. बता दें कि इस बैठक में दबी जुबान से कोड़ा दंपती के नजदीकियों को पार्टी से निकाले जाने की भी बात हो रही थी. अधिकांश कार्यकर्ता और पदाधिकारी जिला अध्यक्ष को शक के निगाह से देख रहे थे. जिला अध्यक्ष को कोड़ा दंपती के एजेंट के रूप में देखा जा रहा था.

**झारखंड में कांग्रेस पार्टी मुख्य घटक दल :** विधायक ने कहा कि झारखंड में महागठबंधन की सरकार है, कांग्रेस पार्टी मुख्य घटक दल है. हम लोगों का दायित्व है कि हम चंपाई सोरेन की सरकार को मजबूत बनाये एवं उनके नेतृत्व में संचालित तमाम प्रकार की जन विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं और जनता को लाभ दिलाने का कार्य करें. उन्होंने कहा कि पिछली हेमंत सोरेन सरकार का पार्ट टू चंपाई सोरेन सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है.

#### कोई आया गया, उस पर ध्यान मत दीजिए: सिंकु

बैठक में सोना राम सिंकु ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कोई आया गया, उस पर ध्यान मत दीजिए. पार्टी को मजबूत बनाने का काम कीजिए. एक दूसरे की टांग खींचने का काम मत कीजिए. सभी को सम्मान दीजिए. कांग्रेस पार्टी अगर लोकसभा सीट में अपना उम्मीदवार देगी तो तन, मन, धन से जिताने के लिए हर संभव प्रयास करना है. आगामी लोक सभा चुनाव में महागठबंधन के प्रत्याशी को हर हाल में जीताना है. विधायक सोनाराम सिंकु ने कहा कि मैं एक आंदोलनकारी हूं. आंदोलन के दौरान 18 महीने तक ओडिशा के चम्पुआ जेल में रहा. मेरी मानसिकता झारखंडी जनता के अनुरूप है. मैं कांग्रेस पार्टी की टिकट से चुनाव लड़कर विधायक बना हूं, मैं कांग्रेसी हूं और कांग्रेसी ही रहूंगा. कोई कुछ भी बोले आप हमसे बात कीजिए.

**खास बातें**

- चाईबासा में हुई जिला कांग्रेस कमेटी की आपात बैठक
- बैठक में पार्टी को मजबूत बनाने पर की गई चर्चा

#### विधायक ने स्टेडियमों के निर्माण के लिए मंत्री को लिखा पत्र

**किरीबुरु।** पश्चिम सिंहभूम जिले के एक मात्र कांग्रेस विधायक सोनाराम सिंकु ने झारखंड सरकार के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री को पत्र लिखकर जगन्नाथपुर प्रखंड अन्तर्गत गोरियाडुबा में एक आर्चरी स्टेडियम का निर्माण तथा पूर्व में चयनित कर भेजा गया अनुमंडल व प्रखंड स्तरीय तमाम स्टेडियमों का निर्माण जल्द कराने की मांग की है. विधायक के पत्र पर संज्ञान लेते हुए उक्त मंत्रालय के मंत्री ने पश्चिम सिंहभूम के उपायुक्त को पत्र प्रेषित कर शीघ्र उक्त स्टेडियम का निर्माण कराने का आदेश दिया है.

### महिला कॉलेज में चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**चाईबासा।** महिला कॉलेज चाईबासा के बीएड मल्टीपर्पस हॉल में शुक्रवार को लोकसभा आम चुनाव 2024 हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. मतदाता प्रतिज्ञा ली गई. इलेक्ट्रोल लिट्रेसी क्लब के मास्टर ट्रेनर जगबंधु दास ने जागरुकता कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराया. तत्पश्चात वीडियो के माध्यम से विमेन वोटर्स, थर्ड जेंडर वोटर्स इत्यादि के बारे में बताया गया. उन्होंने 1950 टॉल फ्री नंबर की जानकारी दी जिसके द्वारा कोई भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और साथ ही शिकायत दर्ज कर सकते हैं. उन्होंने सक्षम ऐप, फॉर्म 6, फॉर्म 7 की जानकारी दी. आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर ने बताया कि जिला निर्वाचन कार्यालय पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के द्वारा छात्राओं के बीच जागरूकता लाने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है.

### जेडीयू जिला कमेटी ने मनाया सीएम नीतीश का जन्मदिन

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार के नेतृत्व में पार्टी के सर्वमान्य नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 73वां जन्मदिन केक काटकर मनाया. जेडीयू कार्यकर्ता देर शाम जिलाध्यक्ष के आवासीय कार्यालय एम आई जी 2/1 में जुटे और जन्मदिन मनाया. जिसमे जिला उपाध्यक्ष के अलावा शंकर बहादुर, अशोक घोष, रविशंकर शर्मा, अमर बहादुर, लव नारायण राय, धनंजय कुमार एवं पार्टी के सदस्यगण मनीष कुमार रजक, अमर कुमार, बंटी सिंह, ज्ञानेंद्र, विमल बेसरा, शिवम कुमार, मुकेश गोस्वामी आदि मौजूद थे.

मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की मांग

# बिजली विभाग के कनीय अभियंता पर लगे आरोप

**दिलीप कुमार। चांडिल**

पातकोम दिशोम माझी पारगाना महाल के महासचिव सह विस्थापित नेता श्यामल मार्डी ने चांडिल थाना में लिखित आवेदन देकर बिजली विभाग के कनीय अभियंता व अन्य पर घर की महिलाओं के साथ गाली-ग्लौज करने, अभद्र व्यवहार करने का कारोप लगाते हुए मामले की जांच करने का आग्रह किया है. आवेदन पत्र में उन्होंने बताया कि वे पिछले 10-12 वर्षों से बिजली का उपभोग करते आ रहे हैं. इसके लिए उन्होंने वैद्य कनेक्शन भी लिया है. उनके घर में विभाग की ओर से बिजली का मीटर नहीं लगाया गया है. बीते 22 फरवरी को बिजली विभाग के कनीय अभियंता, सुपरवाइजर और लाइन मैन उनके घर पहुंचे और बिजली बिल बकाया रहने की बात कही. इस पर उन्होंने कहा कि बिल नहीं मिलने के कारण वे भुगतान नहीं कर सके हैं, बिल देने पर भुगतान कर दिया जाएगा. इसके बाद विभागीय कर्मी उनके अनुपस्थिति में शाम को वापस लौटकर आए और उनका आधार कार्ड मांगा. इसके बाद बिजली का कनेक्शन काट दिया. बिजली कनेक्शन काटने का विरोध करने पर विभागीय कर्मियों ने महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया. श्यामल मार्डी ने कहा कि दूसरे दिन कार्यालय पहुंचकर उन्होंने इसका कारण जानना चाहा तो कनीय अभियंता ने कहा कि उनका बात नहीं माना तो बिजली चोरी के आरोप में उसे जेल भेजवा देंगे.

**खास बातें**

- महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया
- बिजली का कनेक्शन काट दिया गया

### सीओ ने बैठक कर चुनाव संबंधी दिए दिशा-निर्देश

**घाटशिला।** लोक सभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को सीओ निशात अंबर में प्रखंड के 121 बीलओ के साथ बैठक कर चुनाव संबंधी कई दिशा निर्देश दिया. सीओ ने बीएलओ से कहा कि लोक सभा के चुनाव की तैयारी अंतिम चरण में है, ऐसे में बीएलओ को जिम्मेदारी सबसे अधिक है. चुनाव में बीएलओ को किस प्रकार काम करना है, इसी को लेकर आज की बैठक आयोजित की गई है. बैठम में मतदान के पूर्व मतदाओ को घर घर जाकर पर्ची का वितरण कैसे करना है, जो वोटर क्षेत्र में नही है, उनकी अनुपस्थिति सूची कैसे बनानी है. सीओ ने कहा कि दिव्यांग वोटर एवं 80 साल के उपर के वोटर को चिन्हित करना है, ताकी मतदान के दिन उनको प्राथमिकता के आधार पर कैसे सभी सुविधा देकर मतदान केन्द्र तक लाया जाय, इस बात को गंभीरता से लेना है. सीओ ने कहा कि आगामी 4 मार्च तक प्रखंड सभी बुथ पर विशेष अभियान का संचालन कर मतदाता सूची को मतदाता के नाम के साथ मिलान करके उन्हें भरोसा दिलाना है.

# लोस चुनाव शांतिपूर्ण कराना प्राथमिकता रहेगी: डीआईजी



**संवाददाता। किरीबुरु**

पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय, चाईबासा के प्रकोष्ठ में नव पदस्थापित पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज रतन चौथे ने कोल्हान रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक के पद पर योगदान दिया. चौथे भारतीय पुलिस सेवा के 2010 बैच के पदाधिकारी हैं. इससे पूर्व वे पुलिस उप महानिरीक्षक विशेष शाखा झारखंड के पद पर पदस्थापित थे. पदभार ग्रहण के उपरांत पुलिस उप महानिरीक्षक कोल्हान रेंज मनोज रतन चौथे ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि कोल्हान रेंज के तीनों जिले में आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संचालित करना प्राथमिकता रहेगी विशेष रूप से चाईबासा जिला उग्रवाद ग्रसित होने के कारण चुनाव संचालित करना एक चुनौती रहेगी. उसपर विशेष रूप से नजर रखा जाएगा. जमशेदपुर और सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर क्षेत्र अर्बन जनसंख्या बहुल क्षेत्र है, उसमें अर्बन क्राइम दर पर विशेष नजर रखा जाएगा. उन्होंने कहा कि कोल्हान रेंज के तीनों पुलिस अधीक्षक से आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए बेहतर पुलिसिंग की जाएगी. नव पदस्थापित पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कहा कि जल्द ही कोल्हान रेंज के तीनों पुलिस अधीक्षक के साथ आगामी चुनाव के मद्देनजर रिव्यू मीटिंग का भी आयोजन किया जाएगा.

**सौगात** टाटा-बादामपहाड़ के बीच चलने वाली चौथी ट्रेन शुरू, लोगों को मिलेगा लाभ

# पीएम ने टाटा-बादामपहाड़ पैसेंजर ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**रोहित कुमार। जमशेदपुर**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को धनबाद के सिंदरी से कई योजनाओं का शिलान्यास (ऑनलाइन) किया. वहीं टाटानगर से बादामपहाड़ के लिए चलने वाली मेमू पैसेंजर को भी हरी झंडी दिखाई. इसको लेकर टाटानगर प्लेटफार्म नंबर 1 पर एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था. स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 से ट्रेन यात्रियों को लेकर रवाना हुई. यह टाटा-बादामपहाड़ के बीच चलने वाली चौथी ट्रेन है.

**मजदूरों और व्यापारियों को मिलेगा लाभ :** मौके पर मौजूद एआरएम अभिषेक सिंघल ने बताया कि इस ट्रेन के चलने से व्यापारियों और मजदूरों को लाभ मिलेगा. इसके पूर्व जो ट्रेनें चलती थी वह सुबह चलती थी. यह ट्रेन शाम 6 बजे टाटानगर से खुलेगी और रात 9.05 बजे बादामपहाड़ पहुंचेगी. यही ट्रेन रात 9.15 बजे बादाम पहाड़ से खुलेगी और रात 11.30 बजे टाटानगर पहुंचेगी. इस ट्रेन के चलने से टाटा और बादाम पहाड़ के बीच शाम को भी कनेक्टिविटी बढ़ जाएगी.

मौके पर मुख्य रूप से बीजेपी जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू समेत अन्य लोग मौजूद रहे.

**खास बातें**

- यह ट्रेन शाम 6 बजे टाटानगर से खुलेगी
- टाटा और बादाम पहाड़ के बीच कनेक्टिविटी बढ़ेगी

### कोल्हान मानवाधिकार संगठन का 18वां स्थापना दिवस रविवार को होगा

**आदित्यपुर।** कोल्हान मानवाधिकार संगठन का 18वां स्थापना दिवस रविवार को गायत्री शिक्षा निकेतन स्कूल में दोपहर 12 बजे से समारोह पूर्वक मनाया जाएगा. यह जानकारी संगठन के प्रवक्ता अनिल कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान सेवा सदन अस्पताल के अध्यक्ष दिलीप गोयल, विशिष्ट अतिथि टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी, और गायत्री शिक्षा निकेतन स्कूल के निदेशक सत्य प्रकाश सुधांशू होंगे. समारोह में स्कूली बच्चों का खेलकूद प्रतियोगिता और महिलाओं के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा. आयोजन की तैयारी में अध्यक्ष जेपी सिंह, जीएन सिंह, विवेक शर्मा, वीबीएस राव आदि सक्रिय रूप से लगे हैं.

न्यूज अपडेट ▼

### बिजली बिल वृद्धि के खिलाफ सीएम का पुतला फूंका



**किरीबुरु।** सारंडा मंडल भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष प्रफुल्लो महाकुड़ के नेतृत्व में तथा भाजपा जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष चंदन झा के निर्देशानुसार भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ाजामदा के दिरीबुरु में बिजली दर की बढोत्तरी के खिलाफ मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का पुतला फूंका. भाजपा नेताओं ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार ने सारंडा मंडल समेत पूरे झारखण्ड के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बिजली की प्रति यूनिट 35 पैसे से लेकर 50 पैसे की बढ़ोत्तरी से जनता पर भारी बोझ पडेग़ा. झारखण्ड की जनता पहले से हीं बेरोजगारी व पलायन का दंश झेल रही है. रोजगार का कहीं कोई व्यवस्था या उपाय नहीं दिख रहा है. इसपर बिजली दर में वृद्धि गरीब जनता को परेशान करने वाली है.

### शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकाली कलश यात्रा



**गुड़ाबांदा।** गुड़ाबांदा के सिंहपुरा में शुक्रवार को बाबा शक्तिश्वर शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलशयात्रा निकाली गई. कलशयात्रा स्वर्णरेखा नदी भाखर घाट से सिंहपुरा के लिए 3 किमी दुरी तय की गई. कलशयात्रा में मुख्य रूप से जनप्रतिनिधि पंचायत समिति सदस्य पुष्पा महतो, पुर्व मुखिया बिणापानी माण्डी, पूर्व पसंस पुर्णिमा महतो, वार्ड सदस्य पद्मावती कर्मकार, रूकुण महतो, जयंती महतो, डोली महतो, ग्राम प्रधान फनींद्र महतो, भुषण चंद्र महतो, अजित महतो, झारेश्वर महतो, धरणीधर महतो, हरीश चंद्र महतो, सौरभ महतो, रवीन्द्र नाथ महतो, प्रफुल्ल महतो समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए. कलश यात्रा के दौरान अशोक महतो, सजीत महतो आदि ने हरी नाम प्रस्तुत किया.

### मध्य विद्यालय सुंदरनगर में सेवानिवृत शिक्षक को दी विदाई



**जमशेदपुर।** मध्य विद्यालय सुंदरनगर के शिक्षक पार्थ प्रतिम सरकार पिछले गुरुवार को सेवानिवृत हुए. इसके मद्देनजर शुक्रवार को विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विदाई गीत प्रस्तुत करते हुए अपने प्रिय शिक्षक को विदाई दी. समारोह की अध्यक्षता मध्य विद्यालय करनडीह के प्रधानाध्यापक शांति सोरेन ने की. इस अवसर पर संकुल साधन सेवी संजय कुमार ने कहा कि सेवानिवृति सरकारी परंपरा है. एक न एक दिन सभी को सेवानिवृत होना है, लेकिन बच्चों को बेहतर शिक्षा देंगे तो वे हमेशा याद रखेंगे. समारोह का संचालन दुर्गा मुर्मू ने किया. इस अवसर पर संकुल साधन सेवी शंकर गोप एवं विजय गोपाल जाना, भारती जाना समेत विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षक-शिक्षिकाएं, रसोईया मालहो बेसरा तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

### सरायकेला जिले के नए एसपी बने मनीष टोप्पो



**आदित्यपुर।** जिले के नए एसपी के रूप में आईपीएस मनीष टप्पो ने शुक्रवार को सुबह साढ़े आठ बजे पदभार ग्रहण किया. उन्होंने निवर्तमान एसपी डॉ विमल कुमार से पदभार ग्रहण किया. इससे पूर्व एसपी मनीष टोप्पो का निवर्तमान एसपी डॉ विमल कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. मौके पर चांडिल एसडीपीओ, सरायकेला एसडीपीओ आदित्यपुर, गम्हरिया, सरायकेला सहित कई थाना प्रभारी मौजूद रहे. पदभार सौंपने के बाद निवर्तमान एसपी डॉ विमल कुमार ने अपने अल्प अवधि के कार्यों को बेहतरीन उपलब्धि बताया और कहा कि कम समय में उन्होंने अपने अधिकारियों के बल पर अच्छी उपलब्धि हासिल की है. यहां काम करके अच्छे अनुभव के साथ जा रहा हूं यहां सभी का भरपूर सहयोग मिला.

### होमगार्ड्स का पदभार ग्रहण किए डीआईजी अजय लिंडा



**किरीबुरु।** डीआईजी अजय लिंडा ने आज होम गार्ड्स एवं फायर सर्विसेज का पदभार ग्रहण किये. इससे पहले वह डीआईजी कोल्हान के पद पर थे. बतौर कोल्हान डीआईजी एवं उससे पहले पश्चिम सिंहभूम जिला के पुलिस अधीक्षक रहते हुये नक्सलियों के खिलाफ सारंडा, कोल्हान एवं पोड़ाहाट के जंगलों में निरंतर अभियान चलाकर नक्सलियों का आधार इलाका को सीमित कर दिये थे. अनेक नक्सलियों की गिरफ्तारी, बडे.बडे.बंकर व स्थायी, अस्थायी कैंप को ध्वस्त करने का कार्य किये. उनके कार्यकाल में झारखंड व ओडिशा से झारखण्ड के रास्ते होने वाली लौह अयस्क की तस्करी पुरी तरह से बंद रही, जो आज तक बंद है. अजय लिंडा ने नक्सल प्रभावित गांवों में अपना बेहतर सूचना तंत्र को मजबूत कर रखा था, जिससे नक्सली बैक फूट पर आने को मजबूर हुये.

### प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखा रहे हैं सारंडा के बच्चे



**किरीबुरु।** सेल की गुआ खदान प्रबंधन द्वारा सीएसआर योजना के तहत छोटानागरा पंचायत एवं मानकी-मुंडाओं के सहयोग से जोजोगुटू मैदान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबौल और अन्य खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन छः गांवों के सैकड़ों महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा को दिखाया. आज बच्चों के बीच दौड़ का शुभारम्भ सारंडा पीढ़ के मानकी लागुड़ा देवगम, मुंडा कानुराम देवगम, मुंडा कुशु देवगम ने सीटी बजाकर किया. आज पुरुष व महिलाओं के अलग-अलग ग्रुपों के बीच 100, 200, 500, 1000 मीटर दौड़, मेढ़क रेस, बिस्कुट रेस, चम्मच-गोटी रेस, चप्पल रेस, थ्री लेग रेस, सुई-धागा, हंडी फोड़, तीरंदाजी, म्यूजिकल चेयर, साइकिल रेस जैसे प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है.

### डैम रोड में खुला आजसू पार्टी का नगर कार्यालय



**चांडिल।** चुनाव नजदीक आते ही आजसू पार्टी में रेस पकड़ने लगी है. जगह-जगह आजसू पार्टी का कार्यालय खोलने के साथ लोगों के साथ मिलने और बैठक आदि करने पर अधिक जोर दिया जा रहा है. चांडिल प्रखंड के चिलगु और नीमडीह प्रखंड के रघुनाथपुर में स्थायी कार्यालय खोलने के बाद अब चांडिल बाजार डैम रोड में शुक्रवार को आजसु पार्टी का नगर कार्यालय खोला गया. डैम रोड स्थित लक्ष्मी टेंड हाऊस परिसर में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने नारियल फोड़कर और फीता काटकर कार्यालय का विधिवत उद्‌घाटन किया. इस अवसर पर क्षेत्र के कई नेता व प्रबुद्ध लागरिक उपस्थित थे.

### लोस चुनाव को लेकर एसडीपीओ ने की बैठक, दिए निर्देश



**घाटशिला।** एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर ने शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में अनुमंडल के कई थाना के थाना प्रभारी और इंस्पेक्टरों के साथ लोक सभा चुनाव के सफल संचालन को लेकर बैठक किया. बैठक के दौरान एसडीपीओ ने कहा कि लोक सभा चुनाव को कैसे भयमुक्त और साफ सुथरा माहौल में काराया जाय, इसको लेकर सबसे बड़ी जिम्मेदारी पुलिस की ही होती है. चुनाव के दौरान असमाजिक और शरारती तत्त्व पर विशेष निगरानी रखने की जरुरत है. उन्होनें कहा कि मतदान के पूर्व और मतदान के दिन पोलिंग पार्टी को पुरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ कलस्टर और बुथ तक ले जाना पुलिस के लिए चुनौती रहती है, इसलिए इस चुनौती से निबटने के लिए जिम्मेदारी पूर्वक अपनी ड्यूटी करेंगे.

### जनता दरबार में समस्याओं का हुआ निष्पादन



**आदित्यपुर।** डीसी सरायकेला ने शुक्रवार को सप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से व्यक्तिगत एवं समाजिक समस्याओं के निराकरण किए. डीसी रवि शंकर शुक्ला ने लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए. शुक्रवार को सप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों से वे क्रमवार मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं. जिसपर संज्ञान लेकर कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया. जनता दरबार में मुख्य रुप से भूमि संबंधित मामले, सुरक्षा के दृष्टिकोण से खरकई पुल के पास हातिल बिल्डिंग आदित्यपुर के पास स्ट्रीट लाइट स्थापित करने, जबरन भूमि कब्जा कर बेदखल करने समेत विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए हैं.

▼ ब्रीफ खबरें

### बच्ची को बरामद कर अभिभावक को सौंपा

**रामगढ़ ।** रामगढ़ थाना में अभिभावक द्वारा अपनी बच्ची को बेचे जाने संबंधित शिकायत पर जिला प्रशासन, रामगढ़ एवं बाल कल्याण समिति ने इसे गंभीरता से लिया. इस पर कार्रवाई करते हुए बच्ची को बरामद कर लिया. वहीं बाल कल्याण समिति द्वारा बच्ची को अपनी कस्टडी में लेने के बाद उसके अस्वस्थ होने के कारण सदर अस्पताल, रामगढ़ में इलाज कराया. उसके बाद शुक्रवार को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी शांति बागे सहित बाल कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न दस्तावेजों एवं तथ्यों को देखने के बाद बच्ची को उनके माता-पिता को सुरक्षित सौंपा गया.

### ऑफलाइन मोड में ही निकाली गई निविदा

**हजारीबाग ।** भवन निर्माण प्रमंडल के द्वारा सरकार के आदेश का उल्लंघन कर ऑफलाइन मोड में निविदा आमंत्रित की गई थी. जिसमें 1 मार्च 2024 को परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि निकली गई थी. परंतु विभाग द्वारा विपत्र पत्र न बेच सरकार को लाखों का नुकसान दिया जा रहा है. इस संबंध में संवेदक विपिन कुमार मां गायत्री इंटरप्राइजेज ने बताया कि भवन निर्माण के द्वारा जितने भी निविदा निकली जाती है. जिसमें एक से दो ही बीयूके दिया जाता है और एभव शेड्यूल कर अधिकारी अपने चहेतों को कार्य आवंटन करते हैं. विभाग द्वारा कभी भी परिमाण विपत्र पत्र नहीं बेचा जाता है, जिससे सरकार को लाखों का नुकसान होता है.

### मुखिया संघ ने दिया एकदिवसीय धरना

**हजारीबाग ।** जिला मुखिया संघ ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता की अध्यक्षता में सात सूत्री मांग को लेकर एकदिवसीय धरना दिया. जिसमें मांग पत्र के माध्यम से मांग किया गया कि निलंबित किए गए मुखियागणों के वित्तीय सभी पावर अविलंब वापस किया जाए. ग्रामसभा के माध्यम से चयनित लाभुकों को अबुआ आवास को प्राथमिकता दी जाए. मुखिया पर न्यायिक रूप से आरोप गठित होने के बाद ही वित्तीय शक्ति जब्त की जाए.

### झामुमो ने नरकी चौक में निकाला न्याय मार्च

**विष्णुगढ़ ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा बिष्णुगढ़ प्रखंड समिति कार्यकर्ताओ द्वारा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समर्थन और केंद्र सरकार के विरोध में नरकी पंचायत के सरना स्थल से न्याय यात्रा निकाली गई. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी एवं संचालन प्रखंड सचिव संजय प्रजापति के द्वारा किया गया. इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड झारखंडियों का कुर्बानी का देन है. तभी झारखंड हम लोगों को मिला है.

### महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक

**बड़कागांव ।** बड़कागांव प्रखंड में महाशिवरात्रि पूजा शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल एवं संचालन जिप प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम ने किया. बैठक में उपस्थित लोगों ने महाशिवरात्रि को लेकर विशेष चर्चा की एवं शांतिपूर्वक पूजा करने पर विचार विमर्श किया. इस दौरान बड़कागांव महुदी पहाड़ बुढ़वा महादेव में मेला एवं पूजा पर विशेष चर्चा हुई.

डीआईजी सुनील भास्कर की सख्ती से अपराधियों से लेकर अवैध कारोबारियों तक में खौफ

# आम जनता पुलिस को अपना साथी समझें : डीआईजी

**प्रमोद उपाध्याय । हजारीबाग**

**प्रशासन सख्त**

- अपराधियों एवं अवैध कारोबारी की सूची हो गई है तैयार
- जनता 9431706131 पर कॉल कर सकती है

हजारीबाग रेंज के डीआईजी के रूप में कार्यरत सुनील भास्कर के कुछ ही दिन हुए हैं, लेकिन उनकी कार्यशैली से अपराधियों से लेकर अवैध धंधे में शामिल कारोबारियों में हड़कंप है. अपनी ड्यूटी के प्रति गंभीर डीआईजी दफ्तर में बैठने की बजाय क्षेत्र में घूम कर सीधे पुलिस और जनता से संवाद कर रहे हैं.

इससे अधिकारी से लेकर कर्मचारी भी सजग हैं. कोई सूचना मिलते ही वह तुरंत कार्रवाई करते हैं. बहुत ही कम समय में जिले में नशीला पदार्थ कारोबारी की कमर तोड़ कर रख दी है. यहां तक की गोली चलाकर दहशत फैलाने वाले कई अपराधियों को भी सलाखों के पीछे भेज चुके हैं. यही कारण है कि जिले में आज उनका नाम सभी की जुबान पर चढ़ा हुआ है. हर जगह उनकी चर्चा है. इसे लेकर शुभम संदेश के संवाददाता प्रमोद उपाध्याय ने उनसे खास बातचीत की. इस दौरान डीआईजी सुनील भास्कर ने कहा कि सरकार और पुलिस मुख्यालय का निर्देश है कि संगठित अपराध पर लगाम लगे और आमलोगों को न्याय मिले. इन दोनों बिंदुओं पर उनकी नजर है और रहेगी. कहा कि आम जनता पुलिस से दूर नहीं रहे, बल्कि पुलिस को अपना साथी समझे. पुलिस और जनता के संबंध अच्छे रहे तो अपराध पर लगाम लगाया जा सकता है. कहा कि जनता सीधा उनके सरकारी नंबर 9431706131 पर कॉल कर अपनी समस्या बता सकती है या फिर इसी पर वाट्सएप भी किया जा सकता है.

**बैठक में लंबित कांडों की समीक्षा की जाएगी**

लोहरदगा, पाकुड़ और जामताड़ा के बाद रांची में भी प्रभारी डीआईजी के रूप सुनील भास्कर का काम काफी अच्छा रहा है. डीआईजी के रूप में हजारीबाग आने के बाद उनकी अपनी प्राथमिकता भी यही है. बताया कि रेंज के अधीन जिलों के एसपी के साथ जल्द बैठक कर यह समीक्षा होगी कि कितने कांड लंबित हैं. कितने में अनुसंधान पूरा हुआ, किसमें गिरफ्तारी हुई और किसकी क्या स्थिति है. कहा कि इसकी विस्तृत पड़ताल होगी, तभी अपराध पर भी अंकुश लग पाएगा. भास्कर ने कहा कि वहीं आगामी चुनाव को लेकर संवदेनशील बूथों, अति संवेदनशील बूथों और सुरक्षा बल की जरूरत, पूर्व के चुनावों में गड़बड़ी करनेवालों पर कार्रवाई का मुद्दा इसमें रहेगा. जानकारी दी कि चुनाव में अशांति फैलानेवालों पर 107, 109 और 110 के तहत बड़े पैमाने पर जिलों में कार्रवाई शुरू है. बताया कि इसके अलावा कोर्ट सुरक्षा को लेकर मिले निर्देशों के आलोक में भी समीक्षा होगी. इधर अब आम जनता भी धीरे-धीरे पुलिस से जुड़ रही है और हजारीबाग पुलिस को एक अच्छी टीम बता रही है.

## रामगढ़ के नवनियुक्त एसपी ने रजरप्पा में की पूजा अर्चना



**संवाददाता । रामगढ़**

रामगढ़ के नवनियुक्त एसपी डॉ विमल कुमार शुक्रवार को रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे. यहां पहुंच कर उन्होंने मां छिन्नमस्तिके की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया. साथ ही उन्होंने नारियल बलि देकर रक्षा सूत्र भी बंधवाए. वहीं पूजा अर्चना के बाद वे रजरप्पा स्थित स्थानीय वीआईपी गेस्ट हाउस पहुंचे. यहां पहुंचने पर उन्हें गाड आफ ऑनर दिया गया. इसके साथ ही उनका स्वागत रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय के द्वारा बुके देकर किया गया. थोड़ी देर विश्राम के बाद वे रामगढ़ के लिए रवाना हो गए. मौके पर कई पुलिसकर्मी मौजूद थे. तत्पश्चात रामगढ़ पहुंचने पर एसपी ने पदभार लिया.

होटल के पास बोलेरो में कुछ व्यक्ति अफीम को लेकर लेन-देन कर रहे थे

# लाखों की अफीम के साथ तीन तस्कर हुए गिरफ्तार

**संवाददाता । हजारीबाग**



**मारा छापा**


- बरही डीएसपी नौशाद के नेतृत्व में मारा गया छापा
- पुलिस को देखकर बोलेरो में सवार लोग भागने लगे
- इसमें संजय, विजय और मिथुन को गिरफ्तार किया

चौपारण के नये थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह को अफीम की तस्करी मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है. इस संबंध मे थाना प्रभारी ने बताया पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम बहेरा स्थित हरियाणा पंजाब लाइन होटल के पास बोलेरो वाहन सं0- जेएच02AL-2526 में बैठकर कुछ व्यक्ति अफीम को लेकर आपस में लेन-देन कर रहे हैं. इस सूचना पर बरही डीएसपी नौशाद आलम के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गयी. जब मौके पर छापेमारी टीम पहुंची तो देखा कि उक्त वाहन होटल के बाहर खडी है.

पुलिस बल को देखकर बोलेरो में सवार दो-तीन लोग भागने का प्रयास करने लगे. लेकिन सशस्त्र बल के सहयोग से तीन व्यक्ति संजय यादव, पिता शीतल यादव ग्राम- हुलगडा खुर्द थाना- सदर, जिला- चतरा, विजय साव, पिता स्व० डेगलाल साव ग्राम- रसोईया धमना थाना- बरही जिला- हजारीबाग और मिथुन दांगी, पिता स्व. मुंशी दांगी ग्राम- जोरी थाना- राजपुर जिला- चतरा को पकड़ लिया गया. बोलेरो की तलाशी लेने पर एक प्लास्टिक में रखा एक किलो अफीम और 20 हजार रुपया जब्त किया गया. इस संबंध में चौपारण थाना में धारा एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गयी है. तीनों व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. छापेमारी टीम में नौशाद आलम अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही पुअनि दीपक कुमार सिंह, थाना प्रभारी, सअनि भाजु एक्का सहित चौपारण थाना के जैप सशस्त्र बल के जवान शामिल थे. बता दें कि चौपारण प्रखंड के हजारों एकड़ में पोस्ता की खेती लहलहा रही है. इस मौसम में चीरा लगाना और अफीम निकलने का काम तेजी से चल रहा है. इसीलिए अफीम तस्कर भी अपने काम में सक्रिय हो गये हैं.

## दो क्विंटल गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने घर के अंदर छुपा कर रखे गए दो क्विंटल गांजा बरामद किया. इस मामले में संलिप्त एक आरोपी भी पकड़ा गया. यह जानकारी एसपी अरविंद कुमार सिंह ने दी. उन्होंने बताया कि 29 फरवरी की रात को उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि कटकमदाग थाना अंतर्गत आजाद मोहल्ला, कुद में रिंकु अंसारी अपने घर में गांजा का अवैध व्यापार करने के लिए अवैध गांजा छिपाकर रखा है. सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए डीएसपी मुख्यालय नीरज कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया. छापामारी दल में कटकमदाग थाना प्रभारी पंकज कुमार, पैंथर पुलिस तथा कटकमदाग के सशस्त्र पुलिस बल को शामिल थे. पुलिस ने छापामारी के दौरान उक्त घर में एक व्यक्ति को पकड़ा. जिससे कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना नाम रिंकू अंसारी उर्फ सहजाद आलम, उम्र करीब 35 वर्ष बताया. रिंकू ने आगे बताया कि वह अपने घर के बगल में अपने चाचा के घर में गांजा छिपाकर रखा है. गांजा को गुरुवार शाम में ही महताब उर्फ लक्की साकिन हबीबी नगर, खिरगांव ने लाकर दिया है.



## बुद्धिजीवी मंच ने शाहनवाज खान को दी बधाई

**संवाददाता । रामगढ़**



बरकाकाना सीआईसी बस्ती निवासी शाहनवाज खान को विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग द्वारा पीएचडी की उपाधि मिलने पर क्षेत्र के दर्जनों बुद्धिजीवी उनके घर पहुंच कर बधाई दी. बुद्धिजीवियों ने प्रो खान को पुष्पगुच्छ देकर, शॉल ओढ़ाकर और उपहार देकर सम्मानित किया और मिठाई खिला कर बधाइयां दी.

इस दौरान बुद्धिजीवियों ने उनके सम्मान में अपनी अपनी बातें रखीं. अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र के लिए खुशी का पल है. गर्व की बात है. प्रेरणा लेने की बात है. अभियंता अवधेश गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि हमारे बीच में एक ऐसे मेहनती, सामाजिक व्यक्ति और विद्वान भी मौजूद हैं. हमें इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए. पुस्तक लिखने की क्षमता उन्हीं के पास होती है जिनके पास ज्ञान का अपार भंडार होता है. संचालन मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली ने किया. ज्ञात हो कि डॉ खान ने ''द रोल ऑफ शमसुर रहमान फारूकी इन द डेवलपमेंट ऑफ उर्दू फिक्शन'' पर शोध पत्र (पुस्तक) लिखा. इन्होंने पूर्व उर्दू विभागाध्यक्ष एवम मानविकि संकायाध्यक्ष डॉ आमिर मुस्तफा सिद्दीकी के पर्यवेक्षण में शोध कार्य पूरा किया. खान फिलहाल विनोबा भावे विश्वविद्यालय अंतर्गत महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के पद पर में कार्यरत हैं. इन्होंने अल्लाह के करम का शुक्र अदा करते हुए इस शोधपत्र को अपने स्वर्गीय माता पिता के नाम समर्पित किया है.

## दामोदर पुल पर युवक से साढ़े तीन लाख की छिनतई

**संवाददाता । रामगढ़**

बाइकसवार अपराधी एक युवक से साढ़े तीन लाख की छिनतई कर फरार हो गए. घटना रामगढ़ थाना क्षेत्र के दामोदर पुल पर हुई. बाइकसवार अपराधियों ने एचडीएफसी बैंक से रुपए लेकर जा रहे है युवक से साढ़े तीन लाख रुपए की छिन लिये.

भुक्तभोगी फिरोज ने बताया कि वह करीब 12:30 बजे मेन रोड स्थित एचडीएफसी बैंक से निजी काम के लिए तीन लाख 50 हजार रुपए निकाल कर वापस अपने घर रामगढ़ जिला से रेलिगढ़ा घर जा रहा था. इसी दौरान दामोदर पुल के समीप पीछे से हेलमेट लगाकर दो बाइक सवार आये और रुपए से भरा थैला छिन कर फरार हो गए. फिरोज ने बताया कि रुपए से भरा थैला लेकर भाग रहे अपराधियों का उसने कुछ दूर तक पीछा भी किया, लेकिन अपराधी काफी तेजी से बाइक लेकर एनएच 33 को जोड़ने वाली सड़क की ओर घुस गए. जिसके बाद उनका कुछ पता नहीं चल पाया. इसके बाद भुक्तभोगी फिरोज रामगढ़ थाना पहुंचा और मामले की लिखित जानकारी पुलिस को दी और कार्रवाई करने की गुहार लगाई. पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है.

### अवैध बालू का स्टॉक और ट्रैक्टर हुआ जब्त

**रामगढ़ ।** रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है. इसी क्रम शुक्रवार को रामगढ़ थाना अंतर्गत कैथा क्षेत्र में जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक के नेतृत्व में चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान लगभग 4000 घन फीट अवैध रूप से रखे बालू के स्टॉक एवं बालू लोड करते एक ट्रैक्टर वाहन संख्या जेएच 01 बीडी 2520 को जब्त किया गया. जिसके बाद रामगढ़ थाना में चालक, वाहन मालिक, वाहन एवं अवैध स्टॉक रखने में संलिप्तों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई.

डाक अधीक्षक को सोहराई पेंटिंग प्रदान कर सम्मानित किया गया

# डाक सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित

**संवाददाता । हजारीबाग**



डाक विभाग हजारीबाग प्रमंडल द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत नायखाप पंचायत, बभनबै पंचायत भवन में डाक मेला का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान, शिकायत निरीक्षक विकास रंजन, डाक निरीक्षक अशोक मंडल, कॉलेज मोड़ डाकघर के पोस्टमास्टर नंदन कुमार, मुखिया पुष्पा देवी उपस्थित थे.

अतिथियों का स्वागत शॉल व पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया गया. डाक अधीक्षक को हजारीबाग की प्रसिद्ध सोहराई पेंटिंग प्रदान कर सम्मानित किया गया. डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा ने बताया कि डाकघर में निवेश पर आपको मिलता है अधिकतम ब्याज और सुरक्षा की गारंटी. डाकघर के माध्यम से अनेक प्रकार की बचत योजना, बीमा योजना, महिला सशक्तिकरण आदि को ध्यान में रख कर योजनाएं चल रहीं है. जिसका हमें लाभ उठाना चाहिए. भारतीय डाक आज सेवाओं के कारण अपनी पहुंच घर घर तक बना चुका है. आर्टिकल की बुकिंग व वितरण में देश में अग्रणी है. सुकन्या समृद्धि खाता, बचत खाता, रेकिंग डिपॉजिट खाता, फिक्स्ड डिपॉजिट, महिला सम्मान बचत पत्र आदि के द्वारा लोगों को लघु बचत की सुविधा व अधिकतम ब्याज दे रहा है.

डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के माध्यम से लोगों को बीमा सुविधा न्यूनतम प्रीमियम पर अधिकतम बोनस के साथ प्रदान कर रहा है. सरकार द्वारा स्कॉलरशिप, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, पीएम किसान, गैस सब्सिडी आदि का भुगतान डाकघर के खाता पर उपलब्ध है. सभी ग्रामीण डाकघर में भी आधार मोबाइल अपडेशन एवं 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का मुफ्त में आधार एनरोलमेंट की सुविधा उपलब्ध है. भारतीय डाक आज अपनी गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के लिए शिविर आयोजित कर लोगों को डाक योजनाओं की जानकारी और सेवा उपलब्ध करा रही है. मुखिया पुष्पा देवी ने कहा कि लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है.

### डीसी ने किया रामगढ़ कॉलेज का निरीक्षण

**रामगढ़ ।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान पीठासीन, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियों के डिस्पैच के मद्देनजर रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ में डिस्पैच सेंटर स्थापित करने को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ का निरीक्षण किया. इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में डिस्पैच के मद्देनजर उपलब्ध सुविधाओं आदि का जायजा लेने के क्रम में सफलतापूर्वक डिस्पैच कार्य संपन्न करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों एवं की जाने वाली विभिन्न तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. इस दौरान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रामगढ़ सह अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल सहित अन्य उपस्थित थे.

यह रामगढ़ के गोला प्रखंड का पहला जेंडर रिसोर्स सेंटर है

# जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन

**संवाददाता । रामगढ़**



गोला प्रखंड में जेएसएलपीएस द्वारा जेंडर रिसोर्स सेंटर (गरिमा केंद्र) कार्यालय का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख गीता देवी, प्रखंड अंचल अधिकारी समरेस प्रसाद भण्डारी व जिला कार्यक्रम प्रबंधक रीता सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया. यह रामगढ के गोला प्रखंड का पहला जेंडर रिसोर्स सेंटर है. इसका संचालन जेएसएलपीएस के द्वारा संचालित संकुल संगठन के द्वारा किया जायेगा. इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार को सीधे जेंडर रिसोर्स सेंटर में आवेदन देकर महिलाओं को निजात दिलाना है. मौके पर अंचल अधिकारी समरेस प्रसाद ने लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध महिलाओं को आगे आकर कार्य करने, अन्य महिलाओं को हिंसा के प्रति जागरूक करने की अपील की. साथ ही उन्होंने महिलाओं को इसकी शुरुआत अपने घर से करने की सलाह दी. उनके द्वारा बताया गया कि प्रशासन द्वारा सभी प्रकार का सहयोग दिया जाएगा. प्रखंड प्रमुख गीता देवी ने भी इस संबंध में अपनी बातों को रखा और सभी महिलाओं को शुभकामना दी. साथ ही डायन कुप्रथा जैसे अंधविश्वास व कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही. इस मौके पर मौजूद डीपीएम रीता सिंह के द्वारा महिलाओं को एकजुट होकर महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा की पहचान कर उसके समाधान करने की बात कही. उनके द्वारा बताया गया कि हिंसा से संबंधित मामलों को जीआरसी के माध्यम पीड़ित महिलाओं को सहयोग व कानूनी परामर्श के साथ आवासीय सुविधा भी दी जाएगी. कार्यक्रम में बीपीएम बिपिन कुमार, जिला प्रबंधक सामाजिक विकास सौरभ प्रसाद, जिला आजीविका प्रबंधक अजय कुमार लाल, बीपीओ लुकेश्वर साव, एडमिन गणेश महतो, सुलेखा देवी, लक्ष्मीनारायण गोला संकुल, अध्यक्ष उमा कुमारी, सचिव सुनीता देवी, जेंडर सीआरपी मनीषा कुमारी, उर्मिला देवी, आरती देवी, संगीता देवी आदि मौजूद थे.

**विरोध** 2018 में 50 घरों के दलित भुइयां समाज के लोगों को मिली थी शुद्ध पेयजल की सौगात

# पीएचईडी की जल-नल योजना से नहीं मिला लाभ : अरविंद

**संवाददाता । चौपारण**



**ग्रामीण नाराज**

- वर्तमान में यह जलमीनार बीते डेढ़ साल से खराब पड़ा है
- इसे ठीक कराने को लेकर विभाग से मांग की जा रही है

चौपारण प्रखंड के ग्राम पंचायत दादपुर के चौपारण-चतरा रोड किनारे दलित भुइयां टोली में बना पीएचईडी विभाग से जल नल योजना शोभा की वस्तु बनकर रह गई है. उक्त बातें समाजसेवी सह पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिन्हा ने कही.

इस दौरान गांगो मसोमात, सुदामा मसोमात, सीता मसोमात, रीता देवी, सुधा देवी, आरती देवी, सुमा देवी, रानी देवी, गौरा देवी, करमतिया देवी, महेंद्र भुइयां, छोटन भुइयां, सरजू भुइयां, डोमन भुइयां, जिक्षु भुइयां, जगदेव, मनीष, छोटू भुइयां, भुखन भुइयां, दिनेश भुइयां सहित 50 घरों के दलित भुइयां समाज के लोग मौजूद थे.

उन्होंने कहा कि दलित समाज के उत्थान के लिए पीएचडी विभाग ने शुद्ध पेयजल की व्यवस्था 2018 में किया था. जिससे दलित समाज के 50 घरों में शुद्ध पेयजल का लाभ मिला था. लेकिन वर्तमान में यह साल डेढ़ साल से खराब है. जिसे ठीक करवाने के लिए लोग एक तरफ मुखिया से और दूसरी तरफ पीएचडी विभाग से मांग कर रहे हैं. पर किन्हीं के द्वारा सकारात्मक पहल नहीं किया जा रहा है. इस संबंध में दादपुर मुखिया गंदौरी दांगी एवं पंचायत सेवक मुकेश कुमार ने कहा कि मुखिया मद को सरकार ने दो विभाग में बांट कर खर्च करने का निर्देश दिया है. जिसमें एक टाइड योजना में 60 प्रतिशत और अनटाइड योजना में 40 प्रतिशत मद का उपयोग करना है. टाइड योजना से जल नल एवं स्वच्छता योजना में खर्च करना है. जबकि अनटाइड योजना में नाली-गली, फेबर ब्लॉक सहित अन्य योजना में उपयोग करना है.

साथ ही कहा कि टाइड योजना से खराब जलमीनार का काम किया जा सकता है. इसके लिए पीएचडी विभाग का लिखित आदेश की जरूरत है. जो पीएचडी विभाग देना नही चाहता है. वहीं इस मामले पर पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता विमल कुमार ने कहा कि खराब जलमीनार का जांच करवाने के लिए मिस्त्री भेजा गया है. साथ ही मुखिया को कहे थे कि आप एक लिखित जानकारी दें कि जलमीनार खराब होने के कारण पानी का सप्लाई नहीं हो रहा है. जिम्मेवार लोग एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा कर दलित समाज के लोगो को एक-एक बूंद पानी के लिए तरसा रहे हैं. वहीं गर्मी अपना रंग दिखाने लगा है. जलमीनार ठीक नहीं किया गया तो समाजसेवी अरविंद सिन्हा के नेतृत्व में आंदोलन करने पर बाध्य हो जाएंगे.

## हरली में मुखिया पर लगा अनियमितता का आरोप

**संवाददाता । बड़कागांव**

बड़कागांव प्रखंड के ग्राम पंचायत हरली के उपमुखिया सुनील कुमार ने मुखिया कविता देवी पर विकास कार्यों में अनियमितता के आरोप लगाए हैं. उपमुखिया ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मुखिया के खिलाफ जांच की मांग की है. हरली पंचायत के उपमुखिया ने पंचायत सचिव एवं मनरेगाकर्मी की कार्यशैली पर सवाल उठाया है.

उपमुखिया ने 15वें वित्त मध्य योजना से पंचायत के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यों मे भारी अनियमित व गड़बड़ी की शिकायत की है. आरोप है कि बिना काम किए पैसा निकासी करने साथ ही घटिया निर्माण किया जा रहा है. आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री के नाम आवेदन देकर शिकायत की है एवं जांच करने की मांग की है. जिसमें जल नल योजना, मारेगा योजना, डोभा निर्माण कार्य, बाबा आंबेडकर आवास योजना में अनियमितता के आरोप हैं. उनका कहना है कि मुखियापति जनवितरण प्रणाली के संचालक एवं प्रखंड डीलर संघ के प्रखंड सचिव हैं. मुखियापति का धौंस दिखाकर कार्ड धारी को मात्रा से कम राशन दिया जाता है. उपमुखिया सहित अन्य वार्ड सदस्यों ने इस पर संज्ञान लेने या अपनी सदस्यता निरस्त करने की बात आवेदन में कही है. इस आवेदन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री सहित मनरेगा आयुक्त एवं उपायुक्त हजारीबाग को भी प्रेषित किया है. इस आवेदन में उपमुखिया सुनील कुमार के अलावा वार्ड सदस्य खुशबू कुमारी राणा शामिल हैं.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय अच्छा नहीं है. किसी कार्य के पहले सोच विचार कर करें. कार्य व्यवसाय एवं नौकरी में रुकावटें होंगी, पर किया गया परिश्रम सार्थक होगा. वहीं परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे. शिवलिंग पर दूध का अभिषेक करें.

**वृषभ** व्यापार में लाभ होगा. आय का मार्ग खुलेगा. आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. काम-काज के लिए अच्छा रहेगा. परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा. मन में कुछ नकारात्मक विचार आ सकते हैं. अन्न का दान करें.

**मिथुन** रोग शोक से बचें. संतान की शिक्षा में सुधार होगा. घरेलू विवाद कोशिश करने से सुलझ सकता है. भाग्योदय संभव है. पारिवारिक सुख अच्छा मिलेगा. मिथ्या आरोप लगने के कारण क्रोध बढ़ सकता है. मीठी वस्तु का दान करें.

**कर्क** लग्न का मालिक नीच है. काम काज सामान्य रहेगा. मन प्रसन्न रखना होगा. नवीन मित्रता हो सकती है. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में कमी देखने को मिल सकती है. शिक्षा में विशेष ध्यान देना होगा. शिवलिंग पर दूध से अभिषेक करें.

**सिंह** माता या किसी महिला से विवाद हो सकता है. परिवार के सदस्यों की तरफ से सुख और सहयोग मिलेगा. आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना रहेगा. कार्य होने से शुभफलों की प्रधानता रहेगी. किसी अपने से विवाद से दूर रहें.

**कन्या** समय अनुकूल है. पर रूखे व्यवहार से बनी बनाई बात बिगड़ सकती है. क्रोध पर नियंत्रण रखें. अधिक प्रभाव होने के बाद भी काम काज सामान्य रहेगा. परीक्षा एवं प्रतियोगिता में आशाजनक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं.

**तुला** काम काज सामान्य रहेगा. आपका मन किसी भी काम में पूरी तरह से नहीं लग पाएगा. आपके लिए निराशाजनक हालात पैदा हो सकते हैं. परिवार या मित्र से मतभेद हो उत्पन्न हो सकते हैं. मंदिर में अन्न और जल का दान करें.

**वृश्चिक** समय बहुत ही अच्छा है. कामकाज में सफलता मिलेगी. दूसरों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे. पर स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बन सकती है. वाहन के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है. हनुमानजी का ध्यान पूजन करें.

**धनु** स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च अधिक होगा, पर आर्थिक स्थिति अच्छी होगी. यात्रा बहुत जरूरी नहीं हो तो टाल दें. साथ ही वाहन चलाते समय सावधानी बरतें. खर्च में बढ़ोतरी होगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. गुड़ का दान करें.

**मकर** योजना में विस्तार हो सकता है. कामकाज में सफलता मिलेगी. शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा. शनि देव को खुश करने का उपाय करें.

**कुंभ** जीवन साथी की भावनाओं की कद्र करें. व्यापार से लाभ संभव है. किसी अपने से शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी. स्वभाव में गंभीरता एवं एकाग्रता बनी रहेगी. परिवार की तरफ से मन प्रसन्न रहेगा. किसी प्रकार के विवाद में न पड़ें.

**मीन** भाग्य का साथ मिलने से मन खुश होगा, पर किसी से विवाद हो सकता है. करीबियों की भावनाओं की कद्र करें. आपके मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा. कामकाज में लाभ होगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें.

## झारखंड बजट 2024-25 के चर्चा के दौरान आलमगीर आलम ने रखा सरकार का पक्ष, कहा-

# सरकार के दलों ने करीब-करीब अपने सभी वादे पूरे किए



विशेष संवाददाता । रांची

झारखंड बजट 2024-25 बजट पर चर्चा के दौरान सरकार का पक्ष रखते हुए संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने भाजपा को जमकर घेरा. उन्होंने कहा कि इस सरकार में तीनों दल झामुमो, कांग्रेस और राजद ने 2019 के चुनाव में जो भी वादे किए थे, उसे करीब-करीब पूरा कर दिया है. हमने 1932 खतियान आधारित स्थानीय-नियोजन नीति बनायी, मगर इन लोगों ने कानूनी पेंच में फंसा दिया. इन्होंने ओबीसी का आरक्षण 27 से 14 कर दिया. हमने ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाया, मगर राज्यपाल ने वापस कर दिया. हमने सरना धर्म कोड दिया, मगर केंद्र सरकार इसे लागू नहीं कर रही है. जब भी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होती है, कानूनी पेंच में फंसाने का प्रयास होता है.

केंद्र सरकार ने पीएम आवास नहीं दिया. हम चिन्हित साढ़े आठ लाख लोगों को अबुआ आवास देने जा रहे हैं. इतना ही नहीं इसकी संख्या 20 लाख तक होगी. उन्होंने कहा कि गांव और ग्रामीण क्षेत्र का विकास किए बिना विकसित झारखंड के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता है, इसलिए इस सरकार ने अपना फोकस ग्रामीण क्षेत्रों के लिए किया और सामाजिक सुरक्षा पर जोर दिया. 2019 तक केवल 6 लाख लोगों को पेंशन मिलता था आज इसकी संख्या 20 लाख हो गई है. उम्र सीमा घटाने के बाद इसकी सीमा और भी बढ़ सकती है. हमने ग्रामीणों को सशक्त करने के लिए सावित्री फुले बाई, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, ग्राम गाड़ी योजना, सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना, गुरू स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मरांग गोमके छात्रवृति योजना, पशुधन योजना, किसान लोन माफी योजना सहित कई ऐसी योजनाएं शुरू की हैं, जिसका संबंध सीधे तौर पर गरीब, ग्रामीणों से है, जिसका लाभ उन्हें सीधा मिल रहा है.

## विपक्ष ने कहा : अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी, यह सरकार युवा-छात्र विरोधी

### आदिवासी रैयत की जमीन दूसरे के नाम की गयी: लोबिन

विधायक लोबिन हेंब्रम ने सदन में पाकुड़ के हिरणपुर में एक आदिवासी रैयत की जमीन दूसरे के नाम कर देने का मामला उठाया. उन्होंने आरोप लगाया कि डीसी ने यह गड़बड़ी की है. इस मामले को लेकर विभाग ने सदन को जो जवाब उपलब्ध कराया है वह भ्रामक है. सदन को गुमराह करने की कोशिश की गयी है. इसपर मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि सरकार मामले की जांच कमिश्नर से करवायेगी.



### नवीन जायसवाल ने सदन में सरकार को घेरा, कहा-

### 20 हजार दो, अबुआ आवास लो

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने सदन में अबुआ आवास योजना को लेकर भी सरकार को घेरा. नवीन जायसवाल ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आपको आवास योजना का सरकार भले ही ढिंढोरा पीट रही है. लेकिन इस योजना का हाल बेहाल है. कहा कि आवास के लिए पैन कार्ड मांगा जा रहा है. अब गरीब पैन कार्ड कहां से देगा. कहा कि ये 20 हजार दो, आवास लो वाली स्कीम है. इस योजना में कहीं पर भी वार्ड सदस्य पंचायत समिति को शामिल नहीं किया गया है. मुखिया की मनमानी चल रही है. जिनको सही में अबुआ आवास योजना की जरुरत है, उनके आवेदन का सत्यापन भी नहीं किया जा रहा है. नवीन जायसवाल ने कहा कि भले ही हमारे स्वास्थ्य मंत्री का स्वास्थ्य बहुत अच्छा है. मगर स्वास्थ्य विभाग का स्वास्थ्य बहुत ही खराब है. रिम्स , प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व सदर अस्पताल का हाल देख लीजिए.

## बजट पर चर्चा के दौरान किसने क्या कहा

### फ्री बिजली का लाभ तभी मिलेगा जब बिजली मिलेगी : जेपी पटेल

भाजपा विधायक जेपी पटेल ने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि टाना भगत और गरीब व मध्यम वर्ग को 200 यूनिट तक फ्री बिजली दी जाएगी. मगर फ्री बिजली का लाभ तभी मिल पाएगा जब बिजली मिलेगी. गांव में कितने घंटे बिजली मिलती है, सभी जानते हैं. अबुआ आवास योजना ठीक है मगर इसमें धांधली चल रही है. सरकार को इसे देखना होगा. जंगल बचाने की बात होती है मगर वन विभाग में अफसर ही नहीं हैं.

### सरकारी विभाग को खंडहर बना कर रख दिया था : विक्सल

कटौती प्रस्ताव के विरोध में कांग्रेस विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि पुरानी भाजपा की सरकार ने सरकारी विभागों को खंडहर बना कर रख दिया था. राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद व्यवस्था ठीक करने का काम शुरू हुआ. कई ऐसी योजनाएं हमारे पूर्व सीएम ने लाया, जिसका लाभ जनता को मिल रहा है. पुरानी सरकार ने सीएनटी-एसपीटी कानून को खत्म करके जमीन लुटवाने का प्रयास किया. लैंड बैंक के जरिए जमीन लुटी गयी.

### गौवंश व्यापरियों को सुरक्षा दे राज्य सरकार : प्रदीप यादव

कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि इस प्रदेश में पशु और गौवंश का व्यापार बहुत बड़ा है. मगर बजरंग दल के लोग इस व्यापार को बर्बाद करने पर तुले हैं. सरकार गौवंश व्यापारियों को सुरक्षा प्रदान करे. उन्होंने कहा कि रघुवर जी के समय 600 करोड़ का ट्रांसमिशन घोटाला हुआ था. इसका क्या हुआ. वर्तमान सरकार इसकी जांच कराए. गरीबों को 125 यूनिट फ्री बिजली देने की घोषणा अच्छी पहल है. इसका लाभ गरीबों को मिलेगा.

### अबुआ आवास में पैन कार्ड मांगने का आरोप निराधार : सुदिव्य

झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने भाजपा विधायक नवीन जायसवाल के आरोपों को पूरी तरह गलत बताया. अबुआ आवास पैन कार्ड मांगे जाने की बात को निराधार बताया. अबुआ आवास योजना के लिए केवल आधार कार्ड, बैंक खाता, राशन कार्ड और विकल्प के तौर पर मनरेगा जॉब कार्ड मांगा जाता है. मगर यह भी जरूरी नहीं है. सभी जानते हैं कि 2021 के बाद किसी को भी पीएम आवास का पैसा नहीं मिला, जिसके चलते हमारी सरकार ने अबुआ आवास योजना लाया.

### सरकार ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र को फायदा पहुंचाया: विनोद सिंह

माले विधायक विनोद सिंह ने सदन में सरकार द्वारा बैंक ऑफ महाराष्ट्र को फायदा पहुंचाने का मामला उठाया. उन्होंने कहा कि आदिवासी सहकारिता विकास निगम के योजना मद की 91 करोड़ की राशि विभिन्न बैंकों में जमा थी. इससे सरकार को सालाना 6 करोड़ मिलता था. अब राजस्व का नुकसान हो रहा है. इसका जिम्मेवार कौन है. इसपर मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि 2023 में चीफ सेक्रेटरी में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है.

### माले विधायक ने उठाया भगत सिंह की प्रतिमा लगाने का मामला

माले विधायक विनोद सिंह ने सूचना के तहत सदन में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा लगाने का मसला उठाया. उन्होंने कहा कि मोरहाबादी मैदान में नगर निगम और प्रशासन की अनुमति से भगत सिंह की प्रतिमा लगाने की तैयारी शुरू की गयी. मगर बाद में सीओ ने उसे वहां लगने नहीं दिया. अब प्रतिमा थाने के हाजत में रखा है. एक शहीद की प्रतिमा हाजत में रखना उचित नहीं है. इसलिए सरकार रांची डीसी को इसे कहीं और लगाने का निर्देश दे.

### ब्लैकलिस्टेड एजेंसी को क्यों दी परीक्षा की जिम्मेवारी : अमित

भाजपा विधायक अमित कुमार मंडल ने कहा कि मैं झारखंडी हूं. झारखंड में क्या हो रहा है, इससे मुझे मतलब है. झारखंड में युवाओं के साथ छल हो रहा है. सबसे बड़ी बात यह है कि बिहार में ब्लैक लिस्टेट ऐजिसयों को झारखंड में परीक्षा लेने की जिम्मेवारी क्यों दी गई. शक यहीं से शुरू होता है. क्या जेपीएससी, जेएसएससी के अफसरों नेक्रॉस चेक नहीं किया था .अगर नहीं तो भी अपराध है, अगर किया और उसके बाद काम दिया गया तो भी अपराध है.

### साजिश के तहत जेल भेजे गए हेमंत सोरेन : बैजनाथ राम

झामुमो विधायक बैजनाथ राम ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार बहुत अच्छा काम कर रही थी. झारखंडी मानस खुश थे. यह बात भाजपा वालों को हजम नहीं हुई. पहले भाजपा वालों ने सरकार गिराने का प्रयास किया. जब इसमें वे सफल नहीं हुए तो जांच एजेंसियों के द्वारा हमारे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया गया, क्योंकि हमारे नेता ने इनके सामने घुटने नहीं टेके.

### एक महीने में स्वास्थ्य बीमा की प्रक्रिया हो जायेगी पूरी : बन्ना

विधायक समीर मोहंती ने सदन में राज्य के कर्मियों और सेवा निवृत कर्मियों और उनके आश्रितों को 5 लाख रुपये सालाना स्वास्थ्य बीमा देने का मामला उठाया. इसपर मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि यह योजना प्रक्रियाधीन है. एक महीने में प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी.

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत मामले की जांच में जुटी पुलिस

**मैथन।** कुमारधुबी जीआरपी ने सुभाष कालोनी के पास डाउन लाइन से शुक्रवार की सुबह एक युवक (21) का शव बरामद किया है. उसकी पहचान निरसा के तिलतोड़िया निवासी विक्रम कर्मकार के रूप में की गई है. जीआरपी ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है. प्रथम दृष्टया रेल से कट कर मौत की संभावना जताई जा रही है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

## डुमरी 2 नंबर में ढाई लाख की चोरी

**धनबाद।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत बलविंदर सिंह के बंद आवास से चोरों ने लगभग 2.50 लाख की चोरी कर ली .मामले की जानकारी पीड़ित परिवार को 29 फरवरी की देर रात मिली . इसके बाद पीड़ित ने जोड़ापोखर थाना में घटना की जानकारी दी . पीड़ित बलविंदर सिंह ने बताया कि वह 28 फरवरी को सादी समारोह में शामिल होने चिरकुंडा गए थे. 29 फरवरी की देर रात जब लौटे तो देखा कि दरवाजा की कुंडी टूटी हुई है .इसके बाद जब घर के अंदर प्रवेश किया तो देखा कि घर के अंदर पूरा सामान बिखरा पड़ा है . आलमीरा और बक्सा को तोड़ कर बहु के सोने के जेवरात पर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया .

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, आधा दर्जनों वाहन जल कर खाक

**तेतुलमारी ।** ईस्ट बसुरिया ओ पी अंतर्गत मोहलीडीह पंचायत के निचितपुर टाउनशिप के एनटी/टी 769 से एनटी/टी 780 के फ्लैट में अहले सुबह आग लग गई .जिसके कारण करीब आधा दर्जन बाइक व घरों के मुख्य दरवाजा जलकर राख हो गए. मुख्य दरवाजा में आग लगने से लोग अपने ही घरों में फंस गए. आग और धुंआ से लोगों को सांस लेने में परेशानी होने लगी. आग देख स्थानीय लोगों ने सीढ़ी की मदद से ऊपर मंजिल में फंसे लोगों को बाहर निकाला. स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया.मोहलीडीह के पूर्व मुखिया मो आजाद ने बताया कि अहले सुबह संभवतः शॉर्ट सर्किट से आग लगी. घटना में आधा दर्जन बाइक जल कर राख हो गए. घरों के मुख्य दरवाजा में आग लगने से लोग फंस गए. जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बचाया गया.अग्निशमन विभाग और स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई.

## बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड के हजारी और स्वांग उत्तरी में डीएमएफटी फंड से बनी हैं सड़कें

# दो साल में ही टूटने लगीं 90 लाख से बनी सड़कें

रजनीश प्रसाद। बेरमो

बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड के हजारी पंचायत और स्वांग उत्तरी पंचायत में दो साल पहले बनी सड़क अब टूटने लगी है. दोनों सड़कों को बनाने के लिए डीएमएफटी फंड से लगभग 90 लाख रुपये का खर्च आया है. हजारी पंचायत के खुदगड्डा ऊपरटोला से नई बस्ती ओएनजीसी तक सड़क बनी है, लेकिन हालत यह है कि सड़क बीचोंबीच टूट गयी है. कई जगहों पर सीमेंट उखड़ रहा है, जिससे गिट्टियां उभर आयीं हैं. अभी से से ही सड़क पर छोटे-छोटे गड्ढे उभर आये हैं. आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क को बनाने में लगभग 44 लाख रुपये खर्च किये गये थे. लोगों का कहना है कि जब सड़क का निर्माण हो रहा था, तब काम में गुणवत्ता नहीं थी. गांव के कुछ लोगों ने निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग का विरोध भी किया था. संबंधित अधिकारियों से लिखित शिकायत भी की थी, लेकिन तब किसी ने इस पर ध्यान ही नहीं दिया. नतीजा सड़क बनी और टूटने भी लगी है. स्वांग उत्तरी पंचायच के पुराना माइनस कब्रिस्तान से कोनार नदी तक सड़क बनी है. कब्रिस्तान में लगे शिलापट के अनुसार, सड़क बनाने में 45,17000 रुपये का खर्च हुए थे. इस सड़क को देखने से लगता है कि सड़क बनाने में सीमेंट का काफी मात्रा में उपयोग किया है. सड़क पर कई जगह पर सीमेंट उखड़ गया है. जहां-जहां सीमेंट उखड़ा है, वहां-वहां छोटे-छोटे गड्ढे उभर आये हैं.



### मनमाने ढंग से काम किया : चंद्रदीप पासवान

हजारी पंचायत के पूर्व मुखिया चंद्रदीप पासवान ने शुभम संदेश संवाददाता से बात करते हुए कहा कि जब सड़क निर्माण का काम चल रहा था, उस वक्त मुखिया और गांव के लोगों को किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दी गयी. इस काम को करने वाला ठेकेदार मनमाने ढंग से काम कर निकल गया. जिसका नतीजा है कि सड़क टूटने लगी है.

### शिकायत पर किसी ने ध्यान ही नहीं दिया : विनोद

स्वांग उत्तरी पंचायत के मुखिया विनोद विश्वकर्मा ने कहा कि इस रोड का काम निम्न स्तर का किया गया है. इसकी गुणवता की जांच होनी चाहिए और सड़क की लबांई की जांच भी होनी चाहिए. जांच में जो भी दोषी पाये जाते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए. जिस ठेका कंपनी सड़क का निर्माण कराया है, उसे तत्काल प्रभाव से भी ब्लेकलिस्टेड करना चहिए.

## टाइगर जयराम महतो का महुदा क्षेत्र में तूफानी दौरा

संवाददाता। महुदा

झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति का जन आशीर्वाद यात्रा बाघमारा विधानसभा के महुदा में किया गया. जिसमें सर्वप्रथम महुदा मोड़ स्थित विनोद बाबू की प्रतिमा में माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया. इसके बाद लोहापट्टी, तेलमोचो, अंधारी, कुंजी, काण्ड्रा, कल्याणपुर, चैंपियनमोड, पात्थरगढ़िया, छत्रुटांड़, महुदा, पदुगोड़ा, इन सभी स्थानों में और गांव में जन-जन से संपर्क किया . कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेबीकेएसएस के सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो ने कहा कि झारखंड को बचाने के लिए झारखंडी को जगना होगा. आज झारखंड में सब कुछ होते हुए भी यहां के लोगों को उपेक्षित किया जा रहा है और बाहरी लोग यहां राज कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी ने अपनी शहादत देकर राज्य को अलग किया. उनकी शहादत को झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति बेकार नहीं जाने देगी.

मौके पर रिजवान क्रांतिकारी, केंद्रीय संगठन सचिव रूपदेव रवानी, केंद्रीय सचिव प्रदीप महतो, सह प्रभारी दीपक महतो, पर्यवेक्षक सदानंद महतो, प्रभारी फैयाज अंसारी, आकास बिरू, मुरली अशोक जगदंबा लाल महतो करण राधेश्याम रूपेश प्रमाणिक साजिद शेख गफ्फार शेख जगदीप रवानी चक्रधर रवानी कमल महतो राधेश्याम महतो गौतम महतो जगदीश गोस्वामी आदि मौजूद थे.

## डॉ. अपहरण कांड में तीन गिरफ्तार दो की तलाश में ताबड़तोड़ छापेमारी

संवाददाता । पलामू

पलामू जिले के हुसैनाबाद से अपहृत डॉक्टर रहमान खान को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है. वहीं इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इस कांड में शामिल दो आरोपी अभी भी फरार हैं. गिरफ्तार अभय कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह और चंदन कुमार सिंह डॉ. फिरोज खान उर्फ रहमान खान अपहरण कांड के मुख्य अभियुक्त हैं. पुलिस ने डॉ. फिरोज खान को डाल्टनगंज से बरामद किया है. एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि हुसैनाबाद थाना क्षेत्र से 26 फरवरी को डॉ. फिरोज खान को उनके क्लीनिक से इलाज के नाम पर आये अपराधियों ने अपहरण कर लिया था. अपहरण के बाद आरोपियों ने 2 करोड़ फिरौती की मांग की थी. पुलिस ने इस कांड को गंभीरता से लिया. हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश महतो के नेतृत्व में टीम गठित कर टेक्निकल सेल की मदद से पुलिस ने मामले की जांच शुरू की. पुलिस ने मिले क्लू के आधार पर डाल्टनगंज से तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया.

## दिनदहाड़े डेढ़ लाख छीनकर भागे अपराधी

संवाददाता। मेदिनीनगर

पलामू जिले के शहर थाना क्षेत्र के मेदिनीनगर में दिनदहाड़े अपराधियों ने एक व्यक्ति से डेढ़ लाख रुपए लूट कर फरार हो गए. घटना मुख्य बाजार में भीड़भाड़ वाले इलाके जय भवानी संघ चौक के पास की है. शहर थाना क्षेत्र के कुंड मोहल्ला के रहने वाले मिथिलेश सिंह अपनी बेटी की शादी की तैयारी के लिए बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से दो लाख रुपए निकाल कर जा रहे थे. 50 हजार रुपए उन्होंने शहर में सामान की खरीदारी पर खर्च कर दिया था. बाकी बचे डेढ़ लाख रुपए झोला में रखकर हाथ में लटकाए जा रहे थे. इसी दौरान एक काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार दो युवक पीछे से आये और चलती बाइक से झपट्टा मारकर झोला लेकर फरार हो गए. घटना डेढ़ बजे दोपहर की है. लूट का पूरा घटनाक्रम रिलेक्स इन होटल के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंची और ममाले की छानबीन कर रही है. भुक्तभोगी ने इस संबंध में एफआईआर दर्ज करा दिया है.

### सीसीटीवी फुटेज और फोटो के आधार पर अपराधियों की शिनाख्त में जुटी पुलिस

पुलिस वीडियो और फोटो निकाल कर अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में जुट गई है. दिनदहाड़े हुई छिनतई की इस घटना से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं. आशंका है कि बैंक से ही अपराधी मिथिलेश सिंह के पीछे पड़े होंगे. बाइक चलाने वाला अपराधी हेलमेट लगाए हुए था. जबकि पीछे बैठा अपराधी मास्क से चेहरा ढके हुये था. भुक्तभोगी मिथिलेश सिंह ने बताया कि बेटी की शादी 25 अप्रैल को होनी है. शादी में खर्च करने के लिए पैसे निकाले थे. लूट की इस घटना से शादी का बजट गड़बड़ा जाएगा. शादी का खर्च जुटाना अब मुश्किल होगा.



## मुस्तैदी | बिरसानगर थाना के जोन नंबर 1 से निरंजन दास का हुआ था अपहरण

# चार घंटे में ही अपहृत व्यक्ति बरामद, महिला समेत 5 गिरफ्तार

संवाददाता। जमशेदपुर

बिरसानगर थाना अंतर्गत जोन नंबर 1 से निरंजन दास का अपहरण कर लिया गया था. हालांकि शिकायत के चार घंटे के बाद ही पुलिस ने अपहरणकर्ताओं को पुरुलिया जिले के बाघमुंडी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया और निरंजन को बरामद किया. शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि बिरसानगर जोन नंबर एक से निरंजन दास का अपहरण कर लिया गया था.

घटना की जानकारी निरंजन की पत्नी आशा ने पुलिस को दी. सूचना पाते ही पुलिस ने एक टीम का गठन किया और जांच शुरु की. जांच के क्रम में अपहण के चार घंटे में ही पुरुलिया पुलिस की मदद से निरंजन को बरामद कर लिया. इस मामले में पुलिस ने मास्टर माइंड बाघमुंडी निवासी डॉक्टर उर्फ चमन खान, सुदीप राय, तपन रजक, करुणा रजक और विकास सिंह मुरा को गिरफ्तार किया गया. आरोपियों के पास से आठ मोबाइल और घटना में प्रयुक्त कार समेत अन्य समान बरामद किए है.



### बकाया रुपयों की वसूली के लिए किया था अपहरण

एसएसपी ने बताया कि चमन खान ने पुरुलिया के अयोध्या हिल के पास एक रिसोर्ट बनाने का प्लान बनाया था. रुपये नहीं होने पर उसने कई लोगों को रुपए डबल करने का झांसा देकर लाखों रुपये की फंडिंग उठाई. कई लोगों ने रुपये वापस मांगना शुरु किया पर वह लोगों को रुपये वापस नहीं कर पा रहा था. इसी बीच उसने लोगों को बताया कि निरंजन दास को उसने 20 लाख रुपये दिए है पर निरंजन रुपये वापस नहीं कर रहा है. उसने अन्य लोगों के साथ निरंजन के अपहरण का प्लान बनाया ताकि उससे रुपये ले सके. हालांकि पूछताछ में यह बात सामने आई कि निरंजन ने मात्र एक लाख रुपये ही लिए थे जिसे वह वापस कर रही रहा था.

## लैंड स्कैम : अमित अग्रवाल को हाईकोर्ट से झटका, बेल देने से कोर्ट ने किया इंकार

संवाददाता। रांची

लैंड स्कैम के आरोपी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुना दिया है. शुक्रवार को हुई सुनवाई में कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी. झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने सभी पक्षों की बहस और दलील सुनने के बाद 9 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. अदालत ने अमित अग्रवाल को बेल देने से इंकार करते हुए उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी है. छवि रंजन की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल और अधिवक्ता अभिषेक चौधरी और अभिषेक सिंह ने बहस की. अमित अग्रवाल की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल और अधिवक्ता अभिषेक चौधरी और अभिषेक सिंह ने बहस की.

दरअसल रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी रांची के पूर्व उपायुक्त आईएएस छवि रंजन, चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है. हाईकोर्ट से इस केस के अभियुक्त निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है.

### बीरेंद्र राम के सहयोगी को बेल देने से इनकार

**रांची।** टेंडर घोटाला के जरिए अवैध कमाई करने और उसे अलग-अलग जगह निवेश कर मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी निलंबित इंजीनियर इन चीफ बीरेंद्र राम के सहयोगी तारा चंद को बेल देने से हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया है. शुक्रवार को तारा चंद की बेल पर फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट ने उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी है.

## चमकदार आंकड़ों का दूसरा पहलू

एक ओर जहां कृषि पर निर्भर परिवारों का आम उपभोग खर्च औसत ग्रामीण उपभोग खर्च से नीचे चला गया है, वहीं दूसरी ओर चालू वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही के लिए भी जीडीपी के आंकड़ों को संशोधित कर दिया गया है और इसे क्रमशः 8.2 प्रतिशत (7.8 प्रतिशत के बदले) और 8.1 प्रतिशत (7.6 प्रतिशत के बदले) कर दिया गया है. 2022-23 की रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण इलाकों में औसत घरेलू उपभोग खर्च 3,773 रुपये रहा, लेकिन कृषि निर्भर परिवारों का औसत खर्च 3,702 रुपये ही था. वित्तीय वर्ष 2024 के लिए जीडीपी के अनुमान को भी 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत तक संशोधित कर दिया गया है. इस बीच एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत में अति धनी व्यक्तियों की संख्या तेजी से बढ़ी है. अगले चार साल में इस तादाद में और भी ज्यादा तेज रफ्तार से बढ़ोतरी होगी. बड़ी तस्वीर तो यह है कि यह वृद्धि दुनिया में सबसे तेज दर से होगी. इस तरह भारत दुनिया में अति धनवान व्यक्तियों की संख्या में सबसे तेज वृद्धि दर दर्ज करने वाला देश बन जाएगा. भारत से जो देश पीछे छूट जाएंगे, उनमें चीन भी शामिल है. भारत में यह दर 50.1 प्रतिशत रहेगी, जबकि चीन में 47 फीसदी. स्पष्टतः भारत न सिर्फ सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बना रहेगा, बल्कि सबसे तेजी से अति धनी लोगों की संख्या भी यहीं बढ़ेगी. दरअसल, इन दोनों ही परिघटनाओं में गहरा संबंध है. यह बात नाइट फ्रैंक संस्था के अध्ययनकर्ताओं ने भी कही है, जिनकी ताजा रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत के अति धनवान लोगों के शौक क्या हैं. रिपोर्ट में अति धनवान उन लोगों को माना गया है, जिनके पास तीन करोड़ डॉलर- यानी लगभग सवा दो सौ करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है. अब यह देखना दिलचस्प है कि इन लोगों की पसंद क्या है. बताया गया है कि पिछले वर्ष लग्जरी घड़ियों, कलाकृतियों और जेवरात पर इन लोगों के खर्च में क्रमशः 138, 105 और 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई. यानी संकेत यह है कि ये लोग किसी उत्पादक कार्य में धन लगाने के बजाय विलासिता पर अधिक खर्च कर रहे हैं. अनुमान लगाया जा सकता है कि इनकी आमदनी का प्रमुख स्रोत शेयर-बॉन्ड-ऋण बाजार-वायदा कारोबार आदि यानी वित्तीय संपत्तियों में निवेश है. यह एक चक्र है. इनके निवेश से ये बाजार चमकते हैं और फिर उससे इन लोगों को होने वाले लाभ में बढ़ोतरी होती है. ये सारी बढ़ोतरी देश के जीडीपी में भी गिनी जाती है. तो कहा जा सकता है कि आम अर्थव्यवस्था के समानांतर जो एक वित्तीय अर्थव्यवस्था खड़ी हुई है, देश के धनी-मानी लोग उसका आधार हैं और उससे लाभान्वित भी. जबकि देश की बहुसंख्यक आबादी इस सारी चमक से बाहर बनी हुई है. यही आज के भारत की हकीकत है. इन तमाम आंकडों के बीच भारत में बढ़ती आर्थिक गैर-बराबरी, बेरोजगारी और किसान असंतोष एक हकीकत के बतौर तमाम आंकड़ों की चमक को कम कर दे रहा है.

> भारत से जो देश पीछे छूट जाएंगे, उनमें चीन भी शामिल है. भारत में यह दर 50.1 प्रतिशत रहेगी, जबकि चीन में 47 फीसदी. स्पष्टतः भारत न सिर्फ सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बना रहेगा, बल्कि सबसे तेजी से अति धनी लोगों की संख्या भी यहीं बढ़ेगी.

### सुभाषित

**माता मित्रं पिता चेति स्वभावात् त्रितयं हितम्।**
**कार्यकारणतश्चान्ये भवन्ति हितबुद्धयः।।**


माता-पिता और दोस्त, तीनों स्वाभाविक रूप से हमारे लाभ के लिए सोचते हैं, वे हमारे लाभ के बदले में कुछ भी उम्मीद नहीं करते हैं. इन तीनों के अलावा अगर दूसरे लोग हमारे हित के बारे में सोचते हैं तो वे भी बदले में हमसे कुछ उम्मीद करते हैं.

# रंग आने लगा, चुनावी नशा छाने लगा

**25 फरवरी को रांची में टोटेमिक कुड़मी-कुरमी समाज ने हुंकार रैली कर एक बार फिर आगाह किया कि कुड़मियों को एसटी का दर्जा नहीं मिला तो वे राजनीतिक दलों को सबक सिखा देंगे. उसने बड़े गर्व से कहा, हमारे लोग झारखंड की सात लोकसभा सीटों और 30 विधानसभा सीटों पर निर्णायक मत रखते हैं. मणिपुर हाईकोर्ट के 27 मार्च 2023 के एक फैसले से उनको अधिक बल मिला था, जिसमें मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा देने पर चार हफ्ते के अंदर विचार करने का आदेश मणिपुर सरकार को दिया गया था.**



• देश-काल



श्याम किशोर चौबे

...तो 26 फरवरी को मधु कोड़ा की सपत्नीक या यूं कहें कि सिंहभूम की कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा की स-पति भाजपा में इन्ट्री हो गई. 14 वर्षों बाद फरवरी 2020 में बाबूलाल मरांडी की भाजपा में वापसी हुई थी. आज की तारीख में वे झारखंड भाजपा के अध्यक्ष हैं. उन्होंने ही कोड़ा दंपती को पार्टी का पट्टा ओढ़ाया. कोड़ा महोदय 19 वर्ष बाद भाजपा में वापस हुए. अभी 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव की घोषणा बाकी है, लेकिन चुनावी नशा छाने लगा है. कोड़ा दंपती का भाजपा में आना तो साल भर पहले 7 जनवरी 2023 को ही तय हो गया था, जब अमित शाह चाईबासा पधारे थे. इंतजार चुनावी माहौल बनने का था. बासंती बयार में होलियाना सा एक सवाल मन को मथने लगा है. क्या ही अच्छा होता, हरिनारायण राय और एनोस एक्का भी इधर आ जाते तो 2005-2006 का जी-5/6 एक बार फिर कायम हो जाता. 2005 में जब झारखंड में अर्जुन मुंडा की सरकार थी, तब की जी-5 मंडली के कमलेश सिंह इंडि गठबंधन छोड़ एनडी गठबंधन के साथ पहले ही हो चुके हैं, चंद्रप्रकाश चौधरी कभी से इस गठबंधन में हैं, कोड़ा महोदय भी विराज गये. कमी उन दो की ही खटक रही है. 2006 में जब मुंडा महोदय और एनडी गठबंधन को अपदस्थ कर कोड़ा मुख्यमंत्री बन बैठे, तब जी-5 का नया संस्करण लॉन्च हुआ था, जिसमें नये सदस्य के बतौर भानु प्रताप शाही नमूदार हुए थे. वहीं भानु बाबू दिल बदलकर 2019 में भाजपामय हो गये थे. इन लोगों की खासियतों से सभी परिचित ही होंगे. खैर, राजनीति में आना-जाना लगा रहता है, लेकिन मौजूदा हालात पर एक और सवाल बनता है, इन नर पुंगवों के जुटान से भाजपा का शुद्धीकरण हुआ या ये लोग अपना शुद्धीकरण कराने आये हैं?

शुद्धीकरण के इस दौर में 27 फरवरी को हुए राज्यसभा चुनाव में यूपी में एक अतिरिक्त और हिमाचल की एकमात्र सीट हथियाने में भाजपा कामयाब रही. अखिलेश यादव और मल्लिकार्जुन खरगे तकते रह गये. हिमाचल में बहुमत वाली कांग्रेस सरकार असहाय सी टुक देखती रही, सीट उसके पंजे से सरक गई. यह जमाना वोट के ध्रुवीकरण का है. वही परम धरम-करम है. अब राजनीतिजीवियों के प्रजातंत्र का मूल मंत्र पावर और वोट बन गया है, जिसके लिए सबकुछ जायज है. चुनाव एक किस्म का युद्ध ही है और प्यार और युद्ध में सब जायज होता है.

यह घटनाओं का दौर है. आगे और भी दिलचस्प घटनाएं सामने आएंगी. 25 फरवरी को रांची में टोटेमिक कुड़मी-कुरमी समाज ने हुंकार रैली कर एक बार फिर आगाह किया कि कुड़मियों को एसटी का दर्जा नहीं मिला तो वे राजनीतिक दलों को सबक सिखा देंगे. उसने बड़े गर्व से कहा, हमारे लोग झारखंड की सात लोकसभा सीटों और 30 विधानसभा सीटों पर निर्णायक मत रखते हैं. मणिपुर हाईकोर्ट के 27 मार्च 2023 के एक फैसले से उनको अधिक बल मिला था, जिसमें मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा देने पर चार हफ्ते के अंदर विचार करने का आदेश मणिपुर सरकार को दिया गया था. उसी हाईकोर्ट ने 21 फरवरी को 2023 के निर्णय का संबंधित पैराग्राफ हटाते हुए एक तरह से अपना फैसला वापस ले लिया. संयोग यह भी कि 25 तारीख को ही रांची में पासवान महासम्मेलन हुआ, जिसमें परिसीमन कराके विधानसभा में एससी सीटें 07 से बढ़ाकर 20 करने की मांग उठायी गई. वोट का समीकरण जातीय सपोर्ट पर बहुत कुछ निर्भर करता है. इसलिए वोट का समय आने पर जातीय संगठनों के सतर्क-सक्रिय हो जाने का सिलसिला जमने लगा है. कुड़मी महाजुटान में दलगत भावना से अलग कई कुड़मी नेता जुटे थे, तो पासवान सम्मेलन में भी उसके जातीय नेताओं का आना किसी को बुरा नहीं लगना चाहिए. जाति, संप्रदाय, क्षेत्र, पंथ, धर्म जैसे शब्द संविधान की शोभा बढ़ा रहे हैं, राजनीतिक कार्य-व्यवहार ध्रुवीकरण के बिना चलता ही नहीं. कोई गर्व से खुद को ओबीसी बताता है तो कोई जनेऊ दिखाता है.

जेएसएससी द्वारा आयोजित 28 जनवरी को संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण में डीजीपी रहे नीरज सिन्हा ने कमीशन के अध्यक्ष पद से 21 फरवरी को इस्तीफा कर दिया. उन्होंने पांच महीने पहले 27 सितंबर 2023 को यह पद संभाला था. सरकार ने एसआईटी गठित की, विधानसभा के एक जूनियर अधिकारी सहित कई गिरफ्तारियां भी हुईं, लेकिन प्रतिपक्षी भाजपा है कि सीबीआई जांच की मांग पर अड़ी हुई है. काश! यूपी में हाल ही सिपाही बहाली परीक्षा के पेपर लीक मामले में भी वह सीबीआई जांच की मांग करती तो लगता, वह अखिल भारतवर्ष में समान विचारधारा रखती है. हिंदी पट्टी में चाहे बिहार हो कि राजस्थान या कि छत्तीसगढ़, एमपी हर जगह पेपर लीक समान घटना लगती है. फिर भी जिनकी बहाली हो जाती है, वे बेशक खुशकिस्मत हैं.

लोकसभा चुनाव के लिहाज से पूरे भारत के लिए यह चुनावी वर्ष है, सो केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पहली फरवरी को अंतरिम बजट पेश कर कई मसलों पर दरियादिली दिखायी. इसी साल के अंत में झारखंड विधानसभा का भी चुनाव होना है. आईपीएस अधिकारी रहे अर्थशास्त्र में पीजी डिग्रीधारी वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव अपने इस कार्यकाल का अंतिम बजट 27 फरवरी को पेश कर उसे 1,28,900/ करोड़ की ऊंचाई तक ले गये. उन्होंने भी खूब लोकलुभावन घोषणाएं की है. एक बार चुनाव का ऐलान हो जाय, फिर देखिये कौन कहां टिकता है. आज की राजनीति का कोई ठिकाना नहीं. राज्यसभा चुनाव को पैमाना माना जाय तो गैर एनडीए दलों को संभल जाना चाहिए.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## आसक्ति की मृगतृष्णा

हमारे गांव में एक फकीर घूमा करता था, उसकी सफेद लम्बी दाढ़ी थी और हाथ में एक मोटा डण्डा रहता था. चिथड़ों में लिपटा उसका ढीला-ढाला और झुर्रियों से भरा बुढ़ापे का शरीर. कंधे पर पेबंदों से भरा झोला लिये रहता था. वह बार-बार उस गठरी को खोलता, उसमें बड़े जतन से लपेटकर रखी, रंगीन कागज की गड्डियों को निकालता, हाथ फेरता और पुनः थैले में रख देता. जिस गली से वह निकलता और जहां भी रंगीन कागज दिखता, वह बड़ी सावधानी से उसे उठा लेता, कोने सीधे करता, तह कर हाथ फेरता और उसकी गड्डी बना कर रख लेता.

फिर वह किसी दरवाजे पर बैठ जाता और कागजों को दिखाकर कहा करता, ₹ये मेरे प्राण हैं.₹ कभी कहता, ₹ये रुपये हैं. इनसे गांव के गिर रहे, अपने किले का पुनर्निर्माण कराऊंगा.₹ फिर अपनी सफेद दाढ़ी पर हाथ फेरकर स्वाभिमान से कहता, ₹उस किले पर हमारा झंडा फहरेगा और मैं राजा बनूंगा.₹ गांव के बालक उसे घेरकर खड़े हो जाते, उस पर हँसा करते. वयस्क और वृद्ध लोग भी उसकी खिल्ली उड़ाते. कहते, ₹पागल है, तभी तो रंगीन रद्दी कागजों से किले बनवाने की बात कर रहा है.₹ मुझे अनुभूति हुई कि हम भी तो वही करते हैं. उस फकीर की तरह, हम भी रंग बिरंगे कागज संग्रह करने में व्यस्त हैं, उनसे किले बनाने के दिवास्वप्न में मस्त हैं. पागल तो हम हैं, जिन सुखों के पीछे बेतहासा भाग रहे हैं, अन्ततः वह सुख तो हमें मिलता ही नहीं. सारे ही प्रयास निरर्थक स्वप्न ही साबित होते हैं. यह फकीर जैसे हम संसार के प्राणियों से कहता है, ₹तुम सब पागल हो, जो माया में लिप्त, तरह-तरह के किले बनाते हो और सत्ता के सपने देखते रहते हो, इतना ही नही, मोहासक्त तुम अपने पागलपन को बुद्धिमत्ता समझते हो₹ ऐसे फकीर हर गांव- शहर में घूमते हैं, किन्तु हमने अपनी आंखों पर आसक्ति की पट्टी बांध रखी है और कान मोह मद से बंद कर लिये हैं. इसी से न हम यथार्थ को देख पाते हैं, न समझ पाते हैं. वास्तव में पागल वह नहीं, हम हैं. यह आसक्ति की मृगतृष्णा है. हम सभी रेगिस्तान में खड़े प्यासे मृग के समान हैं, जिसे कुछ दूरी पर पानी होने का आभास होता है तो वह उसे पाने के लिए दौड़ पड़ता है, लेकिन जब उस स्थान पर पहुंच जाता है तो पानी उसे पहले ही जितनी दूरी पर फिर दिखायी पड़ता है. वास्तव में वह पानी तो होता नहीं, केवल आसक्ति की छाया होता है.

# सामाजिक न्याय के एजेंडे का संकट

• समाज

प्रो. रविकांत

1994 में रिलीज़ हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'क्रांतिवीर' में नाना पाटेकर का एक डायलॉग बड़ा मशहूर हुआ था. पत्रकार का किरदार निभाने वाली डिम्पल कपाड़िया की तरफ इशारा करते हुए नाना पाटेकर भीड़ को संबोधित करते हैं. 'ये कलम वाली बाई क्रांति करने चली थी. क्रांति कैसे होगी? यहां सब बुजदिल हैं, मुर्दे हैं.' भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले राहुल गांधी यूपी पहुंचकर नाना पाटेकर के क्रांतिवीर की भाषा में संवाद कर रहे हैं. बनारस से इलाहाबाद होते हुए सामन्तवाद के गढ़ प्रतापगढ़ पहुंचे राहुल गांधी दलित-ओबीसी मुद्दों पर जमकर बरसे. संभवतया पहली बार राहुल गांधी ने दलितों और पिछड़ों को अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए ललकारा. भारत जोड़ो यात्रा से लेकर न्याय यात्रा में बिहार झारखंड तक राहुल गांधी भाजपा और आरएसएस की नफरत और हिंसा पर आधारित विभाजनकारी राजनीति को कठघरे में खड़ा करके दलित, आदिवासी और पिछड़ों के सवालों को संयमित भाषा में उठाते रहे हैं. एक राजनीतिक व्यक्तित्व से बढ़कर राहुल गांधी एक शिक्षक की तरह आंकड़ों के जरिए वंचित समुदायों को समझाते रहे कि नरेंद्र मोदी किस तरह दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के संसाधनों को छीनकर अपने पूंजीपति मित्रों की तिजोरियां भर रहे हैं. राहुल गांधी पूछते रहे कि देश की संपदा और संसाधनों में इन तबकों की हिस्सेदारी कितनी है? लेकिन जब राहुल गांधी यूपी पहुंचे तो उन्होंने दलित, ओबीसी और आदिवासियों को ललकारते हुए कहा कि तुम सोये हुए हो. तुममें दम नहीं है. दरअसल, यह अम्बेडकर और कांशीराम की भाषा है. उनका कहना था कि अधिकार मांगने से नहीं मिलते, छीनने पड़ते हैं. बुजदिली और कायरता से अधिकार नहीं मिलेंगे. इसके लिए मजबूती के साथ खड़ा होना होगा. लड़ना होगा. संघर्ष करना होगा. ऐसे में सवाल उठता है कि यूपी आकर राहुल गांधी एंग्री यंगमैन क्यों बन गए? राहुल गांधी में ये बदलाव कैसे आया? सामाजिक न्याय के विमर्श को कांशीराम ने उत्तर प्रदेश की जमीन पर साकार करके दिखाया. बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों के जरिए कांशीराम ने वंचितों को संविधान और वोट की ताकत का अहसास कराया. दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को एकजुट करके उन्होंने बहुजन राजनीति को मजबूत किया. दलितों, वंचितों में सम्मान और स्वाभिमान की चेतना पैदा करके कांशीराम ने सत्ता और संसाधनों पर समाज की दावेदारी मजबूत की. परिणामस्वरूप यूपी में चार बार बीएसपी की सरकार बनी, लेकिन इसी के समानांतर राम मंदिर आंदोलन के जरिए हिंदुत्व की राजनीति अपना प्रभाव जमा रही थी. बहुजन राजनीति इस खतरे को भांपने में असफल हुई. इसका नतीजा यह हुआ कि 2014 और 2019 के लोकसभा तथा 2017 और 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को यूपी में बड़ी सफलता मिली. जिस जमीन को अंबेडकर के विचारों के जरिए कांशीराम ने सामाजिक राजनीतिक बदलाव के लिए उर्वर बनाया था, उस पर हिंदुत्व के जरिए सामंतवाद और ब्राह्मणवाद के पुनरुत्थान की परत जमने लगी. राहुल गांधी ने सामंतवाद के गढ़ प्रतापगढ़ में दलितों पिछड़ों को याद दिलाया कि विश्वविद्यालयों से लेकर मीडिया तक और बड़े पूंजीवादी कंपनियों से लेकर उच्च न्यायालयों में उनकी भागीदारी नगण्य है. ओबीसी दलित और आदिवासियों की अनुमानित आबादी 73 फीसदी है, लेकिन देश को चलाने वाले 90 सचिव स्तर के अधिकारियों में केवल 7 इन तबकों से आते हैं. इनको भी सबसे कमजोर मंत्रालयों में जगह दी गई है. राहुल गांधी ने इन समुदायों को ललकारते हुए कहा कि तुम सोए हुए हो. तुममें दम नहीं है. तुम बब्बर शेर हो. अपनी ताकत को पहचानो. अन्याय से मुक्ति और अधिकारों की शक्ति हासिल करने के लिए तुम्हें खुद इस बर्बर सत्ता का मुकाबला करना होगा. आजादी के आंदोलन के दरम्यान लगभग गुलामी का जीवन जी रहे दलितों का आह्वान करते हुए डॉ अंबेडकर ने कहा था, शिकार बकरी का होता है, शेर का नहीं. राहुल गांधी दलितों वंचितों को जगाने के लिए डॉ अंबेडकर वाले तेवर में संवाद कर रहे हैं. यूपी देश का सबसे बड़ा सूबा है. 80 लोकसभा सीटें दिल्ली के लिए निर्णायक हैं. योगी आदित्यनाथ की भाजपा सरकार में दलितों पर 150 फीसदी हमले बढ़े हैं. सरकारी शिक्षा व्यवस्था खत्म की जा रही है. नौकरी के अवसर छीने जा रहे हैं. समृद्धि और सशक्तीकरण की आकांक्षाएं ध्वस्त की जा रही हैं. सरकारी संरक्षण में सामंती शक्तियां मजबूत हो रही हैं. राजनीतिक प्रतिनिधित्व के नाम पर अवसरवादी मुखौटों को लाकर भाजपा सामाजिक न्याय की हत्या कर रही है.

> दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को एकजुट करके उन्होंने बहुजन राजनीति को मजबूत किया. दलितों, वंचितों में सम्मान और स्वाभिमान की चेतना पैदा करके कांशीराम ने सत्ता और संसाधनों पर समाज की दावेदारी मजबूत की. परिणामस्वरूप यूपी में चार बार बीएसपी की सरकार बनी, लेकिन इसी के समानांतर राम मंदिर आंदोलन के जरिए हिंदुत्व की राजनीति अपना प्रभाव जमा रही थी.

# कितना असरदार होगा एमएसपी का मुद्दा

• चुनाव

योगेंद्र यादव

मोदी या मुद्दा? साल 2024 के लोकसभा चुनाव का नतीजा और इसी नाते हमारे गणतंत्र का भविष्य भी इस एक सवाल पर टिका है. अभी तक हमने या तो सिर्फ 'मोदी-मोदी' का घोष सुना है या फिर मंदिर का उद्घाटन जैसे छद्म मुद्दों का शोर, जिनमें एक तरह से 'मोदी-मोदी' की ही अनुगूंज है, लेकिन आखिरकार एक मुद्दा चुनावी अखाड़े में अब दाखिल हो गया है. ऐसा हुआ भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ के दूर-दराज के एक शहर अंबिकापुर में. कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने अंबिकापुर की सभा में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर अपना पहला बड़ा चुनावी वादा किया कि अगर चुनाव जीते तो कांग्रेस सभी किसानों के लिए स्वामीनाथन आयोग के सुझाये फार्मूले के हिसाब से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी लागू करेगी. इस घोषणा का महत्व किसी भी राजनीतिक पर्यवेक्षक की नजर में आने से चूक नहीं सकता. कांग्रेस का यह रुख नीतिगत मसले पर उठाये गये उसके पहले के कदमों से कतई अलग है—बात चाहे उस दौर की हो जब कांग्रेस सत्ता में थी या फिर 2019 के चुनावी घोषणा-पत्र की जब कांग्रेस विपक्ष में थी. साल 2022 के रायपुर 'संकल्प' में दर्ज यह गारंटी किसान-आंदोलन की लंबे समय से चली आ रही मांग के प्रति दिखायी गई पहली गंभीर और ठोस प्रतिबद्धता है. जहां तक किसान-आंदोलन की बात है, यह संघर्ष-पथ पर आया एक अहम पड़ाव है, जब पहली बार किसी बड़ी राष्ट्रीय पार्टी ने उनकी मांग की सभी तीन महत्वपूर्ण चीजों के लिए हामी भरी है. मतलब, एक तो यही कि एमएसपी तय करने के मौजूदा तरीके को बदलते हुए उसकी जगह स्वामीनाथन फार्मूला अपनाया जायेगा, जिसमें एमएसपी का निर्धारण व्यापक लागत-मूल्य (कृषि मंत्रालय की भाषा में कहें तो सी-2 की गणना करते हुए) और उसके ऊपर 50 प्रतिशत हिस्से को एक साथ जोड़कर किया जायेगा. तो क्या चुनावी लड़ाई के लिए विपक्ष के हाथ तुरुप का इक्का लग गया है? क्या विपक्ष को एक मुद्दा मिल गया है, जिसके सहारे वह मोदी को पटखनी दे सके? नहीं, ऐसा अभी तक तो हुआ नहीं जान पड़ता. एक राजनीतिक कार्यकर्ता ने मुझे बरसों पहले समझाया था कि "चुनावी मुद्दा अपने आप बनता नहीं, बनाया जाता है." किसी बात को एक कारगर चुनावी मुद्दे में तब्दील करने के लिए छह चीजें जरूरी हैं. इनमें से चार चीजों की पूर्ति कांग्रेस ने एमएसपी की कानूनी गारंटी को हामी भरके पहले ही कर दी है. अब कांग्रेस को बाकी बची दो चीजों पर काम करना होगा. किसी बात को कारगर चुनावी मुद्दे में तब्दील करने के लिए जरूरी छह चीजों में एक यह है कि मतदाताओं की एक बड़ी दुखती रग होनी चाहिए, जिससे छुटकारा पाने के लिए वे काफी समय से इंतज़ार कर रहे हों. किसानों को अपनी उपज का लाभदायक मूल्य नहीं मिलता और किसान इस बात को जानते हैं. गेहूं और धान को छोड़ दें तो किसी अन्य फसल के सरकारी उपार्जन की बात एक छलावा है. सन् 1980 के दशक से ही किसान-आंदोलन की मांग रही है कि 'फसल का लाभकारी दाम' मिले. किसी बात के चुनावी मुद्दे में तब्दील होने की दूसरी जरूरी शर्त है कि मतदाताओं के बड़े हिस्से की कोई रग दुख रही है तो इस मर्ज़ की एक ऐसी दवा होनी चाहिए, जो बीमार को ठीक जान पड़े. किसानों की दुखती रग (खेती में लागत ज्यादा लाभ कम) के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी ऐसी ही दवा है. किसानों की दुखती रग के लिए एक नीतिगत समाधान मौजूद है और निर्वाचित सरकार को इसके लिए जवाबदेह माना जा सकता है. समाधान को समझना आसान है और इस समझ के सहारे किसानों को लामबंद करना भी. बस एक मुश्किल यही आया करती थी कि ज्यादातर किसानों ने एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) का नाम भी नहीं सुना था. तीन काले कानूनों के खिलाफ बने किसानों के ऐतिहासिक मोर्चे ने भले ही एमएसपी की कानूनी गारंटी कराने की मांग मनवाने में कामयाबी हासिल नहीं की हो, लेकिन उसने एमएसपी नाम को किसान-परिवारों के घर-घर तक पहुंचाने में जरूर ही सफलता पायी. यह बात सिर्फ बड़े किसानों पर ही लागू नहीं होती, जिनके पास बाजार में बेचने को सरप्लस उपज होती है, बल्कि किसानों के अन्य वर्गों पर लागू होती है. एमएसपी की जटिलता भले ही समझ में न आए, लेकिन हर किसान-कार्यकर्ता यह बात जानता है कि उसकी एमएसपी पर हकदारी बनती है और यह हक देने से इनकार किया जा रहा है.

> किसानों की दुखती रग (खेती में लागत ज्यादा लाभ कम) के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी ऐसी ही दवा है. किसानों की दुखती रग के लिए एक नीतिगत समाधान मौजूद है और निर्वाचित सरकार को इसके लिए जवाबदेह माना जा सकता है. समाधान को समझना आसान है और इस समझ के सहारे किसानों को लामबंद करना भी.

### मीडिया में अन्यत्र

## आजीविका : भारतीय प्रवासी और जोखिम

**अपने** किस्म की पहली पुष्टि में, सरकार ने यह माना है कि रूसी सेना ने भारतीयों को भर्ती किया है और उन्हें यूक्रेनी सीमा के भीतर अब रूसी नियंत्रण वाले इलाके में तैनात किया है. विदेश मंत्रालय का कहना है कि 'चंद' भारतीय नागरिकों ने सैन्य हेल्पर व लोडर के रूप में 'सपोर्ट जॉब' के लिए योगदान दिया था और इस किस्मों की चीजों को सरकार सक्रियतापूर्वक हतोत्साहित करती है. मंत्रालय ने कहा कि भारतीय दूतावास ने उनकी 'समय-पूर्व कार्यमुक्ति' के लिए रूस पर दबाव डाला है और परिवारों के उन आरोपों से इनकार किया कि भारतीय अधिकारियों ने उचित प्रतिक्रिया नहीं दिखायी. मोटे पैसे वाली नौकरियों का वादा करने वाले ऑनलाइन विज्ञापनों व बिचौलियों द्वारा ललचाये गये दर्जनों भारतीयों के युद्ध में शामिल होने के सबूत के बावजूद, सरकार ने कोई बयान नहीं दिया. उसने मुंह तभी खोला जब 'द हिंदू' में रिपोर्टों की एक शृंखला प्रकाशित हुई, जिसमें सूरत से वहां गये एक आदमी के यूक्रेनी ड्रोन-संचालित मिसाइल की चपेट में आकर मारे जाने की खबर भी शामिल थी. समस्या को अगर जल्दी स्वीकार कर लिया जाता और झांसा देने वालों के खिलाफ ज्यादा जागरूकता अभियान चलाये जाते, तो शायद दूसरे लोग ऐसे नौकरियों में योगदान देने और नुकसान उठाने से बच जाते. सरकार को उन बेईमान भर्ती-करनेवालों के नेटवर्क के खिलाफ भी छानबीन करनी चाहिए जो काम की प्रकृति को पूरी तरह समझाये बिना, विदेश में नौकरी तलाश रहे भारतीयों से मोटी फीस वसूलते हैं. सच्चाई यह है कि युद्ध क्षेत्र में चाकर की अपनी भूमिका का पता चलने के बावजूद, उनके पास बहुत कम विकल्प होते हैं. नौकरी के लिए परिवार की जमापूंजी खर्च कर चुके या कर्ज ले चुके ये लोग लगाई गई राशि में से कुछ वापस कमाये बिना लौट नहीं सकते. सरकार को 18 'आव्रजन जांच आवश्यक' (ईसीआर) देशों की सूची अपडेट करते हुए, संघर्ष में फंसे देशों के लिए अपनी प्रक्रियाओं की समीक्षा करनी चाहिए, ताकि ऐसे काम के लिए विदेश यात्रा कर रहे भारतीयों के अनुबंधों को ज्यादा गहनता से जांचा जाए, उन्हें बेहतर सलाह दी जाए और उन्हें सुरक्षा भी मुहैया करायी जाए. यह देखते हुए कि नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश भी इसी तरह के मसलों का सामना रहे हैं, गैर-महफूज रोजगार के अवसरों की मार्केटिंग करने वाले नेटवर्कों को ध्वस्त करने में ज्यादा क्षेत्रीय सहयोग मिल सकता है. 'संघर्ष से दूर रहने' की विदेश मंत्रालय की अपील साफ तौर पर अपर्याप्त है.



(द हिंदू)

### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## वेदना/संवेदना

**वह** वेदना से व्याकुल था, लेकिन कोई भी उसके पास जाकर अपनी संवेदना व्यक्त नहीं कर सका. लगता है हमारा समाज दिनोदिन संवेदन हीन होता जा रहा है. इस वाक्य में वेदना और संवेदना दो शब्द प्रमुखता से मिल रहे हैं. झटके में ऐसा महसूस होता है कि वेदना और संवेदना में कोई अंतर नहीं है, लेकिन ऐसी बात नहीं है. हां, हम यह कह सकते हैं कि वेदना और संवेदना एक ही सिक्के के दो पहलू हैं. एक पहलू में वह व्यक्ति है, जो वेदना से व्याकुल है तो दूसरे पहलू में समाज के लोग, जिनके हृदय में संवेदना प्रकट होनी चाहिए. ये दोनों तत्सम संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द हैं. वेदना का अर्थ है दर्द, कष्ट, व्यथा. जैसे मानसिक वेदना, दर्द की अनुभूति. वहीं संवेदना का अर्थ है अनुभूति. सहानुभूति जैसे हार्दिक संवेदना. सहज शब्दों में कहा जाये तो वेदना का मतलब है पीड़ा और संवेदना का मतलब है सहानुभूति. हम सहानुभूति, संवेदना, अनुकंपा, दया, तरस आदि को हमदर्दी का एक रूप समझ सकते हैं. जब हम किसी के दुःख को देखकर ही मन में उसकी पीड़ा को समाप्त करने की प्रबल इच्छा जाग जाये तो वह सहानुभूति है. संवेदना का अर्थ भी एक तरह जज्बाती तौर पर किसी का दुख महसूस करना है और उसका कष्ट दिल से महसूस करना है. किसी की पीड़ा को हम कितनी शिद्दत से महसूस करते हैं बस इतना ही अंतर है सहानूभूति और संवेदना में. अगर कोई भी बुजुर्ग महिला बीमार है या उसके हालात अच्छे नहीं हैं तो हमें उससे सहानुभूति होती है, लेकिन अगर हमारी मां, बहन, पिता किसी मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं तो हम उनके दुख या तकलीफ के बारे में बार बार सोचते और बात करते हैं, यह हमारी संवेदना है. संवेदना दिल से गहरे जुड़ी होती है और इसका असर बहुत देर तक रहता है जबकि सहानुभूति कुछ पल या कुछ दिन की होती है.

# सियासत, जुमले और जुमलेबाजी

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा



ज़मीन और आसमान तक फैली हुई, कबूतरबाजी से लेकर पतंगबाजी तक, न जाने कितनी और कैसी-कैसी तो बाजियां हैं. आदमी इन्हें खेलता है, लगाता है; इंतज़ार करते करते कुछ लोगों की बाज़ी आखिर आ ही जाती है, कुछ उसकी प्रतीक्षा ही करते रह जाते हैं और बाज़ी नहीं आती. कुछ दबंग लोग जहां खड़े होते हैं, वहीं से उनकी बाजी शुरू होती है. कुछ बाज़ी लगाने के लिए खड़े ही नहीं हो पाते. भाषा में सिर्फ शब्द नहीं बोले जाते. शब्दों से वाक्य बनाए जाते हैं. वाक्य ही शब्दों का अर्थ स्पष्ट करते हैं. वाक्य को अंग्रेज़ी में 'संटेंस' कहते हैं और उर्दू में 'जुमला'. वाक्य और संटेंस के साथ लोग भाषाई खेल भले खेलते हों, लेकिन 'जुमलेबाजी' सिर्फ जुमले के साथ ही हो सकती है. लोग जुमला बोल देते हैं, और भूल जाते हैं. ठीक वादों की तरह. जुमला सिर्फ जुमला भर रह जाता है, सार्थक नहीं हो पाता. जो लोग इस तरह के जुमले बोलने के आदी हो जाते हैं, जुमलेबाज़ कहलाते हैं. राजनीति में जुमलेबाजी का दबबदबा है. इलेक्शन के समय इस तरह की जुमलेबाजी खूब की जाती है. लोग भ्रम में पड़ जाते हैं और अक्सर गलत लोगों को वोट दे आते हैं. वे भूल जाते है कि बोली गई बातें महज़ 'जुमले' थे. बच्चा जब किसी चीज़ की फरमाइश करता है, तो पापा उसे पूरी करने का वादा करते हैं, समय बीतता है और बच्चा अपनी फरमाइश भूल जाता है और पापा अपना वादा. पापा का वादा महज़ जुमला होकर रह जाता है. सियासत आमतौर पर जुमलों का व्यापार है. सियासत में जुमलेबाजी अपने शबाब पर होती है. राजनीति में जुमलेबाजी न हो तो मज़ा ही क्या ? लेकिन लोग सिर्फ मज़े के लिए ही जुमलेबाजी नहीं करते, जुमलेबाजी से वे अपना उल्लू सीधा करते हैं और अक्सर मनचाहा परिणाम उन्हें प्राप्त भी हो जाता है. राजनीति इसी का नाम है. कभी कभी हम अपनी बातों में गंभीर भी होते हैं, लेकिन कुछ परिस्थितियां जिन पर अपना कोई वश नहीं होता, हमारे कथ्य को "जुमला" बना डालती हैं. क्या किया जाए, हमारा दुर्भाग्य! जुमला जोड़ है. दो या दो से अधिक संख्याओं का कुल जमा है. गणित की कक्षाओं में बच्चे जुमला लगाना सीखते हैं. ज़िंदगी में जुमला सिर्फ जोड़ नहीं, तोड़ भी होता है. जो जोड़-तोड़ की इस कला में माहिर होते हैं, वे लोग अपनी ज़िंदगी बखूबी जी लेते हैं. जुमलेबाज़ी को आप कमतर न समझें. यह मक्कारी का खेल है; राजनीति का माध्यम है. साहित्य की जान है. यह कर्म-कौशल है.

# बायोस्कोप




*महिलाओं के खिलाफ दो अर्थी संवाद, भद्दे चुटकुले परोसने और उन्हें बिक्री की वस्तु के रूप में पेश करने के लिए बॉलीवुड अपने प्रारंभिक दौर से ही बदनाम है. लेकिन यहीं समय-समय पर कुछ ऐसी फिल्में भी बनीं जो आधी आबादी के हौसले और हिम्मत को सशक्त रूप में सामने लाईं. जिसने महिलाओं के विरुद्ध घरेलू हिंसा व अन्य अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद की. इन फिल्मों ने महिलाओं की मन:स्थितियों, द्वन्द, समस्याओं और उनसे उबरने के उनके माद्दा को बहुत सशक्त रूप से जाहिर किया. इस सप्ताह जब जमाना महिलाओं के हौसले और उड़ान को सलाम कर रहा है, आइए, हम बॉलीवुड की कुछ ऐसी फिल्मों की बात करें जो महिलाओं की सशक्त तस्वीर जाहिर कर करती हैं-*

# बॉलीवुड की इन फिल्मों में महिलाओं की बुलंद आवाज

### गंगूबाई काठियावाड़ी, 2022

आलिया भट्ट की मुख्य भूमिका वाली यह बॉलीवुड बायोपिक ड्रामा है जो गंगूबाई काठियावाड़ी के जीवन पर आधारित है. फिल्म में गंगूबाई के व्यक्तित्व को बहुत सशक्त रूप में दिखाया गया जो परिजन द्वारा ही कभी रेड लाईट एरिया में फंसाई गई थी. बाद में यहां की औरतों के हक़ के लिए लड़ीं और अपनी खास छवि बनाई.

### मदर इंडिया, 1957

नरगिस ने इस फिल्म में राधा की भूमिका निभाई थी, जो एक गरीब विधवा है और अपने दो बच्चों को बड़ा करने के लिए विपरीत परिस्थितियों से जूझती है. वह अपने मूल्यों के प्रति सदा समर्पित रहती है और न्याय के लिए अपने बेटे को मारने से भी नहीं चूकती. 'पति नहीं है तो क्या मैं तो हूं, बच्चों के सिर पर पिता का साया नहीं है तो क्या मां तो है, हालात साथ नहीं हैं तो क्या हौसला तो है'... फिल्म के ये डायलॉग उस दौर में महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश देते हैं.

### मिर्च मसाला, 1987

यह फिल्म गांव की एक औरत ( सोन बाई जिसकी भूमिका स्मिता पाटिल ने निभाई ) के बारे में है जो नसीरुद्दीन शाह द्वारा निभाए गए सूबेदार की भूमिका को 'ना' कहने का साहस दिखाती हैं, ताकि वह अपने आपको उसकी बुरी नजर से बचा सके. फिल्म में दीप्ति नवल की भी अहम भूमिका है, जो अपनी बच्ची की पढ़ाई के लिए गांव के मुखिया का भी विरोध कर देती है.

### लज्जा, 2001

फिल्म लज्जा में मुख्य चार महिला किरदारों के जरिए भारतीय महिलाओं की दुर्दशा को दिखाया गया है. मनीषा कोइराला मुख्य भूमिका में हैं, अन्य प्रमुख भूमिकाओं में माधुरी दीक्षित, रेखा, महिमा चौधरी, अनिल कपूर और अजय देवगन शामिल हैं. अलग-अलग परिवेश, परिस्थिति और हैसियत की चारों महिलाओं की कहानी इस फिल्म के जरिए दिखाया गया है.

### इंग्लिश विंग्लिश, 2012

बच्चे इंग्लिश कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ते हों, अंग्रेजी नहीं जानने के कारण पग-पग पर दुविधा/अपमान की स्थिति आती हो, एक हाउस वाइफ की इन्हीं मन:स्थितियों को फिल्म 'इंग्लिश विंग्लिश' में बहुत बारीकी से दिखाया गया है. श्रीदेवी अभिनित इस फिल्म में दिखाया गया कि महिला अपनी हर भूमिका मजबूती से निभाती है और जब ठान लेती है तो कुछ भी कर सकती है.

### पिंक, 2016

यह एक भारतीय कोर्ट ड्रामा सोशल थ्रिलर फिल्म है, जिसे अनिरुद्ध रॉय चौधरी ने डायरेक्ट किया है. अमिताभ बच्चन, तापसी पन्नू और कीर्ति कुल्हारी स्टारर यह फिल्म तीन युवतियों की कहानी पर आधारित है, जो यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने के बाद समाज से लड़ती हैं.

### थप्पड़, 2020

तापसी पन्नू की अभिनीत वाली यह फिल्म घरेलू हिंसा का सामना करने वाली एक महिला की कहानी पर आधारित है. पत्नी को मारे गए थप्पड़ को जहां समाज परिस्थितिजन्य सामान्य व्यवहार करार देता नजर आता वहीं अभिनेत्री के अपने आत्मसम्मान से इसे जोड़ कर लंबी लड़ाई लड़ने के हौसले को बखूबी दर्शाया गया है.

### क्वीन, 2014

फिल्म में एक सीधी-सादी लड़की की कहानी है जो माता-पिता की मर्जी से शादी करना, पति की मर्जी से अपने जीवन के फैसले लेने को ही अपना धर्म मानती है. फिल्म में मजेदार ट्वीस्ट तब आता है, जब लड़का सगाई तोड़ देता है. वह जिंदगी में आगे बढ़ने का निर्णय लेकर अकेले हनीमून पर निकल जाती है और एम्स्टर्डम से पेरिस तक की इस यात्रा के अनुभव ने उसकी जिंदगी के मायने बदल देते हैं.

### दामिनी, 1993

फिल्म दामिनी एक ऐसी महिला की कहानी है, जो सच और इंसाफ की लड़ाई में अपने प्यार, पति और परिवार सबकुछ दांव पर लगा देती है. दामिनी की शादी एक अमीर परिवार में होती है, यहां वह अपने जेठ के खिलाफ खड़ी हो जाती है, जो घर की नौकरानी का रेप कर देता है. आखिरकार जीत दामिनी की होती है.

## इनमें भी मुखर हुई आधी आबादी की आवाज

- राम माधवानी के निर्देशन में बनी नीरजा फिल्म एयर होस्टेस नीरजा भनोट की असल कहानी पर आधारित थी. एसिड अटैक सर्वाइवर लक्ष्मी अग्रवाल की प्रेरणास्पद कहानी पर आधारित छपाक भी चर्चित रही.
- इंडियन बॉक्सर मैरी कॉम की जिंदगी पर बनी फिल्म मैरी कॉम में दिखाया गया कि एक एथलीट के लिए शादी कितनी मुश्किल बात है और शादी के बाद कमबैक करना कितना मुश्किल होता है.
- महेश भट्ट निर्देशित अर्थ फिल्म में दिखाया गया कि कैसे एक महिला अपने पति से धोखा खाने के बाद अपनी जिंदगी को आगे बढ़ाती है.
- मृत्युदंड फिल्म की कहानी भी पसंद की गई जिसमें गांव के बाहुबली के खिलाफ दो महिलाएं अपने हक के लिए लड़ती हैं. वहीं अस्तित्व फिल्म एक्सट्रा मेरिटल अफेयर, पति का एब्यूज और एक महिला के अपनी पहचान को खोजने की कहानी है. आखिर में वह महिला अपने पति और बेटे को छोड़कर चली जाती है.

## और ये हैं महिलाओं पर आधारित बॉलीवुड की सबसे कॉन्ट्रोवर्शियल फिल्में

- महिलाओं पर आधारित कई फिल्में कंट्रोवर्सियल भी रहीं जिसमें महिलाओं का बोल्ड और आजाद रूप का जमकर विरोध किया गया. कई बार इन फिल्मों के खिलाफ नारेबाजी और हिंसक प्रदर्शन भी हुए.
- फूलन देवी के जीवन पर बनी फिल्म "बैंडिट क्वीन" ऐसी ही विवादास्पद फिल्म है. 1994 में शेखर कपूर की बनाई यह फिल्म यह एक सत्य घटना पर आधारित फिल्म है, जिसमें "फूलन देवी" नाम की महिला के जीवन के संघर्षों को दिखाया गया है. सालों पहले डाकू और बाद में सांसद रहीं "फूलन देवी" का रोल सीमा विश्वास ने निभाया था. फिल्म में बोल्ड सीन और रफ भाषा होने के कारण इसपर जमकर कॉन्ट्रोवर्सी हुई, जिसके चलते फिल्म को काफी समय के लिए बैन कर दिया गया.
- 2006 में आई फिल्म "वाटर" में निष्कासित की गई महिलाओं पर हुए अत्याचारों को दिखाया गया है. फिल्म की रिलीज के बाद ही इसपर बहुत बवाल हुआ. 1996 में आई फिल्म फायर में दो महिलाओं के बीच समलैंगिक प्रेम प्रसंग दिखाने के कारण इस फिल्म को विरोध का सामना करना पड़ा. बोल्ड कंटेंट होने के कारण इस फिल्म को सेंसर बोर्ड द्वारा भी बैन कर दिया गया.
- 2015 में आई फिल्म "अनफ्रीडम मॉर्डन डे" में भी दो लड़कियों के बीच के प्रेम को दिखाया गया था. फिल्म के सीन इतने ज्यादा बोल्ड थे कि सेंसर बोर्ड ने भी फिल्म पर बैन लगा दिया वहीं आमलोगों के विरोध का भी सामना करना पड़ा.
- 2017 में आई फिल्म "लिपस्टिक अंडर माई बुर्क़ा" का भी जमकर विरोध हुआ.
- फिल्म में महिलाओं के बोल्ड अवतार को देखकर कई मुस्लिम नेताओं ने जमकर विरोध किया और कहा कि यह फिल्म मुस्लिम महिलाओं को बुर्का न पहनने के लिए भड़का रही है.

**राधिका-अनंत प्री-वेडिंग फंक्शन**

## यहां जमीं के सितारों की हो रही है शाही मेहमाननवाजी, आज मेला रॉग पार्टी

*अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट का प्री-वेडिंग फंक्शन इन दिनों (1 से 3 मार्च तक) जामनगर में चल रहा है. इसमें शरीक होने देश-विदेश के मेहमान जामनगर पहुंच रहे हैं. आज मेहमान पहले रिलायंस एनिमल रेस्क्यू सेंटर घूमेंगे और फिर शाम को मेला रॉग पार्टी में शरीक होंगे. इनसे जुड़ी हर खबर, रील्स, वीडियो वायरल हो रहे. हॉलीवुड आर्टिस्ट रिहाना के रिहर्सल, उनके सामानों के कंटेनर से जुड़े वीडियो वायरल हो रहे तो फ्लाइट में मेहमानों को परोसा जा रहा खास नास्ता भी आग लगा रहा. हर कोई बस राधिका अनंत की रॉयल वेडिंग के लेटेस्ट अपडेट का इंतजार कर रहा है.*



### दुल्हन सा सजा एयरपोर्ट

जामनगर एयरपोर्ट को मेहमानों के स्वागत के लिए दुल्हन की तरह सजाया गया है. चारों ओर फूलों की सजावट की गई है. नारंगी, गुलाबी और नीले कपड़ों से सजाया गया है. मेहमानों का स्वागत पारंपरिक तरीके से करने के लिए यहां पेंटिंग और लैंप भी रखे गए हैं.

### फ्लाइट में मेहमाननवाजी

मेहमानों को दिल्ली और मुंबई से जामनगर तक लाने और वापस पहुंचाने के लिए चार्टर्ड उड़ानों की व्यवस्था की गई है. फ्लाइट में अंबानी परिवार की तरफ से मेहमानों का खास नाश्ता परोसा जा रहा. यह दृश्य हाल ही में एक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे वीडियो में देखा गया. स्पेशल नाश्ते के साथ ही खूबसूरत मैसेज भी राधिका अनंत की तरफ से दिया गया.

### पहुंच गए ये सितारे

अमिताभ बच्चन, रणबीर कपूर, आलिया भट्टा, विक्की कौशल, कैटरीना कैफ, सिद्धार्थ मल्होत्रा, कियारा आडवाणी, खुशी कपूर, इब्राहिम अली खान, एम एस धोनी, साक्षी धोनी, दिशा पटानी, वरुण धवन, अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, रानी मुखर्जी, आदित्य रॉय कपूर, अनन्या पांडे, हार्दिक पांड्या, रितेश देशमुख, जेनेलिया डिसूजा समेत कई सितारे अनंत और राधिका के प्री-वेडिंग फंक्शन अटेंड करने पहुंच गए हैं. हॉलीवुड आर्टिस्ट रिहाना के अलावा फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग और प्रिसिला चान भी फंक्शन में आ गए हैं.




### रणबीर का सुपर हबी अवतार

दीपिका पादुकोण ने हाल ही गुड न्यूज फैंस के साथ शेयर की है. दीपिका सितंबर में बच्चे को जन्म देंगी. इस अनांउसमेंट के बाद दोनों को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया. इस दौरान रणवीर अपनी प्रेग्नेंट पत्नी का पूरा ध्यान रखते नजर आए. फैंस को थोड़ा बेकाबू होते देख रणवीर बिना अपना आपा खोए सुपर हसबैंड बने और प्रेग्नेंट दीपिका पादुकोण को भीड़ से खास अंदाज में बचाया.वे बड़ी सहजता से दीपिका के पीछे आए और दोनों हाथों से उन्हें प्रोटेक्ट किया.

**हस्ताक्षर**

## बॉलीवुड में पुनर्प्रदर्शन का बढ़ता बाजार

*सुभाष घई की नब्बे के दशक में आयी 'कर्मा' एक बार फिर रिलीज हुई है. हालांकि 'पुनर्प्रदर्शन' की बात हम आज करने लगे हैं, सच तो यही है कि 70-80 के दशक में जब छोटे शहर सिंगल थिएटर से आच्छादित थे, पुरानी फिल्में अक्सर दोहरायी जाती थीं. उस दौर में फिल्में बनती भी कम थीं, और प्रिंट भी कम रिलीज होते थे, सो छोटे शहरों को ऐसे भी पुरानी फिल्मों से संतोष करना पड़ता था.*



विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार

### मुगले आजम से ट्रेंड की शुरुआत

यदि हिंदी में बकायदा पुनर्प्रदर्शन की बात करें तो वह फिल्म होगी 'मुगले आजम'. अगस्त 1960 में पहली बार आंशिक रंगीन रूप में 'मुगले आजम' सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, और अपनी कलात्मकता, अपने संगीत, अपने अभिनय से इस फिल्म ने एक मिसाल कायम की थी. डिजिटल तकनीक की सहज उपलब्धता के बाद फिल्म को रंगीन करना आसान हो गया तो इस फिल्म को तकनीकी रूप से और बेहतर और रंगीन बना कर नए दर्शकों के लिए 2004 में पुनर्प्रदर्शित किया गया अपने पुनर्प्रदर्शन में भी 'मुगले आजम' सफल रही, और इसने कई फिल्मकारों को नए स्वरुप में फिल्म प्रदर्शन को उत्साहित किया, जिसमें बी आर चोपड़ा की 1957 में बनी 'नया दौर' भी थी, लेकिन 2007 में दर्शक मशीन और मनुष्य के संघर्ष की इस कथा को स्वीकार नहीं कर सके. इस दौर में एवरग्रीन माने जाने वाले देव आनंद कहां पीछे रहने वाले थे. 1961 में रिलीज 'हम दोनों' को पूरे रंगीन स्वरुप में 2011 में उन्होंने पुनर्प्रदर्शित किया. उनकी योजना 'काला बाजार' और 'जाली नोट' जैसी फिल्म को रंगीन नए अवतार में भी प्रस्तुत करने की थी, लेकिन इस तरह की फिल्मों की शुरुआती असफलता ने देव साहब के साथ अन्य फिल्मकारों के भी उत्साह को कम कर दिया.

### समय का मसला अहम

वास्तव में तकनीक के उत्साह में हम भूल जाते हैं कि कोई भी कला समय सापेक्ष होती है. वह अपने समय से संवाद करती है तभी सर्वकालिक महान में




शुमार की जाती है. मुगले आजम की सर्वकालिक कथा की बात और है, लेकिन 'हम दोनों' को स्वीकार्य बनाने के लिए जैसे ही उसे आधुनिक कलेवर में दर्शकों के सामने रखना चाहेगें, दर्शकों को उसमें ना तो 1960 दिखेगा न ही 2010, और कोई भी कृति समय से निरपेक्ष होने के बाद निरर्थक हो जाती है. ऐसा ही हिंदी की सफलतम फिल्मों में एक 'शोले' के संदर्भ में देखी गई, जब रिलीज के 40 साल पूरे होने पर इस फिल्म का 3डी वर्सन रिलीज किया गया, लेकिन दर्शकों ने जरा भी तवज्जो नहीं दी. हालांकि 'गदर 2' की रिलीज के पहले 'गदर' रिलीज की गई तो दर्शकों में वही 22 साल पहले की दीवानगी देखी गई.

### खास अवसरों पर पुनर्प्रदर्शन

क्रिकेटर धोनी के जन्मदिन पर नीरज पांडेय ने 'एम एस धोनी-द अनटोल्ड स्टोरी' पुनर्प्रदर्शित की तो दर्शकों ने एक बार फिर देखने में कोई कोताही नहीं की. इसके पहले सबसे लंबे समय तक थिएटर में चलने वाली फिल्म का इतिहास कायम करने वाली 'दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे' भी कुछ खास शहरों में शाहरुख खान के जन्मदिन पर पुनर्प्रदर्शित की गई थी. 2020 में मनमोहन देसाई की कल्ट फिल्म 'अमर अकबर एंथनी' का भी पुनर्प्रदर्शन अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर किया गया था. वास्तव में हिंदी में पुनर्प्रदर्शन की परंपरा ने कोरोना के बाद एक बार फिर जोर पकडा, जब लंबी बंदी के बाद थिएटर खुले, और दर्शक डर से थिएटर आने को तैयार नहीं थे. पुरानी फिल्मों के साथ आधी तिहाई दर्शकों के बीच सिनेमा घरों ने उस समय अपने को बचाए रखने की कोशिश की.

बहरहाल, ओटीटी के दौर में जब सारे नेटवर्क के पास सिनेमा के बैंक भरे परे हैं, जो हर समय हमारे एक क्लिक पर उपलब्ध हैं, ऐसे में पुनर्प्रदर्शन की यह परंपरा हिंदी सिनेमा के लिए कब तक जरुरत बनी रहेगी कहना कठिन है.

## ओटीटी पर इनका धमाल

*ओटीटी पर नई फिल्मों और वेब सीरीज को लेकर लोगों की दीवानगी बढ़ती ही जा रही है. लोग वीकेंड से पहले ही इंतजार करने लगते हैं कि कौन ही फिल्म या वेब सीरीज रिलीज होने वाली है जिसे वो वीकेंड पर आराम से देख सकें. मार्च का महीना शुरू हुआ है और इसके साथ ही कई फिल्में और वेब सीरीज आ रही हैं. आइए जानें कि नए महीने में ओटीटी पर क्या-क्या देखने को मिलेगा-*




**मर्डर मुबारक :** 15 मार्च को नेटफ्लिक्स पर यह रिलीज़ होगी. होमी अदजानिया की सस्पेंस थ्रिलर में पंकज त्रिपाठी, सारा अली खान, विजय वर्मा, डिंपल कपाड़िया, करिश्मा कपूर और संजय कपूर अभिनय करेंगे.

**ए वतन, मेरे वतन :** अमेजन प्राइम वीडियो पर यह 21 मार्च को रिलीज होगी. इसमें सारा अली एक स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता की भूमिका निभा रही हैं.

**मामला लीगल है :** यह सीरिज 1 मार्च को नेटफ्लिक्स रिलीज हुई. यह वीडी त्यागी पर है. इसमें रवि किशन मुख्य भूमिका में हैं.

माई नेम इज लोह किवान : एक नार्थ कोरिया डिफेक्टर के इर्द-गिर्द घूमती यह फिल्म भी मार्च की पहली तारीख को रिलीज हो चुकी है.

**नेपोलियन :** नेपोलियन बोनापार्ट के जीवन पर आधारित यह फिल्म 1 मार्च को एप्पल टीवी+ पर रिलीज हो चुकी है.

**सनफ्लावर सीजन 2 :** सुनील ग्रोवर और अदा शर्मा की मुख्य भूमिका वाला यह सीरीज 1 मार्च को जी5 पर रिलीज हुआ. इसमें रणवीर शौरी, गिरीश कुलकर्णी, मुकुल चड्ढा आशीष विद्यार्थी आदि हैं.

**प्रिसिला :** 'प्रिसिला' एल्विस प्रेस्ली की पत्नी प्रिसिला ब्यूलियू की जिंदगी पर बेस्ड यह फिल्म भी एक मार्च को ओटीटी पर रिलीज हुई.

**द जेंटलमैन :** नेटफ्लिक्स पर यह एक्शन सीरिज सात मार्च को रिलीज होगी. इसमें थियो जेम्स को अपने पिता की बड़ी संपत्ति विरासत में मिलती है लेकिन उसे जल्द ही पता चला कि यूके अंडरवर्ल्ड उसे इस पर चुनौती देना चाहता है.

**महारानी सीजन 3 :** सोनी लिव पर हुमा कुरेशी की महारानी सीज़न 3 7 मार्च को लौट रहा है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## रणजी सेमीफाइनल : मुंबई और तमिलनाडु के बीच आज से

# श्रेयस अय्यर पर रहेंगी नजरें



लंबे समय के बाद घरेलू क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं अय्यर

भाषा । मुंबई

खराब दौर से जूझ रहे भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर तमिलनाडु के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के जरिये 41 बार की चैंपियन मुंबई के लिये घरेलू क्रिकेट में वापसी करेंगे तो उनका इरादा अपनी उपयोगिता साबित करने का होगा. भारतीय टेस्ट टीम से बाहर अय्यर को रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल नहीं खेलने के कारण बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है. वह अब ग्रोइन की चोट से उबरकर सेमीफाइनल खेलने के लिये फिट हैं. तमिलनाडु की स्पिन गेंदबाजी के सामने मुंबई की बल्लेबाजी का दारोमदार बहुत हद तक अय्यर पर होगा. तमिलनाडु के कप्तान आर साइ किशोर (47 विकेट) और बायें हाथ के स्पिनर एस अजित राम (41) इस सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में हैं. मुंबई के लिये कप्तान अजिंक्य रहाणे को छोड़कर सभी बल्लेबाजों ने योगदान दिया है.

रहाणे छह मैचों में एक ही अर्धशतक बना सके हैं. वहीं मुंबई का एक भी गेंदबाज शीर्ष दस में नहीं हैं. मोहित अवस्थी 32 विकेट लेकर 13वें स्थान पर है लेकिन गेंदबाजों ने एक ईकाई के रूप में शानदार प्रदर्शन किया है. मुंबई ने क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा पर पहली पारी की बढ़त के आधार पर अंतिम चार में जगह बनाई. युवा मुशीर खान ने नाबाद 203 रन बनाये जबकि दसवें और 11वें नंबर के बल्लेबाज तनुष कोटियान और तुषार देशपांडे ने भी शतक जड़ा. वहीं तमिलनाडु ने गत चैंपियन सौराष्ट्र को हराया. यह देखना होगा कि तमिलनाडु के एन जगदीशन (821 रन) खोया फॉर्म हासिल कर पाते हैं या नहीं. उन्होंने टूर्नामेंट के शुरूआती चरण में नाबाद 245 और 321 रन बनाये थे लेकिन पिछली सात पारियों में अर्धशतक भी नहीं बना सके.

### टीम में श्रेयस की मौजूदगी शानदार : अजिंक्य रहाणे

मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने शुक्रवार को कहा कि श्रेयस अय्यर केंद्रीय अनुबंध संबंधित विवाद को पीछे छोड़कर शनिवार से यहां तमिलनाडु के खिलाफ शुरू हो रहे रणजी ट्राफी सेमीफाइनल में टीम के लिए धमाकेदार प्रदर्शन करें. श्रेयस के साथ झारखंड के इशान किशन को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सालाना केंद्रीय अनुबंध में जगह नहीं मिली क्योंकि दोनों खिलाड़ी अपनी टीम के लिए रणजी ट्रॉफी मैच में नहीं खेले थे. श्रेयस पीठ की दर्द की शिकायत के कारण बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के क्वार्टरफाइनल में नहीं खेले थे. रहाणे ने कहा कि वह काफी अनुभवी खिलाड़ी है. जब भी वह मुंबई के लिए खेले हैं, उनका योगदान शानदार रहा है. सेमीफाइनल के लिए हमारी टीम में उनकी मौजूदगी शानदार है. रहाणे ने कहा कि तमिलनाडु के खिलाफ श्रेयस को मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए किसी तरह की प्रेरणा या सलाह की जरूरत नहीं है. उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि उसे किसी तरह की सलाह या प्रोत्साहन की जरूरत है. उसने मुंबई के लिए हमेशा बल्ले से योगदान दिया है और ड्रेसिंग रूम में उनकी मौजूदगी से अन्य खिलाड़ियों को भी टीम के लिए योगदान करने में मदद मिलेगी.


### आत्मविश्वास से भरे विदर्भ से भिड़ेगा मध्यप्रदेश

**नागपुर ।** मध्यप्रदेश की टीम शनिवार से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में विदर्भ के खिलाफ उतरेगी तो आत्मविश्वास से ओतप्रोत मेजबान को उसके गढ में हराना आसान नहीं होगा. दो बार के चैंपियन विदर्भ ने वीसीए स्टेडियम पर इस सत्र में चार मैच खेलकर तीन जीते और सौराष्ट्र के खिलाफ एकमात्र मैच गंवाया है. उसने सेना को सात विकेट से, हरियाणा को 115 रन से और कर्नाटक को क्वार्टर फाइनल में 127 रन से मात दी. विदर्भ की ताकत उसके बल्लेबाजों का शानदार फॉर्म रही है. करूण नायर (515 रन), ध्रुव शोरे (496 रन), अथर्व तायडे (488 रन) और कप्तान अक्षय वाडकर (452 रन) सभी ने रन बनाये हैं. नागपुर की पिच बल्लेबाजों की मददगार रही है लेकिन विदर्भ के दो गेंदबाजों तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे और बायें हाथ के स्पिनर आदित्य सरवटे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिलकर 68 विकेट चटकाये हैं. दूसरी ओर 2022 की चैंपियन मध्यप्रदेश टीम ने आठ लीग मैचों में तीन जीत दर्ज की और बाकी में पहली पारी की बढत हासिल की. आंध्र के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में भी हार की कगार पर पहुंचकर उसने चार रन से जीत दर्ज की. मध्यप्रदेश के लिये वेंकटेश अय्यर तुरूप का पत्ता साबित हुए हैं जिन्होंने 528 रन बनाये. हिमांशु मंत्री ने 513 और यश दुबे ने 510 रन जोड़े हैं.

विश्व स्तरीय सुपरस्टार

## नया अश्विन है शोएब बशीर : वॉन

भाषा । लंदन



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर के रूप में टीम को 'विश्व स्तरीय सुपरस्टार' मिल गया है जो भारत के रविचंद्रन अश्विन की तरह कामयाब हो सकता है. रांची में इंग्लैंड की पांच विकेट से हार के बावजूद 20 वर्ष के बशीर ने आठ विकेट लिये. इसमें पहली पारी के पांच विकेट शामिल हैं.

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के सर्वश्रेष्ठ आफ स्पिनरों में शुमार अश्विन पांच दिनी क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं . धर्मशाला में अगले सप्ताह वह अपना सौवां टेस्ट खेलेंगे. वॉन ने एक यूट्यूब चैनल पर कहा कि हमें शोएब बशीर के रुप में एक और विश्व स्तरीय सुपरस्टार मिल गया है. वह नया रवि अश्विन है जो हमने खोज निकाला है. हम इंग्लिश क्रिकेट के नये सुपरस्टार का जश्न मना रहे हैं. भारत ने इंग्लैंड को श्रृंखला में 3-1 से हरा दिया है लेकिन वॉन को यकीन है कि धर्मशाला में औपचारिकता के मैच में इंग्लैंड वापसी करेगा. उन्होंने कहा कि वे अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश उतारेंगे. धर्मशाला का ठंडा मौसम इंग्लैंड को रास आयेगा और मुझे जीत की उम्मीद है.

**क्या कहा**

- इंग्लैंड को बशीर के रूप में सुपरस्टार मिला
- हम इंग्लिश क्रिकेट के नये सुपरस्टार का जश्न मना रहे हैं

### बड़ी पारियों के लिए किए मानसिक बदलाव : शेफाली



**बेंगलुरू ।** आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि उन्होंने अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में बदलने के लिये पिछले एक साल में अपनी शैली में छोटे मोटे बदलाव किये हैं जिसका फायदा महिला प्रीमियर लीग में मिल रहा है. वर्मा ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए अर्धशतक जमाया और दूसरे विकेट के लिये एलिसे कैप्सी (46) के साथ 82 रन की साझेदारी की. उन्होंने कहा कि मैं पिछली बार डब्ल्यूपीएल में 30 या 40 के स्कोर पर आउट हो जा रही थी. उन पारियों से मैने काफी कुछ सीखा. उसकी की वजह से अब मैं अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में बदल पा रही हूं. उन्होंने कहा कि प्रमुख बदलाव मानसिकता में किया है और इस लय को कायम रखना चाहती हूं. पंद्रह साल की उम्र में भारत के लिये खेलने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनी 20 वर्ष की वर्मा ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की मेग लानिंग के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का काफी फायदा मिला है.

प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन



अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में पत्नी साक्षी धौनी के साथ क्रिकेटर एमएस धौनी जमानगर पहुंचे.

ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड

## दूसरे दिन न्यूजीलैंड ने की वापसी

भाषा । वेलिंगटन



**टेस्ट क्रिकेट**

- पहली पारी में 204 रन पीछे था न्यूजीलैंड
- दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 13 रन पर दो विकेट गवांए

पहली पारी में 204 रन से पिछड़ने के बाद न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट क्रिकेट के दूसरे दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के दूसरी पारी के दो विकेट 13 रन पर गिराकर वापसी की. टिम साउदी ने स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन के विकेट चटकाये. दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर उस्मान ख्वाजा पांच और नाथन लियोन छह रन बनाकर खेल रहे थे. दिन की आखिरी गेंद पर स्लिप में साउदी ने लियोन को जीवनदान दिया. स्मिथ (0) पारी की तीसरी गेंद पर बोल्ड हो गए जबकि लाबुशेन (2) पांचवें ओवर में आउट हुए .

ऑस्ट्रेलिया ने अपने गुरुवार के स्कोर नौ विकेट पर 279 रन से आगे खेलना शुरू किया और आखिरी विकेट लेने में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को पूरा एक सत्र लग गया. कैमरन ग्रीन और जोश हेजलवुड ने 116 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को 383 रन तक पहुंचाया. ग्रीन 174 रन बनाकर नाबाद रहे. न्यूजीलैंड ने 12 के स्कोर पर तीन और 29 के स्कोर पर पांच विकेट गंवा दिये थे. इसके बाद ग्लेन फिलिप्स ने 41 गेंद में अर्धशतक बनाया. न्यूजीलैंड की टीम 43.1 ओवर में 179 रन पर आउट हो गई. फिलिप्स ने 71 और मैट हेनरी ने 42 रन बनाये. केन विलियसमन दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से दूसरी ही गेंद पर रन आउट हो गए. उन्होंने मिचेल स्टार्क की गेंद पर मिड आफ में शॉट खेला और रन लेने के लिये दौड़ पड़े. सामने से आ रहे बल्लेबाज विल यंग उनसे टकरा गए और लाबुशेन के थ्रो ने गिल्लियां बिखेर दी. फिलिप्स और टॉम ब्लंडेल ने छठे विकेट के लिये 84 रन जोड़े. फिलिप्स ने 70 गेंद में 71 रन बनाये.

## स्टेफानोस सिटसिपास को हराकर एलेक्स डि मिनौर सेमीफाइनल में

**मौक्सिको ओपन**

- मिनौर ने सिटसिपास को 1-6, 6-3, 6-3 से हराया
- सेमीफाइनल में केसकानोविच से भिड़ेंगे मिनौर



एकापुल्को (मैक्सिको)

गत चैंपियन एलेक्स डि मिनौर ने स्टेफानोस सिटसिपास को 1-6, 6-3, 6-3 से हराकर मैक्सिको ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया. एटीपी रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज डि मिनौर ने पहला सेट गंवाने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए दो घंटे छह मिनट तक चला मुकाबला जीता. अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा जिसने मियोमिर केसकानोविच को 6-2, 6-2 से हराया.

## झारखंड की अनुष्का कुमारी की हैट्रिक से भारतीय टीम जीती

भाषा । काठमांडू



अनुष्का कुमारी की हैट्रिक की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां सैफ अंडर-16 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में भूटान पर 7-0 से जीत हासिल की. झारखंड के हजारीबाग की 13 वर्षीय अनुष्का ने भूटान के डिफेंस को बिखरते हुए तीन गोल दागे. उनके अलावा पर्ल फर्नांडिज ने दो गोल जबकि कप्तान श्वेता रानी और स्थानापन्न खिलाड़ी अनविता रघुरमन ने एक एक गोल किये. चार टीम के टूर्नामेंट में मेजबान नेपाल और बांग्लादेश की टीम भी शामिल हैं.

## रिचर्ड रापोर्ट से हारे प्रज्ञानानंदा

### लगातार दूसरे मुकाबले में भारतीय ग्रैंडमास्टर ने की बड़ी चुक

भाषा । प्राग



भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा से लगातार दूसरे मुकाबले में बड़ी चूक हो गयी जिससे प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में तीसरे दौर में उन्हें रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट से शिकस्त का सामना करना पड़ा. इससे पहले दूसरे दौर में उन्हें ईरान के परहाम मघसूदलू ने हराया था. मघसूडलू से हार साथ अठारह साल के इस खिलाड़ी ने लाइव रेटिंग में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी होने का तमगा भी गंवा दिया था जो विश्वनाथन आनंद ने फिर हासिल कर लिया था. दस खिलाड़ियों के राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में वापसी के लिए प्रज्ञानानंदा को आखिरी के छह चरण में काफी मेहनत करनी पड़ेगी. विदित गुजराती और डी गुकेश के बीच भारतीय खिलाड़ियों का मुकाबला बराबरी पर छूटा. पिछले दौर के बाद तालिका में शीर्ष पर रहे माघसूदलू को जर्मनी के विंसेंट कीमर ने ड्रॉ पर रोका. गुकेश और रापोर्ट के नाम दो-दो अंक है जबकि गुजराती 1.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है. वह प्रज्ञानंदा, नवारा, न्गुयेन थाई दाई वान और कीमर से आधा अंक आगे हैं. माटेउस्ज बार्टेल आधे अंक के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं.

**प्राग मास्टर्स**

- इससे पहले ईरान के परहाम से हारे थे प्रज्ञानानंदा
- प्रज्ञानानंदा लाइव रेटिंग में शीर्ष भारतीय का स्थान भी गंवाया

### बेहतर स्थिति के बावजूद हारे नवारा

प्रज्ञानानंदा की तरह ही स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा को भी बेहतर स्थिति में होने के बाद हार का सामना करना पड़ा. उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ने नवारा के खिलाफ हार के कगार पर पहुंचने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की. अब्दुसत्तारोव तीन में से 2.5 अंक लेकर माघसूदलू के साथ तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं.

**क्रिकेट** कुछ खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले का कपिल ने किया समर्थन, कहा

## कुछ लोगों को तकलीफ होगी पर देश से बढ़कर कोई नहीं

भाषा । नयी दिल्ली

भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के घरेलू क्रिकेट खेलने की प्रतिबद्धता पूरा नहीं करने के कारण केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि कुछ खिलाड़ियों को तकलीफ होगी तो होने दो क्योंकि देश से बढ़कर कोई नहीं है. कपिल ने साथ ही कहा कि यह प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट जैसे रणजी ट्रॉफी को बचाये रखने के लिए जरूरी कदम है. कपिल ने किसी का नाम लेने से बचते हुए कहा कि घरेलू क्रिकेट की अहमियत बरकरार रखने के लिए बीसीसीआई को फैसला लेना ही था. उन्होंने कहा कि हां, कुछ खिलाड़ियों को परेशानी होगी. कुछ लोगों को तकलीफ होगी, होने दो लेकिन देश से बढ़कर कोई नहीं है. बहुत अच्छा फैसला. देश को 1983 विश्व कप दिलाने वाले कप्तान ने अपने बयान में कहा कि मैं बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट का दर्जा बचाने के मद्देनजर जरूरी कदम उठाने के लिए बधाई देता हूं.

मुझे यह देखकर दुख होता था कि एक बार खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को स्थापित कर लेते हैं तो वे घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना बंद कर देते थे. बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध की घोषणा करते हुए खिलाड़ियों से घरेलू प्रतियोगिताओं को अहमियत देने का आग्रह किया था. देश के इस महान क्रिकेटर ने कहा कि यह संदेश पहले ही दिया जाना चाहिए था.




### फायदेमंद होगा बीसीसीआई का यह कदम

बीसीसीआई का यह कड़ा कदम है जो घरेलू क्रिकेट की प्रतिष्ठा बरकरार रखने के लिए फायदेमंद होगा. कपिल ने साथ ही माना कि स्थापित हो चुके स्टार खिलाड़ियों का दायित्व है कि वे घरेलू क्रिकेट खेले क्योंकि उन्हें अपने संबंधित राज्यों की ओर से खेलते हुए ही सफलता मिली है. उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से इस प्रक्रिया में भरोसा करता हूं कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अपने संबंधित राज्य के लिए खुद को उपलब्ध करायें. इससे घरेलू खिलाड़ियों को उनका समर्थन मिलने से मदद मिलती है. साथ ही यह राज्य संघ द्वारा दी गयी सेवाओं को वापस लौटाने का भी अच्छा तरीका है. कपिल ने पूर्व क्रिकेटरों की पेंशन बढ़ाने पर बीसीसीआई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं खुश हूं कि बीसीसीआई ने खिलाड़ियों की पेंशन की राशि बढ़ा दी है जो उनके लिए फायदेमंद रहेगी जिनका परिवार पेंशन पर निर्भर है.

**इरफान व कीर्ति ने किया था अय्यर व ईशान का समर्थन** : इशान किशन और श्रेयस अय्यर को बुधवार को 2023-24 सत्र के लिए बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया था. इस फैसले पर मिश्रित प्रतिक्रिया मिल रही हैं जिसमें कीर्ति आजाद और इरफान पठान ने इन दोनों खिलाड़ियों का समर्थन किया है.

## सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए चैंपियंस ट्रॉफी जीतना अहम : हार्दिक सिंह

भाषा । नयी दिल्ली



भारतीय पुरूष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह का मानना है कि पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब से उनकी टीम की उपलब्धियों की नींव पड़ी और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनने के लिये यह खिताब बरकरार रखना अहम होगा. भारतीय टीम ने पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर सीधे पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया.

इसके अलावा एफआईएच प्रो लीग में भी अच्छा प्रदर्शन किया. एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का अगला सत्र चीन में आठ से 17 सितंबर तक खेला जायेगा. हार्दिक ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा कि मुझे लगता है कि भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिये टीम ने उस टूर्नामेंट को स्प्रिंगबोर्ड की तरह लिया. हम इस बार भी खिताब बरकरार रखने की पूरी कोशिश करेंगे. उन्होंने कहा कि हमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है और इस सफर में यह महत्वपूर्ण कदम है. हार्दिक ने कहा कि चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी शानदार टूर्नामेंट था.

हम नये मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन की शैली के अनुरूप ढल रहे थे और स्वर्ण पदक इसका परिचायक है कि हम सही दिशा में जा रहे हैं.

**खास बातें**

- एशियाई चैंपियंस टॉफी की मौजूदा चैंपियन है भारतीय टीम
- 17 सितंबर को खेला जाएगा चैंपियंस ट्रॉफी का अगला सत्र

## ब्रीफ खबरें

### नेपाली शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अररिया ।** जिले की फारबिसगंज थाना पुलिस ने धनपुरा गांव में गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को 68 बोतल नेपाली शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार तस्कर पिपरा पंचायत के विशनपुर वार्ड संख्या छह के रहने वाले बंसी लाल यादव के पुत्र सकलदेव यादव है. पुलिसिया कार्रवाई में फारबिसगंज थाना के सब इंस्पेक्टर राजा बाबू पासवान, टाइगर मोबाइल के जवान रविंद्र कुमार, नीतीश कुमार,राम कुमार मंडल शामिल थे.पुलिस ने गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की.

### नीतीश के जन्मदिन पर पीएम ने दी बधाई

**पटना ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का शुक्रवार को जन्मदिन है. वह 73 साल के हो गए हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा,आरसीपी सिंह समेत तमाम नेताओं की ओर से बधाई के संदेश नीतीश कुमार को दिए गए हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सीएम नीतीश कुमार के लिए लिखा है, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हार्दिक शुभकामनाएं. लोगों की सेवा में उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं. गृह मंत्री अमित शाह ने लिखा- मुख्यमंत्री को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं.

### जमुई में अधिवक्ता को मारी गोली, घायल

**जमुई।** जमुई में अधिवक्ता को उसके पुराने क्लाइंट ने दिनदहाड़े गोली मार दी. गोली अधिवक्ता के दाहिने कंधे के आर-पार हो गई है. फिलहाल घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है. यह पूरी घटना टाउन थाना क्षेत्र के अमरथ नया टोला की है. मामले की जानकारी देते हुए घायल अधिवक्ता साकिब जफर उर्फ मुन्नू ने बताया कि वह अपने भाई के साथ अमरथ अड़सार के बीच नया टोला महल्ला में जमीन देखने गये थे. जमीन देखकर वापस घर लौट रहे थे. तभी उनका पुराना क्लाइंट फैजल आया और बाइक रुकवाकर उन पर गोली चला दी.

अफसरशाही को लेकर भाजपा विधायक ने अपनी ही सरकार को घेरा, कहा

# समय मांगने के बावजूद एसपी डीएम नहीं देते हैं मिलने का समय

संवाददाता। पटना

शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के के पाठक तो केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गये, लेकिन अफसरशाही को लेकर बिहार में घमासान जारी है. इसकी गूंज एक बार फिर बिहार विधानसभा में सुनाई पड़ी जब इस मुद्दे को लेकर बीजेपी विधायक मिथिलेश कुमार ने अपनी ही सरकार को घेरा. विपक्षी सदस्यों ने भी मिथिलेश कुमार का जोरदार समर्थन किया. सीतामढ़ी से बीजेपी विधायक मिथिलेश कुमार ने विधानसभा में ये मुद्दा उठाया और कहा कि 'समय मांगने के बावजूद एसपी या डीएम समय नहीं देते हैं. जब अधिकारी समय नहीं देंगे तो हमलोग क्षेत्र के लोगों का काम कैसे करवाएंगे. उन्होंने सरकार से मांग की कि ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए.

**अधिकारियों को निर्देशित किया गया :** विधायक के सवाल पर जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि वैसे तो पहले से ही ये व्यवस्था है कि एसपी-डीएम सप्ताह में कम से कम एक दिन का समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दें, एक बार फिर से 27 फरवरी को सभी जिलों के डीएम-एसपी, कमिश्नर, आईजी, डीआईजी से लेकर तमाम बड़े अधिकारियों को इस संबंध में निदेशित किया गया है.

**विधानसभा में कई बार हंगामा हो चुका है :** ऐसा पहली बार नहीं है कि बिहार में अफसरशाही होने का मामला विस में उठा है. हाल के दिनों में तो शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के के पाठक की कार्यशैली को लेकर सदन में कई बार हंगामा हो चुका है.

**अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी**

सरकार के जवाब से न सिर्फ बीजेपी विधायक बल्कि राजद के ललित यादव और समीर महासेठ भी असंतुष्ट होकर खड़े हो गए और मांग करने लगे कि वैसे अधिकारी पर सख्त कार्रवाई हो, जो विधायकों-सांसदों से मुलाकात नहीं करते. इस पर प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि निश्चित रूप से जानकारी मिलने पर वैसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी.



नीतीश के जन्मदिन पर राजद विधायक ने दी बधाई, बोले-

### गलत संगत में मत रहिए, बर्बाद कर देगा

**पटना।** राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने दावा किया है कि 3 मार्च को महागठबंधन की रैली के दौरान एक गांधी मैदान क्या, कई गांधी मैदान भर जाएंगे. भाई वीरेंद्र ने कहा कि रैली ऐसी अभूतपूर्व होगी कि सारे रिकॉर्ड ब्रेक हो जाएंगे. उन्होंने दावा किया कि अपने प्रिय नेता लालू प्रसाद को सुनने के लिए राज्य के सभी इलाकों से बड़ी संख्या में लोग आएंगे. उन्होंने कहा कि बिहार की जनता इस बार पूरी तरह महागठबंधन के साथ है. तेजस्वी की जन विश्वास यात्रा के दौरान हर जगह जिस तरह की भीड़ दिख रही है. उन्होंने कहा कि 3 मार्च को पटना में महागठबंधन की रैली ऐतिहासिक होगी और अब तक की भीड़ के सारे रिकॉर्ड टूट जाएंगे.



भाई वीरेंद्र ने सीएम के जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं भी दीं. उन्होंने कहा कि, मैं उनको बधाई देता हूं और स्वस्थ रहने की कामना करता हूं. लगे हाथों भाई वीरेंद्र ने कहा कि मैं नीतीश कुमार को सलाह देता हूं कि गलत लोगों की संगत से दूर रहें.

सांसद रामकृपाल यादव का दावा

### बिहार में लोकसभा की सभी 40 सीटें जीतेंगे

**पटना।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे सियासी दलों ने अब बढ़-चढ़कर दावे करने शुरू कर दिए हैं. पाटलिपुत्र से बीजेपी सांसद रामकृपाल यादव ने भी बड़ा दावा किया है. यादव ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग का विकास हुआ और आनेवाले लोकसभा चुनाव में एनडीए राज्य की सभी 40 सीटों पर जीत का परचम फहराएगा. धनरुआ में एक कार्यक्रम में पहुंचे सांसद रामकृपाल यादव ने कहा कि पिछले 10 सालों के दौरान मोदी सरकार के कार्यकाल में देश के सभी वर्गों के विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य हुए हैं.



मुजफ्फरपुर में बेखौफ अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

# डॉक्टर को गोलियों से भून डाला

संवाददाता। मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर में बेखौफ बदमाशों ने गुरुवार की देर रात एक चिकित्सक को गोलियों से छलनी कर दिया. मौके पर ही चिकित्सक की मौत हो गई. घटना अहियापुर थाना क्षेत्र के झपहा पुल के पास की है.

चिकित्सक की पहचान सुनील कुमार उर्फ श्याम कुमार के रूप में की गई है. वह बाइक से घर लौट रहे थे. रास्ते में इस घटना को बदमाशों ने अंजाम दिया और फरार हो गए. घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. बताया जाता है कि मीनापुर थाना क्षेत्र के मोथहा धर्मपुर निवासी डॉ. सुनील कुमार उर्फ श्याम कुमार का धर्मपुर चौक के पास क्लिनिक है. यहां से रात में बाइक से अपने डेरा लौट रहे थे. बदमाशों ने छाती में गोली मारी है. घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई. इसके बाद अहियापुर थाने की पुलिस को इसकी जानकारी दी गई. मौके पर अहियापुर थानाध्यक्ष रोहन कुमार पहुंचे. इस बीच कुछ लोग आक्रोशित थे जिन्हें समझाया गया. शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेजा गया. घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को पुलिस खंगाल रही है.

**पूरे इलाके में सनसनी, पुलिस से नाराजगी**


डॉ. सुनील के दो बेटे हैं. एक बेटी भी है. उनके पिता की मृत्यु हो चुकी है. मां उन्हीं के साथ रहती हैं. इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैली हुई है. एसकेएमसीएच में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई थी. घटना को लेकर ग्रामीणों में पुलिस के प्रति नाराजगी है.

### वीडियोग्राफर को मुंह में मारी गोली, मौत, हड़कंप

**दरभंगा ।** दरभंगा में एक जन्मदिन की पार्टी में फोटोग्राफर की गोली मारकर हत्या कर दी गई. बताया जा रहा है कि कैमरे की बैट्री डिस्चार्ज होने से नाराज लोगों ने उसके मुंह में गोली मारी दी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई. जन्मदिन की पार्टी में शराब के साथ बार-बालाओं का डांस चल रहा था. इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. बताया जा रहा है कि बैट्री डिस्चार्ज होने के बाद पहले फोटोग्राफर के साथ मारपीट की गई. जब आरोपियों का इससे भी मन नहीं भरा तो उसके मुंह के अंदर पिस्तौल डालकर गोली मार दी. मौके पर मौजूद लोगों ने बार-बालाओं के साथ डांस करते हुए हर्ष फायरिंग भी की थी. घटना दरभंगा जिले के बहेड़ी थाना क्षेत्र के मखनाहा गांव की है. गांव के ही राकेश सहनी के पुत्री के जन्मदिन की पार्टी थी.

मायके से बच्चे के साथ लौट रही थी महिला

## गया में अनियंत्रित बोलेरो ने मां-बेटे को रौंदा, मौके पर मौत



संवाददाता। गया

गया जिले में रोड क्रॉस करने के दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत हो गई. घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन लेकर फरार हो गया. वहीं, हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय आक्रोशित हो गए.

उन्होंने सड़क जाम करते हुए चालक की गिरफ्तारी की मांग की. इधर, सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुटी है. मिली जानकारी के अनुसार, हादसा जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र में हुआ. जहां बेलाडीह महादलित टोला की रहने वाली वैजयंती कुमारी अपने एक साल के मासूम बेटे के साथ खेत में काम करने जा रही थी. इसी बीच रोड क्रॉस करने के दौरान नीमचक गांव के पास तेज रफ्तार काले रंग के स्कॉर्पियो ने दोनों को रौंद दिया.

तेजस्वी यादव को बड़ा झटका

## राजद विधायक भरत बिंद भाजपा में हो गए शामिल

संवाददाता। पटना

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की पार्टी को लगातार उनके विधायक झटका दे रहे हैं. शुक्रवार को भभुआ से विधायक भरत बिंद ने पाला बदल लिया और सत्ता पक्ष में जाकर बैठ गए. विधायक भरत बिंद सम्राट चौधरी के साथ बिहार विधानसभा पहुंचे. वह भाजपा में शामिल हो गए. बता दें कि कैमूर जिले के चांद थाना क्षेत्र के सिलौटा गांव के रहने वाले भरत बिंद ने 2010 से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी. 2010 में जिला परिषद का चुनाव लड़कर उन्होंने जीत हासिल की थी. इसके बाद 2015 में बहुजन समाज पार्टी से भभुआ विधानसभा से चुनाव मैदान में उतरे थे, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था.

### 22 लाख के गांजे के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**सीतामढ़ी।** भारत-नेपाल सीमा में मादक पदार्थों की तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रहा है. एसएसबी 20वीं बटालियन के जवानों ने गुरुवार की रात 425 किग्रा गांजा को साथ एक तस्कर गिरफ्तार किया है. तस्कर की पहचान सोनबरसा थाना के सोनबरसा वार्ड संख्या 5 निवासी हरिश्चंद्र राय के पुत्र अविनाश पटेल के रूप में की गई. जब्त किये गए गांजा सहित तस्कर को स्थानीय थाना को सुपुर्द कर दिया गया है. जब्त गांजे की बाजार में कीमत करीब 22 लाख रुपए आंकी जा रही है.

## घर से बरामद हुए छह बम, मचा हड़कंप

संवाददाता। दरभंगा

दरभंगा के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के छोटी एकमी स्थित मो. जावेद के निर्माणाधीन मकान में पुलिस ने छह जिंदा बम बरामद किया है. गुरुवार मध्य रात को इसी निर्माणाधीन मकान से तेज धमाके की आवास आई थी. इसके बाद स्थानीय लोगों पुलिस को सूचना दी. इसके बाद पुलिस आई.

छानबीन करने पर पुलिस को एक बोरे मिला. इसे जब पुलिस ने खोला तो दंग रह गई. बोरे में छह बम थे. फौरन बम स्क्वायड की मदद से पुलिस ने बम को डिफ्यूज कर दिया. सूत्रों का कहना है कि इलाके में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बनाकर इतनी बड़ी संख्या में बम को रखा गया था. अब पुलिस इस बात की तहकीकात करने में लगी है आखिर रात को किसने दो बम का विस्फोट किया और यह बम यहां कैसे आए.

**मकान मालिक अबतक सामने नहीं आया**

बताया जा रहा है कि बहादुरपुर थाना क्षेत्र का ओझौल सहित डीलाही के इलाका अक्सर आपराधिक गतिविधियों के लिए सुर्खियों में रहता है. गुरुवार रात बम विस्फोट की घटना के बाद मकान का मालिक अबतक सामने नहीं आया जिससे मामला संदिग्ध हो गया है. पुलिस मो. जावेद की जानकारी जुटाने में लगी हुई है. निर्माणाधीन मकान के मालिक मो. जावेद ने बताया कि उन्हें भी मकान में बम मिलने की सूचना मिली तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी.

### पटना-जोगबनी ट्रेन को प्रधानमंत्री मोदी आज दिखाएंगे हरी झंडी

**पटना ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार आ रहे हैं. औरंगाबाद और बेगूसराय में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम तय हैं. इस मौके पर प्रधानमंत्री कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे. पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आज तीन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे. इसके बाद नियमित परिचालन किया जाएगा. पटना-जोगबनी, सहरसा-जोगबनी और सोनपुर-वैशाली ट्रेन को प्रधानमंत्री हरी झंडी दिखाएंगे.

## कारोबार

### पेटीएम बैंक पर 5.49 करोड़ का जुर्माना लगाया

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वित्तीय खुफिया इकाई-भारत (एफआईयू) ने मनी लांड्रिंग निरोधक नियमों के उल्लंघन को लेकर पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है. एफआईयू को कुछ इकाइयों और उनके कारोबार से जुड़ी कंपनियों के संबंध में अवैध गतिविधियों के बारे में जांच एजेंसियों से जानकारी मिली थी. इसमें ऑनलाइन जुए के आयोजन और सुविधा प्रदान करने की बात शामिल थी. शिकायत मिलने के बाद एफआईयू ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक की समीक्षा शुरू की.

### टोयोटा ने सर्वाधिक मासिक बिक्री की

**नयी दिल्ली ।** वाहन विनिर्माता टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने फरवरी में 25,220 इकाइयों की बिक्री के साथ अब तक की अपनी सबसे अच्छी मासिक थोक बिक्री दर्ज की है. कंपनी ने शुक्रवार को फरवरी के थोक बिक्री आंकड़े जारी करते हुए कहा कि उसकी आपूर्ति पिछले महीने 61 प्रतिशत बढ़कर 25,220 इकाई हो गई. एक साल पहले की समान अवधि में उसने 15,685 वाहनों की बिक्री की थी. कंपनी ने एक बयान में कहा कि पिछले महीने उसकी घरेलू बिक्री 23,300 इकाई रही जबकि उसने 1,920 इकाइयों का निर्यात किया.

### महिंद्रा वाहनों की थोक बिक्री 24 प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली ।** विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा की फरवरी में कुल बिक्री 24 प्रतिशत बढ़कर 72,923 इकाई हो गई. कंपनी ने शुक्रवार को फरवरी के बिक्री आंकड़े जारी करते हुए कहा कि एक साल पहले की समान अवधि में उसने 58,801 इकाइयों की थोक बिक्री की थी. कंपनी ने एक बयान में कहा कि घरेलू बाजार में उसके यात्री वाहनों की बिक्री पिछले महीने 40 प्रतिशत बढ़कर 42,401 इकाई हो गई, जो पिछले साल फरवरी में 30,358 इकाई थी. कंपनी ने पिछले महीने 21,672 ट्रैक्टरों की भी बिक्री की जो पिछले साल के इसी महीने की 25,791 इकाई की तुलना में 16 प्रतिशत कम है.

दिग्गज फैशन रिटेलर प्राइमार्क सस्ते कपड़ों और जूतों के लिए जाना जाता है

# हाथ मिला सकते हैं प्राइमार्क और रिलायंस

भाषा। नयी दिल्ली

भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज वैल्यू रिटेल स्पेस में बड़ा धमाका करने की तैयारी में है. सूत्रों के मुताबिक कंपनी ब्रिटेन की दिग्गज फैशन रिटेलर प्राइमार्क को भारत लाने के लिए बातचीत कर रही है. 55 साल पुराना यह ब्रांड सस्ते कपड़ों और जूतों के लिए जाना जाता है और पिछले कुछ समय से भारत में एंट्री मारने का मौका खोज रहा है. इस ब्रांड का मालिकाना हक लंदन की लिस्टेड कंपनी एसोसिएट्स ब्रिटिश फूड्स के पास है और दुनियाभर में इसके 400 से अधिक स्टोर हैं. वहीं 2026 के आखिर तक आउटलेट की संख्या 530 तक पहुंचने की उम्मीद है. कंपनी इसके जरिए बाजार में विस्तार कर रही है.

प्राइमार्क के भारत आने से टाटा के जूडियो, लैंडमार्क ग्रुप के मैक्स और शॉपर्स स्टॉप के इनट्यून को कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है. सूत्रों का कहना है कि प्राइमार्क और रिलायन्स के बीच साझेदारी एक संयुक्त उद्यम या लाइसेंसिंग समझौते के माध्यम से हो सकती है. मॉल पर फोकस करने वाले दूसरे वैश्विक खुदरा विक्रेताओं के विपरीत, प्राइमार्क के स्टोर मुख्य रूप से हाई स्ट्रीट पर स्थित होंगे क्योंकि उनका प्रारूप बड़ा है. कोविड-19 महामारी के प्रभाव के बावजूद, प्राइमार्क के रेवेन्यू में हाल के वर्षों में काफी बढ़ोतरी हुई है. इसकी वजह यह है कि इसकी औसत कीमत एचएंडएम और यूनिक्लो जैसे रिटेलर्स से भी कम हैं.

प्राइमार्क के लिए सबसे बड़ी सोर्स कंट्री चीन है. भारत दूसरे नंबर पर है. भारत की कई छोटी-बड़ी कंपनियां इस कंपनी के लिए सप्लाई करती हैं. प्राइमार्क की आपूर्ति श्रृंखला रणनीति में नियरशोरिंग शामिल है, जिससे वह भारतीय आपूर्तिकर्ताओं से सीधे स्थानीय खुदरा इकाइयों तक सामान पहुंचा सकते हैं. रिलायंस देश की सबसे बड़ी रिटेल कंपनी है. उसके पास दुनिया के कई जाने-माने ब्रांड्स की पार्टनरशिप है. जानकारों का कहना है कि अपनी व्यापक रीच और रियल एस्टेट एसेट्स के साथ रिलायंस प्राइमार्क के लिए बेहतरीन चॉइस हो सकती है. हालांकि, भारतीय बाजार में प्राइमार्क की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वे भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों से किस तरह जुड़ती है. किफायती फैशन सेगमेंट में, रिलायंस के पास पहले से ही ट्रेंड्स और यूस्टा जैसे ब्रांड हैं. रिलायंस सुपरमार्केट और परिधान सहित विभिन्न क्षेत्रों में 18,774 से अधिक स्टोर संचालित करता है.

**400** से अधिक स्टोर हैं दुनियाभर में फैशन रिटेलर प्राइमार्क के



**भारत का खपत बाजार कुछ वर्षों में काफी बदल गया है**

प्राइमार्क के एक प्रवक्ता ने कंपनी दुनियाभर में अपना विस्तार कर रही है और किसी भी मौके लिए खुलकर बात करने को तैयार है. लेकिन हम बाजार की अटकलों पर टिप्पणी नहीं करते हैं. विशेषज्ञों का मानना है कि भारत का खपत बाजार पिछले कुछ वर्षों में काफी बदल गया है. ऐसे में अब वैल्यू ब्रांड्स के लिए बाजार बढ़ रहा है. प्राइमार्क एक सफल वैल्यू रिटेल विक्रेता रहा है. कंपनी ने दो कोविड-प्रभावित वर्षों को छोड़कर, पिछले कुछ वर्षों में जबरदस्त रेवेन्यू हासिल किया है. दूसरी ओर पिछले कुछ वर्षों में रिलायंस रिटेल की वृद्धि ने भारत में असाधारण पैमाने पर बड़े सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन को गति दी है. रिलायंस रिटेल को दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते खुदरा विक्रेताओं में स्थान दिया गया है. यह व्यापक पहुंच वाला भारत का सबसे बड़ा खुदरा विक्रेता है. रिलायंस रिटेल के सभी प्रारूपों में खरीदारी करने वाले 249 मिलियन पंजीकृत ग्राहक हैं. वित्त वर्ष 2023 में इसके सभी स्टोर्स पर 780 मिलियन से अधिक लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई थी.

**चलेंगे साथ**

- प्राइमार्क का मालिकाना हक ब्रिटिश फूड्स के पास है
- शॉपर्स स्टॉप के इनट्यून मिलेगी टक्कर

### बैंकों में वापस आए 2,000 रुपये के 97.62% नोट

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि 2,000 रुपये मूल्य के लगभग 97.62 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं और अब सिर्फ 8,470 करोड़ रुपये के नोट ही लोगों के पास मौजूद हैं.आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के बैंक नोटों को चलन से हटाने की घोषणा की थी. उसके बाद इन नोटों को बैंकों में जमा कराने या दूसरे मूल्य के नोटों से बदलने को कहा गया था. बयान में कहा, 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 2,000 रुपये मूल्य के कुल 3.56 लाख करोड़ रुपये के नोट चलन में मौजूद थे. इस मूल्य वर्ग के चलन में मौजूद नोटों का मूल्य 29 फरवरी, 2024 को कारोबार समाप्ति पर घटकर 8,470 करोड़ रुपये रह गया है.

**नेटफ्लिक्स कार्यक्रम**




**मुंबई ।** बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर मुंबई में आगामी श्रृंखला मंडला मर्डर्स की घोषणा के लिए नेटफ्लिक्स कार्यक्रम में शामिल हुईं.

**अनाज** सरकार ने मोटे अनाज/बाजरा के लिए 600000 टन का खरीद लक्ष्य किया निर्धारित

# 2024-25 के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 3.2 करोड़ टन

भाषा। नयी दिल्ली

सरकार ने 2024-25 रबी विपणन सत्र के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य तीन से 3.2 करोड़ टन तय किया है. खाद्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी. सरकार के गेहूं खरीद के लक्ष्य को कुछ कम माना जा रहा है. कृषि मंत्रालय को फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में 11.4-11.5 करोड़ टन के रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन की उम्मीद है. इसके बावजूद सरकार द्वारा खरीद का लक्ष्य कम रखा गया है. बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा की अध्यक्षता में में राज्यों के खाद्य सचिवों की बैठक हुई थी. इसी बैठक में विचार-विमर्श के बाद गेहूं खरीद का लक्ष्य तय किया गया है. मंत्रालय ने बयान में कहा कि विचार-विमर्श के बाद आगामी रबी विपणन सत्र 2024-25 के दौरान गेहूं की खरीद का अनुमान तीन से 3.2 करोड़ टन का तय किया गया है. गेहूं के अलावा, मंत्रालय ने चावल के मामले में रबी धान खरीद का लक्ष्य 90 लाख से एक करोड़ टन तय किया है. सरकार ने रबी मोटे अनाज/बाजरा (श्रीअन्न) के लिए 6,00,000 टन का खरीद लक्ष्य भी निर्धारित किया है. बैठक में केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से फसलों के विविधीकरण और आहार में पोषण बढ़ाने के लिए बाजरा की खरीद पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है. सरकार ने 2023-24 के सत्र में 3.41 करोड़ टन के लक्ष्य के मुकाबले लगभग 2.62 करोड़ टन गेहूं की खरीद की थी. 2022-23 में गेहूं की खरीद 4.44 करोड़ टन के लक्ष्य के मुकाबले केवल 1.88 करोड़ टन थी. उत्पादन में गिरावट के कारण खरीद कम रही थी. खाद्य सचिव ने हाल में कहा था कि पंजाब-हरियाणा सीमा पर किसानों के आंदोलन से खरीद परिचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा. आमतौर पर गेहूं की खरीद अप्रैल से मार्च तक की जाती है. हालांकि, इस साल केंद्र ने बाजार में फसल की आवक के हिसाब से राज्यों को गेहूं खरीद की अनुमति दी है. ज्यादातर राज्यों में गेहूं की आवक मार्च के पहले पखवाड़े में शुरू हो जाती है. उत्तर प्रदेश और कुछ गेहूं उत्पादक राज्यों ने संकेत दिया है कि वे एक मार्च खरीद शुरू करेंगे. सरकार सार्वजनिक वितरण को केंद्रीय पूल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं और धान की खरीद करती है.



**खास बातें**

- रबी धान खरीद का लक्ष्य 90 से 1 करोड़ टन तय
- 2023-24 में 2.62 करोड़ टन गेहूं खरीदी गई थी

## दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय दो साल में 22 प्रतिशत बढ़ी

भाषा। नयी दिल्ली

दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय दो साल में 22 प्रतिशत बढ़कर चालू वित्त वर्ष में 4.61 लाख रुपये हो गयी. शुक्रवार को पेश राज्य आर्थिक समीक्षा में यह जानकारी दी गई.

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2023-24 की आर्थिक समीक्षा पेश करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के सुचारू कामकाज में पैदा हुई बाधाओं के बावजूद इसकी प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी दर्ज की गई है. इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य का बजट चार मार्च को विधानसभा में पेश किया जाएगा. उन्होंने आर्थिक समीक्षा का ब्योरा देते हुए कहा कि



वित्त वर्ष 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर दिल्ली का जीएसडीपी (सकल राज्य घरेलू उत्पाद) 11,07,746 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है, जो 2022-23 की तुलना में 9.17 प्रतिशत अधिक है. वित्त वर्ष 2022-23 में दिल्ली की जीएसडीपी 10.14 लाख करोड़ रुपये थी. आतिशी ने कहा कि कोविड के बाद के दौर में दिल्ली की वास्तविक जीएसडीपी 2021-22 में 8.76 प्रतिशत और 2022-23 में 7.85 प्रतिशत की दर से बढ़ी है.

▼ ब्रीफ खबरें

## पालघर में दो बुजुर्ग भाइयों की हत्या

**पालघर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के एक गांव में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर 92 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके छोटे भाई की लोहे की छड़ से हमला करके हत्या कर दी और फिर बचने के लिए एक झील के आसपास कीचड़ में छिप गया. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार शाम करीब साढ़े सात बजे कूडन गांव में हुई. आरोपी की पहचान किशोर जगन्नाथ मंडल के रूप में हुई, जिसे घटना के चार घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया गया.

## पंजाब में आप कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

**अमृतसर।** पंजाब के तरन तारन जिले में शुक्रवार को अज्ञात हमलावरों ने आम आदमी पार्टी (आप) के एक कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी. उन्होंने बताया कि यह वारदात उस समय हुई जब गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी चोहला अपनी कार में एक अदालती मामले के लिए कपूरथला जा रहे थे. वह वाहन में अकेले सफर कर रहे थे. पुलिस ने कहा कि जब सिंह फतेहबाद और गोइंदवाल साहिब के बीच रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंचे तो उनका पीछा कर रहे हमलावरों ने गोली मार दी.

## कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का निधन

**टोरंटो।** कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया. उनकी बेटी ने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी. कैरोलीन मुलरोनी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि देश के 18वें प्रधानमंत्री का निधन हो गया, अंतिम घड़ी में पूरा परिवार उनके साथ था. मुलरोनी के परिवार ने पूर्व में कहा था कि उनका प्रोस्टेट कैंसर का इलाज हुआ है और हृदय संबंधी बीमारी भी है.

## अमेरिका के साथ रूस वार्ता को तैयार : पुतिन

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अमेरिका के प्रति स्वर नरम और बदले-बदले नजर आ रहे हैं. उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ रूस हथियार-नियंत्रण वार्ता फिर से शुरू करने के लिए तैयार है. पुतिन ने यह घोषणा अपने वार्षिक राष्ट्र के नाम संदेश में की. पुतिन के राष्ट्र के नाम संदेश का देश में सीधा प्रसारण किया गया. अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी. पुतिन ने कहा कि पश्चिम आज परमाणु संघर्ष का जोखिम उठा रहा है.

## राजीव हत्याकांड के दोषी संथन का शव श्रीलंका भेजा

**चेन्नई।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए श्रीलंकाई नागरिक संथन का शव शुक्रवार को अंतिम संस्कार के लिए श्रीलंका ले जाया गया. उसके वकील पुगाझेंधी ने यह जानकारी दी. संथन उर्फ टी. सुतेनदिराराजा एक श्रीलंकाई नागरिक था और उन सात लोगों में से एक था जिसे 1991 में चेन्नई के समीप श्रीपेरुम्बदूर में पूर्व पीएम की हत्या के जुर्म में 20 वर्ष से ज्यादा की जेल की सजा काटने के बाद 2022 में कोर्ट ने रिहा कर दिया था.




नयी दिल्ली। दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को नई दिल्ली में संदेशखाली मुद्दे पर पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान नारे लगाए. फोटो: पीटीआई

### बागी विधायकों पर बरसे हिमाचल सीएम सुक्खू

# कांग्रेस के 6 काले नागों ने अपना ईमान बेच दिया : सीएम

**भाषा। सोलन**

हिमाचल प्रदेश में चल सरकार सियासी घटनाक्रम के बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को सोलन जिले की जनता को 88 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी. धर्मपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम सुक्खू ने हिमाचल राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वालों 6 कांग्रेस विधायकों को आड़े हाथ लिया और उन्हें काला नाग तक बता डाला. जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम भावुक भी नजर आए. मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोगों ने षडयंत्र के तहत सरकार गिराने की कोशिश की है, लेकिन मैं उनसे डरता नहीं हूं. जो विधायक अपना ईमान बेच दे वो विस क्षेत्र के लोगों का क्या भला करेगा. भाजपा नेता और जो कांग्रेस के काले नाग थे, उन्होंने अपने ईमान को बेच दिया. 28 तारीख को बजट पास होना था, 27 तारीख स्पीकर के पास जाकर उन्हें धमकाया गया. मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन 6 काले नागों ने गद्दारी की, वो सड़क रास्ते से नहीं आए. सीआरपीएफ और हरियाणा पुलिस उन्हें मिली, हेलीकॉप्टर उन्हें मिले.



### प्रधानमंत्री ने संदेशखाली को लेकर ममता सरकार पर साधा निशाना, कहा

# चोट का जवाब वोट से देना है

**भाषा। आरामबाग (पश्चिम बंगाल)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि इस मुद्दे पर पूरा देश गुस्से में है. मोदी ने संदेशखाली की घटनाओं पर चुप्पी साधने के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की भी आलोचना की. उन्होंने हुगली जिले के आरामबाग में एक रैली में कहा, चोट का जवाब वोट से देना है.

प्रधानमंत्री ने कहा, उपलब्धियों के बीच आज बंगाल की स्थिति पर पूरे देश की नजर है. मां, माटी और मानुष का ढोल पीटने वाली तृणमूल कांग्रेस ने संदेशखाली की बहनों के साथ जो किया, उसे देखकर पूरा देश दुखी और गुस्से में है. संदेशखाली की बहनों के साथ टीएमसी ने जो किया, वह शर्म की बात है. ममता सरकार के 2011 में सत्ता में आने के बाद से उनकी पार्टी का नारा मां, माटी और मानुष उसकी एक बड़ी पहचान बन गया है. रैली स्थल के निकट स्थित समाज सुधारक राजा राम मोहन राय के जन्मस्थान खानाकुल का संदर्भ देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा,राय की आत्मा, जहां भी होगी, बंगाल की स्थिति पर दुखी होगी और रो रही होगी.

उन्होंने कहा, संदेशखाली के टीएमसी नेताओं ने लोगों के खिलाफ हिंसा की सारी हदें पार कर दीं. संदेशखाली की महिलाओं ने ममता से मदद मांगी. और उन्होंने क्या किया? इसके बजाय, उन्होंने उन नेताओं की सुरक्षा के लिए वह सब कुछ किया जो वह कर सकती थीं.




### टीएमसी का अहंकार जल्द ही टूट जाएगा

मोदी ने कहा, 'इंडी' गठबंधन के नेताओं के लिए, संदेशखाली में टीएमसी द्वारा प्रताड़ित लोगों के साथ खड़े होने के बजाय भ्रष्ट और तुष्टीकरण की राजनीति का समर्थन करना सर्वोपरि है. टीएमसी पर आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे रहने का उल्लेख करते हुए मोदी ने उन घोटालों का उल्लेख किया जिन्होंने हाल ही में प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती, नगर निकाय भर्ती और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के क्षेत्र में राज्य को हिलाकर रख दिया था. उन्होंने घोषणा की, यह मोदी की आपको गारंटी है कि जिन्होंने आपका पैसा लूटा है, उन्हें वहीं वापस जाना होगा जहां से वे आए थे. प्रधानमंत्री ने ममता बनर्जी सरकार पर कई केंद्रीय परियोजनाओं को राज्य में लागू होने से रोकने का भी आरोप लगाया. टीएमसी का अहंकार जल्द ही टूट जाएगा. उसे भरोसा है कि उसे एक खास समूह का समर्थन हासिल है, लेकिन मुस्लिम महिलाएं भी अब उन्हें बाहर कर देंगी. सुंदरबन के मुहाने पर स्थित संदेशखाली क्षेत्र टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उनके साथियों के खिलाफ यौन शोषण और भूमि हड़पने के आरोपों के कारण एक महीने से अधिक समय से हंगामे और प्रदर्शनों से जूझ रहा है.

**मुख्य आरोपी क्यों दो महीने फरार था :** पीएम ने दावा किया कि यह भाजपा के नेतृत्व में निरंतर हुए विरोध प्रदर्शनों से बने दबाव का नतीजा था कि राज्य प्रशासन को आखिरकार संदेशखाली के लोगों के सामने झुकना पड़ा और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करना पड़ा जो लगभग दो महीने से फरार था. मोदी ने कहा, कोई जरूर उं बचा रहा होगा. उन्होंने रैली में मौजूद भीड़ से पूछा कि क्या लोग माफ करेंगे.

## राजभवन में पीएम मोदी से मिलीं ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राजनीतिक तल्खियों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शुक्रवार को मुलाकात की. हुगली जिले के आरामबाग में जनसभा को संबोधित करने के बाद कोलकाता लौटे मोदी राजभवन में अतिथि के तौर पर ठहरे हैं. शुक्रवार शाम करीब 5:00 बजे मोदी के राजभवन पहुंचते ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मुलाकात के लिए वहां पहुंचीं. राज्य सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री की कोलकाता में मौजूदगी के समय उनसे मुख्यमंत्री की यह शिष्टाचार मुलाकात है. हालांकि मुख्यमंत्री के करीबी सूत्रों ने बताया है कि अचानक ममता बनर्जी ने पीएम से मिलने की इच्छा जताई थी जिसके बाद प्रधानमंत्री ने सहमति दी.

### भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक संपन्न

# उम्मीदवारों के नाम पर हुआ मंथन

**भाषा। नयी दिल्ली**

भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए हुई मैराथन बैठक में करीब 16 राज्यों के लिए नामों पर विचार-विमर्श किया. ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि पहली सूची में कई दिग्गजों के नाम शामिल हो सकते हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह के अलावा सीईसी के अन्य सदस्य इस बैठक में शामिल हुए. इन नेताओं ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, असम, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा और उत्तराखंड जैसे राज्यों के लिए संभावितों नामों पर विचार-विमर्श किए. सीईसी की बैठक गुरुवार रात पार्टी मुख्यालय में करीब साढ़े दस बजे शुरू हुई और पांच घंटे से अधिक समय तक चली. सूत्रों ने बताया कि इससे पहले शाह और नड्डा ने मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की और विचार-विमर्श किया. सूत्रों ने बताया कि पहली सूची में मोदी, शाह और सिंह के नाम हो सकते हैं. मोदी वाराणसी से, शाह गांधीनगर से और सिंह लखनऊ से लोकसभा के सदस्य हैं.



### भारत जोड़ो न्याय यात्रा

## राहुल गांधी 10 मार्च को महाराष्ट्र में करेंगे रैली

**मुंबई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 10 मार्च को गुजरात से महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले में पहुंचेगी. पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यात्रा नंदुरबार से धुले, मालेगांव और नासिक तक जाएगी, जहां राहुल गांधी भगवान राम को समर्पित प्रसिद्ध कालाराम मंदिर और भगवान शिव को समर्पित त्र्यंबकेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे. पदाधिकारियों ने बताया कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी इसके बाद ठाणे जिले के भिवंडी में एक जनसभा को संबोधित करेंगे, इसके उपरांत यह यात्रा मुंबई में प्रस्तावित 'समापन सभा' के लिए रवाना होगी. समापन सभा 13 या 14 मार्च को होने की संभावना है.

### गैंगस्टर रोहित गोदारा ने ली हत्या की जिम्मेदारी

# बदमाशों ने बिजनेसमैन को मारी पंद्रह गोलियां, मौत

**भाषा। रोहतक**

हरियाणा के रोहतक में एक कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई. बताया जा रहा है कि बदमाशों ने कारोबारी को करीब 15 से 16 गोलियां मारी. जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की. मृतक की पहचान मुंजाल उर्फ गोदा (40) के तौर पर हुई है वह अपनी पत्नी, बच्चों और मां के साथ गुरुग्राम से संगरूर शादी समारोह में शिरकत करने जा रहे थे. रास्ते में रोहतक के लाखन माजरा कस्बे के पास वह एक होटल में खाना खाने के लिए रुके थे. तभी होटल एक सफेद रंग की कार में तीन चार बदमाश आए और उन पर फायरिंग कर दी.

### स्क्रैप कारोबारी की गोली मारकर हत्या

इस हत्या में नया मोड़ तब आया जब गैंगस्टर रोहित गोदारा और लारेंस बिश्नोई गैंग ने हत्या की जिम्मेदारी ली. उनका पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. मृतक के भाई अमित मुंजाल और उसके दोस्त दीपक ने बताया की लाखन माजरा के पास एक होटल पर सचिन की कुछ बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी.

## पाकिस्तान में नौ मार्च को होगा राष्ट्रपति चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को घोषणा की कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान नौ मार्च को होगा, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी का लगभग 11 साल बाद फिर से शीर्ष संवैधानिक पद हासिल करना लगभग तय है. जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने एक नोटिस में कहा कि राष्ट्रपति चुनाव नौ मार्च को नेशनल असेंबली और सभी प्रांतीय असेंबली में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक होगा. निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, संबंधित पद के लिए उम्मीदवार शनिवार दोपहर से पहले लाहौर, कराची, पेशावर और क्वेटा में निर्वाचन अधिकारियों के पास नामांकन पत्र दायर कर सकते हैं.

# रक्षा मंत्रालय ने 39,125 करोड़ रुपये के खरीद सौदे पर हस्ताक्षर किये

**भाषा। नयी दिल्ली**

रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को 39,125 करोड़ रुपये के पांच सैन्य खरीद सौदों पर हस्ताक्षर किये. मंत्रालय के मुताबिक, इनमें से एक समझौता हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ किया गया है, जिसके तहत मिग-29 विमान के लिए हवाई इंजन की खरीद की जाएगी. मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में बताया कि दो समझौते लार्सन एंड टूब्रो लिमिटेड के साथ किये गये हैं, जिसके तहत 'क्लोज-इन वेपन सिस्टम' (सीआईडब्ल्यूएस) और उच्च क्षमता वाले रडार की खरीद की जाएगी. मंत्रालय के मुताबिक, ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए दो सौदे ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ किये गये हैं. मंत्रालय ने बताया, ये समझौते स्वदेशी क्षमता को और मजबूत बनाने के साथ-साथ विदेशी मुद्रा बचाएंगे, साथ ही भविष्य में विदेशी उपकरण निर्माताओं पर निर्भरता कम करने में मदद करेंगे.



## टीएमसी के कुणाल घोष ने छोड़ा प्रवक्ता का पद

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष ने पार्टी के प्रवक्ता और प्रदेश महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से किए एक पोस्ट में लिखा, 'मैं टीएमसी का प्रदेश महासचिव और प्रवक्ता नहीं रहना चाहता. मैं सिस्टम में मिसफिट हूं. मैं पार्टी कार्यकर्ता बनकर रहना पसंद करूंगा. कृपया दलबदल की अफवाहों पर ध्यान दें'. उन्होंने एक्स पर अपना बायो भी बदल लिया है और पार्टी का नाम हटाकर खुद को सिर्फ पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता बताया है. इससे पहले गुरुवार को एक पोस्ट में कुणाल घोष ने बिना किसी का नाम लिए कटाक्ष किया था. उन्होंने लिखा था कि कुछ नेता अक्षम, स्वार्थी और गुटबाजी करने वाले हैं.

### राज्यसभा सदस्यों का मामला

# 33 प्रतिशत सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं दर्ज

**भाषा। नयी दिल्ली**

राज्यसभा के मौजूदा 225 सदस्यों में से 33 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है जबकि इन सांसदों की कुल संपत्ति 19,602 करोड़ रुपये है. चुनाव अधिकार निकाय एडीआर ने सांसदों के हलफनामों के विश्लेषण के आधार यह जानकारी दी है. इसके अलावा इन सांसदों में से 31 यानी 14 प्रतिशत अरबपति हैं. एडीआर ने यह भी कहा कि इनमें से 18 प्रतिशत सांसदों ने गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है, जिनमें हत्या और हत्या के प्रयास के मामले शामिल हैं. एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच द्वारा किए गए विश्लेषण में, दो राज्यसभा सदस्यों ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 के तहत हत्या से संबंधित मामलों जबकि चार सांसदों ने धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास से संबंधित मामलों की जानकारी दी है. रिपोर्ट के अनुसार, राज्यसभा के 225 मौजूदा सदस्यों में से 75 (33 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक और 40 (18 प्रतिशत) ने गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है.

## उग्रवादी संगठन के तीन सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने इंफाल वेस्ट जिले से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन केसीपी-एन के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किए हैं. एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई. बयान में कहा गया कि उनके पास से पांच मोबाइल फोन और चार लाख रुपये भी जब्त किए गए हैं. पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि इस बात का संदेह है कि उनके पास से जो हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं वे पूर्व में सुरक्षा बलों से लूटे गए थे. पुलिस नियंत्रण कक्ष की ओर से जारी बयान में कहा गया कि प्रतिबंधित संगठन केसीपी-एन के गिरफ्तार सदस्यों की पहचान एल एलिन, हेरिश माइबम और बेला ओइनम के रूप में की गई.

### कॅरियर-काउंसिलिंग

# डिजाइन इंजीनियरिंग कोर्स कर बना सकते हैं अपना कॅरियर

**रजनीश प्रसाद। रांची**

एक डिजाइन इंजीनियर, इंजीनियरिंग की हर फील्ड का हिस्सा माने जाते हैं. इसमें सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, केमिकल, टेक्सटाइल्स, एयरोस्पेस, न्यूक्लियर आदि स्ट्रीम शामिल हैं, तो मुख्य रूप से डिजाइन इंजीनियर उन प्रोडक्ट्स और सिस्टम्स पर काम करते हैं, जिनमें मैथमेटिकल और साइंटिफिक टेक्निक्स को अपनाने का प्रोसेस जुड़ा होता है. आसान भाषा में बात करें तो एक डिजाइन इंजीनियर कांसेप्ट और डिटेल डिजाइन डेवलप करते हैं, जो प्रोडक्ट के फंक्शन, परफॉर्मेंस और पर्पस के पूरे होने की गतिविधि को सुनिश्चित करते हैं. यह इंजीनियर्स की टीम के साथ काम करते हैं, जिनमें बाकी डिजाइनर्स भी इन्वॉल्व होते हैं. कई बार इस टीम में मार्केट आदि भी जुड़े होते हैं, जिनसे वह कस्टमर की जरूरत को और डायरेक्ट समझ पाते हैं. डिजाइन इंजीनियर होने का सबसे प्राइम पर्पस है कि आप अपनी साइंटिफिक नॉलेज को टेक्निकल प्रॉब्लम्स के सॉल्यूशन निकालने के लिए इस्तेमाल कर सकते हों. इस एक डिजाइन इंजीनियर होने का से महत्वपूर्ण फैक्टर है, जो हर फील्ड के इंजीनियर के साथ आपको जोड़ता है.



### डिजाइन इंजीनियर बनने के लिए कोर्सेज

- ऑटोमोटिव बॉडी डिजाइनिंग
- कंप्यूटर एडेड डिजाइनिंग कोर्स
- इंजीनियरिंग मैटेरियल कोर्स
- स्ट्रक्चरल डिजाइनिंग इन वूड कोर्स
- टूल डिजाइनिंग
- मैकेनिकल डिजाइनिंग इंजीनियरिंग कोर्स
- एयरक्राफ्ट बॉडी डिजाइनिंग कोर्स
- इंफास्ट्रक्चरल डिजाइनिंग
- प्लंबिंग डिजाइनिंग
- फायर फाइटिंग डिजाइनिंग

### डिजाइन इंजीनियर की पढ़ाई के लिए भारतीय संस्थान

- आईआईटी मद्रास
- आईआईटी दिल्ली
- आईआईटी बॉम्बे
- आईआईटी खड़गपुर
- पारुल यूनिवर्सिटी
- बीआईटीएस पिलानी
- पिल्लई कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग
- कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, एना यूनिवर्सिटी
- आईआईटी बीएचयू
- आईआईटी इंदौर

### डिजाइन इंजीनियर बनने के लिए प्रवेश परीक्षाएं

- निफ्ट इंट्रेंस एग्जाम
- यूसीईईडी
- सीईईडी
- एनआईडी एंट्रेंस एग्जाम

### स्कोप

- ऑटोमोटिव डिजाइन इंजीनियर
- इंस्ट्रक्शनल डिजाइनर
- सर्विस इंजीनियर
- वेंडर डेवलपमेंट इंजीनियर
- मैकेनिकल इंजीनियर
- ऑटोमोटिव एंसिलरी डेवलपमेंट इंजीनियर
- मेंटेंनेस इंजीनियरिंग एट ऑटोमोबाइल्स डीलरशिप्स
- प्रोडक्शन इंजीनियरिंग एट ऑटोमोबाइल्स प्लांट्स



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)